


ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते




वैशाख कृष्ण पक्ष 10, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), शुक्रवार, 03 मई 2024, वर्ष-30, अंक- 194, पृष्ठ-12 | मूल्य ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित


सेंसेक्स 74,611.11 ▲ +128.33
डॉलर 83.461 ▼ +0.049

**पलामू सर्राफा**

सोना (10 ग्राम) 70,880
चांदी (1 किलो) 81,200

## एक नजर

### तानशाही ताकतों को दें जवाब : कल्पना

**रांची।** गांडेय से झामुमो प्रत्याशी कल्पना सोरेन लगातार क्षेत्र का दौरा कर जनसंपर्क अभियान में जुटी हैं। गुरुवार को उन्होंने कहा कि झारखंड के वीर पुरखों और वीरांगनाओं के संघर्ष और शहादत से हमारे जल, जंगल, जमीन और अधिकारों की रक्षा हुई है। अपना हक-अधिकार लड़कर कैसा लेना है, यह हमारे पूर्वजों ने हमें सिखाया है। गांडेय विधानसभा की जनता से आग्रह है कि 20 मई को होने वाले उपचुनाव में तीर-धनुष पर बटन दबाकर तानशाही ताकतों को मुंह तोड़ जवाब देना है। हर जगह कल्पना सोरेन ने कार्यकर्ताओं के बीच झारखण्ड झुकेगा नहीं, इंडिया रुकेगा नहीं का नारा भी दे रही है।

### हेमंत की न्यायिक हिरासत और 14 दिनों के लिए बढ़ाई

**रांची।** बड़गाई अंचल की जमीन घोटाले मामले के आरोपित जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, निलंबित उप राजस्वकर्मी भानु प्रताप प्रसाद और फर्जी दस्तावेज तैयार करने के मास्टरमाइंड मोहम्मद सद्दाम की पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में हुई। गुरुवार को कोर्ट ने तीनों की न्यायिक हिरासत की अवधि 16 मई तक के लिए बढ़ा दी है। इस प्रकार उन्हें कम से कम 14 दिनों तक और जेल में रहना होगा। मामले में अगली पेशी 16 मई को होगी। मामले को लेकर ईडी ने ईसीआईआर 6/2023 दर्ज किया है। मामले में भानु प्रताप प्रसाद, हेमंत सोरेन सहित पांच के खिलाफ ईडी आरोप पत्र भी दाखिल कर चुकी है।

### आज के मैच




समय : 03 मई, 7:30 बजे से
स्थान : मुंबई

### आजकल




## रोड शो को लेकर प्रशासन की व्यापक तैयारी, सुरक्षा में एक हजार जवान तैनात

# पीएम का चाईबासा में सभा आज, रांची में करेंगे रोड शो

### दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन शनिवार को पलामू और लोहरदगा में करेंगे जनसभा

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन मई (शुक्रवार) को दो दिवसीय झारखंड दौरे पर आ रहे हैं। प्रधानमंत्री तीन मई को चाईबासा में सिंहभूम से भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा, केंद्रीय मंत्री व खूंटी से भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा और जमशेदपुर से भाजपा प्रत्याशी विद्युतवरण महतो के समर्थन में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। उसके बाद शाम चार बजे रांची में उनका भव्य रोड शो होगा। मालूम हो कि चाईबासा सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र में ही है वहीं यह जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र से बिलकुल सटा हुआ है। वहीं खूंटी लोकसभा क्षेत्र का सरायकेला-खरसावां भी चाईबासा के निकट है। प्रधानमंत्री शुक्रवार की शाम चाईबासा से रांची आएंगे। बिरसा मुंडा हवाई अड्डा से राजभवन जाने के दौरान प्रधानमंत्री का रोड शो होगा। दूसरे दिन 4 मई (शनिवार) को प्रधानमंत्री पलामू और लोहरदगा जाएंगे। सबसे पहले पलामू में वह भाजपा प्रत्याशी वीडी



राम के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे वहां से लौटते हुए 12:45 बजे लोहरदगा लोस क्षेत्र के सिसई में में समीर उरांव के समर्थन में भी जनसभा में भाग लेंगे।

**भारत माता चौक से रातू रोड तक रोड शो :** प्रधानमंत्री के रोड शो को लेकर जिला प्रशासन पूरी तैयारी में जुटा है। इस दौरान सुरक्षा में किसी तरह की कोई चूक ना हो, इसके लिए रांची पुलिस ने सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया है। प्रधानमंत्री का रोड शो जिस रास्ते से गुजरेगा वहां सड़क के दोनों ओर पांच से छह फुट का स्थान छोड़ बैरिकेडिंग की जा रही है ताकि उस स्थान में प्रधानमंत्री को देखने वाले खड़ा हो सकें। इस दौरान सड़क पर लगने वाले ठेला-खोमचे वालों को गुरुवार से ही गलियों में भेज दिया गया है। रोड शो के दौरान प्रधानमंत्री की सुरक्षा में जिला पुलिस और केंद्रीय बल के करीब एक हजार जवान तैनात रहेंगे। बताया गया कि बिरसा मुंडा राजपथ पर हिनू चौक, बिरसा चौक, डीपीएस चौक, अरगोड़ा चौक, भाजपा प्रदेश कार्यालय, हरमू चौक, सहजानंद चौक, कार्तिक उरांव चौक पर लोग प्रधानमंत्री का स्वागत हजारों की संख्या में कतारबद्ध होकर करेंगे। वहीं भारत माता चौक से बाल्मिकी नगर,किशोरगंज चौक,गाड़ी खाना चौक,मारवाड़ी भवन गौशाला,गिरधर प्लाजा, रातू रोड चौक तक प्रधानमंत्री जी रोड शो करेंगे।

### पुलिस अधिकारियों ने की बैठक

प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर गुरुवार को जिले के वरिष्ठ अधिकारियों ने विस्थापित भवन धुर्वा में विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में रांची आईजी अखिलेश झा, आईजी पंकज कंबोज, डीआईजी अनूप बिरथरे, एसएसपी चंदन सिन्हा, एसटीएफ एसपी प्रियदर्शी आलोक और एटीएस ऋषट्टा झा समेत कई पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

## शहजादे को पीएम बनाने के लिए पाकिस्तान उतावला

■ **पाकिस्तान-कांग्रेस पार्टनरशिप पूरी तरह एक्सपोज हो गई है**

**आणंद।** लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण से पहले गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फिर आक्रमक दिखे। उन्होंने पाकिस्तान का जिक्र करते हुए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर तंज कसा। कहा, पाकिस्तानी नेता कांग्रेस के लिए दुआ कर रहे हैं और शहजादे को भारत का प्रधानमंत्री बनाने के लिए पाकिस्तान उतावला है। दरअसल, पीटीआई प्रमुख इमरान खान के करीबी और पाकिस्तान के पूर्व मंत्री फवाद चौधरी ने एक्स पर राहुल गांधी का समर्थन करते हुए एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें राहुल गांधी अयोध्या में हुए रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का जिक्र कर मोदी और भाजपा पर निशाना साध रहे हैं। फवाद चौधरी ने इस वीडियो को एक्स पर रिपोस्ट करते हुए लिखा, 'राहुल ऑन फायर'। पाकिस्तानी नेता फवाद चौधरी के इसी पोस्ट को लेकर पीएम मोदी ने गुजरात के आणंद में राहुल गांधी



को निशाने पर लिया। कहा, संयोग देखिए, आज भारत में कांग्रेस कमजोर हो रही है। सूक्ष्मदर्शी यंत्र लेकर भी कांग्रेस को ढूढंना मुश्किल हो रहा है। लेकिन मजे की बात ये है कि यहां कांग्रेस मर रही है और वहां पाकिस्तान रो रहा है। वहां के नेता कांग्रेस के लिए दुआ कर रहे हैं। शहजादे को प्रधानमंत्री बनाने के लिए पाकिस्तान उतावला है, कांग्रेस तो पहले से पाकिस्तान की मुरीद है ही। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान और कांग्रेस की ये पार्टनरशिप अब पूरी तरह एक्सपोज हो गई है। देश के दुश्मनों को आज भारत में मजबूत सरकार नहीं, कमजोर सरकार चाहिए। देश के दुश्मनों को 2014 से पहले की सरकार चाहिए। पीएम मोदी ने आगे कहा, जितने साल हमारे देश में कांग्रेस सरकार रही, बड़ा हउआ था पाकिस्तान का। पाकिस्तान के आतंक का टायर पंचर हो गया है। जो देश कभी आतंकी एक्सपोर्ट करता था वो आटे के इम्पोर्ट के लिए दर-दर भटक रहा है। जिसके हाथ में कभी बम गोला था उसके हाथ में आज भीख का कटोरा है। कांग्रेस की कमजोर सरकार आतंक के आकाओं को डोजियर देती थी। हम डोजियर पर अपना टाइम खराब नहीं करते, आतंकियों को घर में घुसकर मारते हैं।

### भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह के पक्ष में चुनावी सभा

## कांग्रेस ने जो काम 60 वर्षों में नहीं किया उसे मोदी जी ने 10 वर्षों में कर दिखाया : मौर्य

नवीन मेल संवाददाता

**नीलांबर- पीतांबरपुर।** कांग्रेस पार्टी का इतिहास ही काले कारनामों से भरा हुआ है। कांग्रेसियों ने देश को सिर्फ लूटने का काम किया है। कांग्रेस पार्टी जो काम 60 वर्षों में नहीं कर सकी उसे मोदी जी ने 10 वर्षों में कर दिखाया है। पार्टी ने इस बार एक साधारण कार्यकर्ता को टिकट दिया है। आपलोग इन्हें जिताकर दिल्ली भेजें। दिल्ली इन्हें नई जिम्मेवारी देने का काम करेगी। उक्त बातें उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कही। वे गुरुवार को



लेस्लीगंज मध्य विद्यालय मैदान में भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस बार का चुनाव विकसित भारत बनाने के लिए तथा समान नागरिक संहिता लाने के लिए एवं पीओके पर तिरंगा झंडा फहराने के लिए है। कांग्रेस,झामुमो राजद जैसे इंडी गठबंधन के ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## आठवीं पास युवक ने शुरू की स्टार्ट अप आंवले से बना डाली खास तरह की नमक

### 3000 रुपये प्रति किलो तक बिकती है यह नमक, कब्ज और पाचन तंत्र के लिए है उपयोगी

राणा अरुण सिंह

**मेदिनीनगर।** पलामू में प्रतिभा की कमी नहीं है। कई ऐसे युवा हैं जो मेहनत की बदौलत अपनी खास पहचान बनाने में सफल हो जाते हैं। राष्ट्रीय नवीन मेल ऐसे ही युवा की सफलता की कहानी लेकर आया है। स्टार्ट अप योजना से प्रभावित होकर रेड़मा डालटनगंज के आठवीं पास युवक आयुर्वेद की



मोटी-मोटी किताबों को पढ़कर कई जन औषधि तैयार कर ली है। जिसकी बाजार में काफी मांग है। आंवला से तो सभी परिचित हैं। पांडेय ने आंवला से खास विधि का इस्तेमाल कर एक नमक तैयार किया है। जो 3000 रुपये प्रति किलो तक बिक रहा है। इस नमक को तैयार करने में डेढ़ माह का समय लगता है। पूरी तरह प्रोसेस करने के बाद यह मांग के अनुरूप तैयार हो पाता है। पांडेय बताते हैं कि देखने में यह नमक काला होता है,लेकिन इसके कई फायदे हैं। पेट में गैस, कब्ज के लिए यह विशेष लाभकारी है। वे बताते हैं कि आंवले व सेंधा नमक समेत कई औषधियों को ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### एक से दो ग्राम तक ही खाना है नमक

आंवले से तैयार नमक के संबंध में शिव कुमार पांडेय बताते हैं कि भोजन के बाद दो ग्राम से 8 ग्राम तक ले लिया जा सकता है। यह पाचन तंत्र को मजबूत करता है। मेरे जान-पहचान वाले लोग ही इसे मांगते हैं। उनके मांगने को ही ध्यान में रखकर ही यह नमक किया जाता है। संजीवनी फेसवाश, मुन्नकाप्राश, आंवला नमक, नींबू का तेल इत्यादि इनका प्रमुख उत्पाद है। इनका वे बहुत ही जल्द ही इनका पेंटेंट करवाने वाले हैं।

## सीबीआई पर केंद्र का कोई नियंत्रण नहीं है : केन्द्र

### केन्द्र कर रही सीबीआई ,ईडी का दुरुपयोग-विपक्ष

-ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय के जस्टिस बीआर गवई व जस्टिस संदीप मेहता की बेंच में प.बंगाल सरकार की एक याचिका पर सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार वकील तुषार मेहता ने कहा कि सीबीआई पर केंद्र का कोई नियंत्रण नहीं है। बंगाल सरकार की तरफ से कई मामलों में जांच सीबीआई को दिये जाने के विरूद्ध दायर याचिका को लेकर केंद्र सरकार ने यह बात कही है। पश्चिम बंगाल सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर की है कि सीबीआई ने कई मामलों में जांच के लिए राज्य सरकार से इजाजत नहीं ली है। बंगाल सरकार ने संविधान के अनुच्छेद 131 के तहत केंद्र के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में मामला दायर किया। इसमें आरोप लगाया गया है कि सीबीआई एफआईआर दर्ज कर रही है और अपनी जांच को आगे बढ़ा रही है। ऐसा उस समय हो रहा है, जब राज्य ने अपने अधिकार क्षेत्र में संघीय एजेंसी को मामले की जांच के लिए दी गई आम सहमति वापस ले ली है। अनुच्छेद 131 केंद्र और एक या ज्यादा राज्यों ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## सनातन धर्म के सम्मान के लिए भाजपा को चुनें : पुष्कर धामी

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** रांची मोरहाबादी मैदान में संजय सेठ के नामांकन में शामिल होने आने वाले कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि विकसित भारत के लिए, मजबूत नेतृत्व के लिए, भ्रष्टाचार के अंत के लिए और सनातन धर्म के सम्मान के लिए भाजपा को चुनें। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का गैंग तुष्टीकरण का जहर घोल रही है। यह आपका अधिकार छीनकर एक विशेष समुदाय को देना चाहती है। हमें भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण और परिवारवाद की सोच को सत्ता में आने से रोकना है। धामी ने कहा कि केन्द्र में 10 साल के कार्यकाल में प्रधानमंत्री ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी और संजय सेठ ने किया नामांकन

**रांची।** कोडरमा लोकसभा सीट के लिए भाजपा प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने गुरुवार को कोडरमा के डीसी नमन प्रियेश लकड़ा के समक्ष तीन सेट में नामांकन का पर्चा दाखिल किया। इस दौरान उनके साथ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, भाजपा जिला अध्यक्ष महादेव दुबे, कोडरमा विधायक डॉक्टर नीरा यादव, जमुआ विधायक केदार हाजरा, पूर्व विधायक ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



## कार-बाइक की टक्कर में दंपति व दो बच्चों की मौत, एक गंभीर

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची में कार-बाइक की टक्कर में होमगार्ड जवान पंकज कुमार, उसकी पत्नी और दो बच्चों की मौत हो गई।



हादसे में घायल इस परिवार के आखिरी चिराग की हालत नाजुक है। यह हादसा बुधवार रात खलारी थानान्तर्गत भेलवाटांड़ में हुआ है। सड़क हादसे में हताहत इस परिवार के पांचों सदस्य बाइक पर थे। खलारी डीएसपी राम नारायण चौधरी ने इसकी पुष्टि की है। डीएसपी चौधरी ने बताया कि पंकज चतरा जिले में तैनात थे। हादसे में पंकज, उसकी पत्नी गुड़िया देवी, पुत्र राजदीप और बेटी सलोनी की मौत हो गई। इस हादसे में उनके पुत्र दीपराज का इलाज रांची के रिम्स अस्पताल में चल रहा है। होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन के अनुसार, हादसे का शिकार हुए ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## इंडिया

## भारी कुव्यवस्था को तकनीकी से दूर कर सकते हैं सरकारी अस्पताल



सुनील बादल

**सबसे** बड़े सरकारी और निजी अस्पतालों में अंतर सिर्फ चमक दमक का नहीं होता। अधिकांश सरकारी अस्पताल अनपढ़ से लेकर ऐसे लोगों तक का इलाज करते हैं जो पहली बार शहर आते हैं और डॉक्टर भी निजी अस्पतालों से कम जानकार नहीं होते पर दोनों के कामकाज में स्पष्ट अंतर होता है - कुव्यवस्था,कुप्रबंधन और अनुशासनहीनता का। बड़े सरकारी अस्पतालों में सुरक्षा कर्मी से लेकर व्यवस्था संभालने और सफाई व्यवस्था तक को भ्रष्टाचार और अहंकार मुक्त करने के लिए निजी पेशेवर लोगों को संचालन दिया जाए तो सही अर्थों में जनता जनार्दन की सेवा होगी और करदाताओं के पैसों का सदुपयोग भी।


राजधानी रांची के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल रिम्स से लेकर लगभग सभी सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भारी भीड़ और गंदगी के बीच कुप्रबंधन से जूझते हुए ग्रामीण और जनजातीय समुदाय के असहाय लोग मिल जाते हैं जो महंगे निजी अस्पतालों में अपना इलाज नहीं करा सकते। आयुष्मान कार्ड पर पांच लाख तक के निःशुल्क इलाज की व्यवस्था है पर ज्यादातर लोग वहां डर से नहीं जाते । जबकि सरकारी अस्पतालों में फर्श पर लेटे हुए मरीज या परिजन और निःशुल्क उपलब्ध दवाओं या सुविधाओं के लिए कर्मचारियों या नर्सों के आगे रिरियाते लोगों का मानना होता है कि इस बार जान बच जाए तो दुबारा यहां न आएं। जबकि दूसरी ओर इन अस्पतालों में सबसे अच्छा इलाज होता है क्योंकि डॉक्टर जानकार और अनुभवी होते हैं । रांची के आरएमसीएच के नाम से जाने जाने वाले मेडिकल कॉलेज को उत्क्रमित कर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के रूप में विकसित किया गया और इसे एम्स दिल्ली की तरह बताया गया। आज हजारों लाखों लोगों का इलाज रिम्स में होता है और बहुत से लाचार गरीब और असहाय लोगों की जान की रक्षा रिम्स में होती है लेकिन दूसरी तरफ जो मध्यम वर्गीय या निम्न मध्यम वर्गीय मरीज वहां पर इलाज के लिए जाते हैं वहां की भारी अव्यवस्था,कुप्रबंधन और पुराने तौर तरीकों से इतने परेशान होते हैं कि कई बार घर जमीन बंधक रखकर निजी अस्पताल चले जाते हैं। इस समस्या के मूल कारण पर अगर विचार करें तो हम पाएंगे की रांची के जो बड़े निजी अस्पताल है या देश के निजी अस्पताल है उन्होंने उन कमियों को दूर किया जिससे गंदगी अव्यवस्था और कुप्रबंधन होता है उन्होंने पारंपरिक सरकारी कर्मियों के स्थान पर युवाओं को और महिलाओं को नियुक्त किया जो उसे सुप्रशिक्षित और सहनशील होते हैं ।उनकी सुविधा के लिए बड़े पैमाने पर प्रशिक्षित निजी सुरक्षा गार्ड्स की बहाली प्रायः सभी निजी अस्पतालों में होती है जो अस्पताल पहुंचने वाले मरीज से लेकर उनके परिजन को न सिर्फ गाइड करते हैं बल्कि उनकी सुख सुविधाओं का भी ध्यान रखते हैं ।यह संख्या हजारों में नहीं गिनती को होती है जो अस्पताल में रजिस्ट्रेशन से लेकर रिपोर्ट तक या इलाज से संबंधित सारी जानकारी तत्परता से देते हैं जिससे भीड़ भी नहीं लगती और इलाज में परेशानी कम होती है। रांची में एक सरकारी क्षेत्र का ही बड़ा अस्पताल एचइसी था जिसे पीपीपी मोड में पारस के साथ समझौते के आधार पर एक बहुत ही सुव्यवस्थित निजी अस्पताल की तरह विकसित किया गया जिसमें लगभग विश्व स्तरीय व्यवस्था प्रबंधन और इलाज हो रहा है। रिम्स जैसे सरकारी अस्पतालों को सुधारने में इसी तरह की की बहाली और प्रबंधन की आवश्यकता आज के दिन जान पड़ती है जो कम पढ़े-लिखे या अशिक्षित गरीब ग्रामीण या जनजातीय समुदाय के लोगों को न सिर्फ गाइड करेंगे बल्कि उनकी परेशानियों को लगभग लगभग दूर कर पाएंगे जबकि रिम्स में इसके ठीक उल्टा होता है। सुरक्षाकर्मी बाहरी दलालों के साथ मिलकर उन्हें उल्टा सीधा समझा कर जांच के नाम पर ठगी या आर्थिक शोषण करते हैं। ट्रॉली तक उन्हें उपलब्ध कराने में पैसे देने पड़ते हैं कई बार मरीज खुद ट्रॉली धकेल कर ले जाते हैं। कई लिफ्ट खराब है सफाई व्यवस्था बिल्कुल चौपट स्थिति में है इन सारी समस्याओं का समाधान रिम्स जैसे सभी बड़े सरकारी अस्पतालों को भी पीपीपी मोड में निजी हाथों को देना उचित जान पड़ता है। रही बात सरकारी चिकित्सकों की निश्चित रूप से उनकी सेवाएं बची रहे और अनेक जो डॉक्टर है वह बहुत ही सेवा भाव से काम करते हैं उनकी जानकारी पर भी संदेह नहीं किया जा सकता लेकिन उन्हें एक अच्छा माहौल देने के लिए गैर चिकित्सीय और सहयोगी स्टाफ को निजी क्षेत्र से ही लिया जाना चाहिए ना की नौकरी देने के नाम पर जनता की गाड़ी कमाई के पैसे बर्बाद कर गंदगी को व्यवस्था और परेशानी खड़ी करनी चाहिए सरकार को इस दिशा में कड़ी पहल करनी चाहिए अन्यथा एक दिन ऐसा होगा जब मामला न्यायालय तक जाएगा और वहां से कड़े निर्देश देने के बाद यही कार्य किया जाएगा। जनता की गाढ़ी कमाई से चलने वाले ये मेडिकल अस्पताल बहाली से लेकर संचालन में भ्रष्टाचार और गैर पेशेवर रवैए के कारण भी इस दुर्दशा के शिकार हैं।

## अमित शाह फेक वीडियो मामले में दिल्ली पुलिस के सामने पेश नहीं हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष

### 'एक्स' ने झारखंड कांग्रेस के अकाउंट पर लगाई रोक

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के फेक वीडियो मामले में दिल्ली पुलिस लगातार एक्शन मोड में है। इसी कड़ी में दिल्ली पुलिस ने गुरुवार को झारखंड कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर को दिल्ली तलब किया था जिस पर उन्होंने अपनी प्रतिक्रिया दी है। राजेश ठाकुर ने कहा कि वह अभी दिल्ली नहीं जा रहे हैं। उन्होंने दिल्ली पुलिस से पूछा है कि आखिर 16 लोगों को नोटिस क्यों भेजा गया है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि चुनाव में व्यस्त हूं, इसलिए फिलहाल नहीं आ सकता, दिल्ली पुलिस को पत्र के माध्यम से जवाब भेजा जाएगा। दरअसल, कहा जा रहा है कि झारखंड कांग्रेस के सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' से



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के भाषण का एडिटेड फर्जी वीडियो अपलोड किया गया है। इस मामले के बाद 'एक्स' ने झारखंड कांग्रेस के अकाउंट पर रोक लगा दी है। दिल्ली पुलिस ने झारखंड कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर को सीआरपीसी की धारा 160/91 के तहत समन भेजकर 2 मई को दिल्ली पुलिस के समक्ष पेश होने को कहा था। इस दौरान उन्हें अपना मोबाइल, लैपटॉप, टैबलेट या किसी अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण को साथ लाने को कहा गया था, जिसका इस्तेमाल फर्जी वीडियो शेयर करने में किया गया हो सकता है।

## एक नजर

### दुष्कर्म का मामला दर्ज

**पाटन।** प्रखंड क्षेत्र में एक महिला के साथ दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता ने इस संबंध में थाना को आवेदन दिया है। जिसमें कहा गया है कि 55 वर्षीय व्यक्ति ने दुष्कर्म का प्रयास किया है। वह घर में अकेली थी, इसी बात का फायदा उठाकर उस व्यक्ति ने दुष्कर्म करने का प्रयास किया। इस संबंध में पाटन थाना में मामला दर्ज कराया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि दुष्कर्म के आरोपी के खिलाफ छापेमारी की जा रही है। जल्दी ही पुलिस आरोपी को पकड़ा लेगी।

### दुलारे सिंह इंटर कॉलेज के 90 प्रतिशत छात्रों ने मारी बाजी

**सगालीम।** दुलारे सिंह इंटर कॉलेज के 90 प्रतिशत विद्यार्थियों ने सफलता पायी है। जैक द्वारा इंटर का परीक्षाफल जारी किया गया है। दुलारे सिंह इंटर कॉलेज, कोटेया के विद्यार्थियों ने श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। कॉलेज के सचिव वेद प्रकाश सिंह सफल परीक्षार्थियों को शुभकामना देते हुए इस बात की जानकारी दी। पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष और भी अच्छा रिजल्ट रहा। सिंह ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### चेन्नई से घर वापस आ रहा युवक रास्ते में गुम, सनहा दर्ज



**नौडीहा बाजार।** प्रखंड के पंचायत चराई 2 अंतर्गत ग्राम शिघना निवासी 20 वर्षीय महेंद्र कुमार पिता सुरेश यादव ने 2023 के दिसंबर में ही गया था। जो की मजदूरी कर घर वापस लौट रहा 23 अप्रैल को चेन्नई से मजदूरी कर 9 बजे ट्रेन पकड़ा,उसके बाद से परिजन का महेन्द्र से कोई संपर्क नहीं हो पाया है, फोन भी बंद बता रहा है। अब तक लौट कर घर आने का कोई खबर नहीं है। परिजन ने काफी कॉल लगाने के प्रयास किया गया, लेकिन कोई कॉल नहीं लगा। महेंद्र के परिजनों ने तत्काल नौडीहा बाजार थाना में सनहा दर्ज कराया है। वहीं पुलिस जांच में जुट गयी है।

### मारपीट में दोनों पक्षों के चार लोग घायल

**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र के एकौनी गांव में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट में चार लोग घायल हो गये। घायलों में प्रथम पक्ष के 50 वर्षीय भोला यादव और 21 वर्षीय संतोष कुमार यादव उम्र को चोट लगी है। वहीं घायलों में दूसरे पक्ष के 35 वर्षीय गंगा यादव और 19 वर्षीय लवकुश यादव का नाम शामिल है। चारों घायलों का इलाज हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में चल रहा है। इस घटना की जानकारी दोनों पक्षों के द्वारा थाना को दे दी गई हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बाइक से गिरकर युवक घायल, रेफर

**हुसैनाबाद।** जपला पथरा मुख्य सड़क के लंगरकोट गांव के समीप बुधवार की रात्रि बाइक से गिर कर संजय चौधरी नामक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने घायल अवस्था में उक्त युवक को हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां प्रारंभिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। बताया जाता है कि पुलिस के डर से वह बाइक तेज गति से लेकर भागने के कारण बाइक से गिर गया।

### श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ की तिथि बदली

**सतबरवा।** रामघाट सूर्य मंदिर के प्रांगण में श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष निर्दोष कुमार व संचालन श्रवण प्रसाद ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से रामघाट में होने वाले श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ जो होना था। अब वह कड़ी धूप एवं लहर को देखते हुए निर्णय लिया गया कि यज्ञ का कार्यक्रम में पहले 4 मई 2024 से 8 मई 2024 तक होना था। जिसे समय को परिवर्तन कर गंगा दशहरा के समय में 16 जून से 20 जून 2024 तक करने का निर्णय लिया गया। बैठक में संतोष प्रसाद, सुरेंद्र प्रसाद, ददन प्रसाद, मुन्ना प्रसाद, वीरेंद्र प्रजापति, संतोष प्रजापति, महेंद्र सिंह के साथ समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे।

# गोलीचालन के विरोध में व्यवसायी संघ व छतरपुर विकास मंच ने एसडीपीओ को सौंपा ज्ञापन

नवीन मेल संवाददाता



**छतरपुर।** प्रखंड में बढ़ते अपराध को रोकने और अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग छतरपुर की जनता ने की है। एक दिन में दो-दो गोलीचालन की घटना से लोगों में दहशत के साथ आक्रोश व्याप्त है। क्षेत्र में अमन चैन कायम रखना और अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई को लेकर व्यवसायी संघ के अध्यक्ष बीरेंद्र प्रसाद और छतरपुर विकास मंच के संस्थापक अध्यक्ष सह समाजसेवी अरविंद गुप्ता चुनमुन के द्वारा पांच सूत्री ज्ञापन सौंप कर कार्रवाई करने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि शांतिपूर्ण और अमन चैन के साथ रहने वाले छतरपुर इलाके को किसी की नजर लग गयी है। हाल के दिनों में हुई आपराधिक घटनाओं ने प्रशासन की विफलता भी उजागर की है। साथ ही लोगों में दहशत के साथ-साथ आक्रोश भी व्याप्त है। ज्ञापन में कहा गया है कि 30 अप्रैल को छतरपुर में हुए संतोष साहू गोलीकांड और संजय डोम की हत्या की एसआईटी गठन कर जांच कराई जाए और अपराधियों को कड़ी सजा दिलाई जाए। शहर के विभिन्न संवेदनशील जगहों पर खास कर जपला मोड़ और सरैडीह मोड़ पर पुलिस बलों की तैनाती सुनिश्चित की जाए। गत माह पूर्व मदनपुर निवासी नरेश ठाकुर, हरिहरगंज निवासी शुभम गुप्ता, लोहराही निवासी धीरज प्रजापति के हत्या के आरोपियों को गिरफ्तार किया जाए। ज्ञापन में कहा गया है कि अगर उपरोक्त समस्या के मद्देनजर पुलिस ने कार्रवाई नहीं की तो व्यवसायी और नगरवासी चरणबद्ध आंदोलन करने को विवश हो जाएंगे। वहीं एसडीपीओ नौशाद आलम ने लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि अपराधी की शिनाख्त कर ली गयी है और वह जल्द ही गिरफ्त में होगें। व्यवसायी संघ के अध्यक्ष बीरेंद्र प्रसाद ने कहा कि पुलिस सख्त कार्रवाई कर इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाए अन्यथा आंदोलन होगा।

छतरपुर पलामू नगर पंचायत अंतर्गत खाटीन ग्राम निवासी संतोष साव को देखने मेडिका अस्पताल रांची में इंजीनियर सुरेश कुमार, अध्यक्ष उम्मीदवार, नगर पंचायत छतरपुर मेडिका अस्पताल पहुंचे। वहां परिजनों से मिलकर उन लोगों का मनोबल बढ़ाया और संतोष साव को जल्दी ठीक होने के लिए भगवान से प्रार्थना की। इंजीनियर सुरेश कुमार ने स्थानीय विधायक पति मनोज कुमार से आर्थिक मदद के लिए अनुरोध किया। मनोज कुमार हर संभव मदद करने के लिए आश्वासन दिया। संतोष से मिलने के लिए चंदन सिन्हा, केंद्रीय सदस्य, (झारखंड मुक्ति मोर्चा) भी पहुंचे थे। परिजनों में संतोष कुमार के भाई अनिल साव, राजू साव, एवम अन्य रिश्तेदार मौजूद थे। इंजीनियर सुरेश कुमार ने छतरपुर में बढ़ती अपराधी घटनाओं को लेकर काफी चिंता व्यक्त की।

### गोलीचालन के दो आरोपी धराए



**छतरपुर।** 29 अप्रैल को छतरपुर थाना क्षेत्र के खाटीन बालिका मध्य विद्यालय के समीप संतोष प्रसाद को गोली मारी गई थी। इस कांड में संलिप्त आशुतोष सिंह और रोशन सिंह को पुलिस ने किया गिरफ्तार। पुलिस ने उनके पास दो देशी कट्टा और तीन जिंदा गोली बरामद किया है। छत्तरपुर एसडीपीओ नौसाद आलम, थाना प्रभारी राजेश रंजन के नेतृत्व में हुई कार्रवाई। पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने मामले की दी है जानकारी।

### बुजुर्ग मतदाताओं ने होम वोटिंग के तहत बैलेट पेपर से किया मतदान



**पाटन।** प्रखंड अंतर्गत 9 बुजुर्ग /दिव्यांग जिनकी उम्र 85 साल से ज्यादा है। उन्होंने होम वोटिंग के तहत घर पर लोकसभा का मतदान किया। इसके तहत मेराल, कार्के कला, गहर पथरा, कारिहार गांव के रहने वाले 9 मतदाताओं ने मतदान किया। बीडीओ अमित कुमार झा मतदान कर्मियो के साथ होम वोटिंग करवाने उनके घर पहुंचकर मतदान करवाया। बीडीओ अमित झा ने बताया कि ये बुजुर्ग मतदाता वोटिंग सेंटर तक नहीं जा सकते हैं। निर्वाचन आयोग द्वारा पहली बार 85 साल से ज्यादा उम्र के मतदाता जो मतदान केंद्र तक नहीं जा सकते हैं, होम वोटिंग की पहली बार प्रयोग में लाई गई है। मौके पर जीपीएस अहमद हुसैन मौजूद रहे।

### इंटर साइंस में बेहतर प्रदर्शन करने वाले परीक्षार्थी सम्मानित

**हरिहरगंज।** हरिहरगंज नदी रोड स्थित इनोवेटिव एंड स्मार्ट क्लासेस कोचिंग सेंटर में गुरुवार को सम्मान समारोह का आयोजन कर जैक इंटर साइंस परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। संचालक इंजीनियर वाल्टर के द्वारा सफल परीक्षार्थियों को मोमेंटो व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। बता दें कि इंटर साइंस में मुस्कान ने 88.8 प्रतिशत (444) अंक लाकर प्रखंड में दूसरा स्थान लाकर संस्थान व क्षेत्र का नाम रोशन किया। जबकि सिम्पी कुमारी 87.2, पवन 87, सुहानी 86.8, विशाल 86.8, श्वेता 86.4, प्रीति 85.4, प्रिय रंजन 83.2, मुकुल 82.4 प्रतिशत लाने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया। मौके पर इंजीनियर संजीत कुमार, इंजीनियर अंकित पाठक, शिक्षिका प्रिया कुमारी, शबाना परवीन, पायल कुमारी, निधि कुमारी आदि मौजूद थे।

**नक्सलियों ने पोस्टर चिपकाकर वोट बहिष्कार का किया आह्वान**

# घबराने की जरूरत नहीं, बेखौफ मतदान करें : थाना प्रभारी

नवीन मेल संवाददाता



**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हैदरनगर थाना क्षेत्र में बुधवार की रात्रि भाकपा माओवादियों ने पोस्टर चिपकाकर लोकसभा चुनाव बहिष्कार करने का आह्वान किया है। थाना क्षेत्र के बरेवा व भदुआ गांव में पोस्टर चिपकाया गया है। प्रतिबंधित संगठन भाकपा माओवादियों द्वारा पोस्टर चिपकाने से आम लोगों में दहशत कायम हो गया है। पोस्टर में 18वीं लोकसभा चुनाव का बहिष्कार, मोदी सरकार के नीति का विरोध व आरपीसी के गठन का जिक्र किया गया है। जानकारी के अनुसार गुरुवार की सुबह ग्रामीणों ने बरेवा ग्राम के पैक्स गोदाम बूथ संख्या 60 व बरेवा आंगनबाड़ी भवन पर भाकपा माओवादियों के चिपकाया पोस्टर देखा तो होश उड़ गए। ग्रामीण दहशत में आ गए। सभी पोस्टरों को पुलिस ने जब्त कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जिन जगहों पर पोस्टर चिपकाये गये थे, उसके आसपास के लोगों से इस संबंध में पुलिस ने पूछताछ की है। क्षेत्र में सर्च अभियान चलाए जा रहे हैं। बता दें कि यह क्षेत्र पूर्व में नक्सल प्रभावित क्षेत्र रहा है, लेकिन पिछले कई सालों से यहां शांति कायम रही है। 13 मई को लोकसभा चुनाव के लिए वोटिंग होनी है। इससे पहले लोगों में दहशत फैलाने व अपनी मौजूदगी दर्ज करने के लिए माओवादियों ने पोस्टर चिपकाया है। थाना प्रभारी अफजल अंसारी ने बताया कि मामले की गहन जांच की जा रही है। लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है। मतदान के दिन लोग बेखौफ होकर मतदान करने के लिए अपने घरों से निकलें। वोट बहिष्कार कराने वालों की साजिशों को पुलिस नाकाम करेगी। सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद है।

### प्रभारी प्रधानाध्यापक का आकस्मिक निधन क्षेत्र में शोक की लहर

**विश्रामपुर।** प्रखंड अंतर्गत सिगसिगी पंचायत के बरवाबांध स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक सह शिक्षक नेता देवनारायण पांडेय उर्फ मोहन पांडेय का मंगलवार की रात आकस्मिक निधन हो गया। जिसके बाद क्षेत्र के शोक की लहर व्याप्त हो गई। परिजनों के मुताबिक रेहला स्थित आवास पर मंगलवार के दोपहर उनकी तबीयत अचानक खराब हो गई। उन्हे तत्काल विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें गढ़वा सदर अस्पताल ले जाया गया। जहां देर शाम उनका निधन हो गयी। स्व. पांडेय अपने पीछे पत्नी और दो बेटी छोड़ गए हैं।

# पीएम नरेंद्र मोदी का चुनावी जनसभा होगी ऐतिहासिक : अमित तिवारी

**चार मई को चियांकी हवाई अड्डे पर होगी चुनावी जनसभा**

नवीन मेल संवाददाता



**हुसैनाबाद।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चार मई को पलामू चुनावी दौरे पर आ रहें है। इसकी तैयारी पूरी जोश के साथ किया जा रहा है। उक्त बातें भाजपा जिलाध्यक्ष अमित कुमार तिवारी ने शहर के रिद्धि सिद्धि होटल में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कही। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी चार मई को चियांकी हवाई अड्डे पर एक जनसभा को संबोधित करेंगे। इस जनसभा को ऐतिहासिक बनाने के लिये भाजपा परिवार पलामू लोकसभा संसदीय क्षेत्र के प्रत्येक गांवों में जाकर लोगों को आमंत्रित करने का काम कर रही है। हुसैनाबाद विधानसभा प्रभारी अविनाश वर्मा ने कहा कि देश की जनता विकास के नाम पर तीसरी बार नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनते देखना चाहती है। हुसैनाबाद विधान सभा से भाजपा प्रत्याशी वीडी राम भारी मतों से आगे रहेंगे। मौके पर भाजपा प्रदेश कार्यसमीति सदस्य विनोद कुमार सिंह ने कहा कि विधानसभा के भाजपा कार्यकर्त्ता पूरी ताकत के साथ लगे हुये है। इस बार हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र से रिकार्ड मत मिलेगा। और पिछली बार से अधिक मतों से पलामू लोकसभा सीट से वीडी राम चुनाव जीतेंगे। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रविंद्र कुमार सिंह, अशोक सिंह, कर्नल संजय सिंह, रामप्रवेश सिंह, संतोष सिंह, नगर मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता सहित कई लोग मौजूद थे।

# भाजपा नेताओं ने विश्रामपुर विस क्षेत्र में प्रचार वाहन को किया रवाना




नवीन मेल संवाददाता

**विश्रामपुर।** विस क्षेत्र में भाजपा ने लोक सभा चुनाव का अपना प्रचार वाहन बुधवार को रवाना किया। बी मोड़ पर भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष रूपा सिंह, विस सह संयोजक अनुज पांडेय व भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी ने संयुक्त रूप से पार्टी का झंडा दिखाकर रवाना किया। रूपा सिंह ने कहा कि देश में राष्ट्रवाद और विकाश का एकमात्र विकल्प भारतीय जनता पार्टी ही है। विपक्षी पार्टियां तो टुकड़े टुकड़े गैंग की समर्थक है। अनुज पांडेय ने कहा पार्टी प्रत्याशी सह सांसद वीडी राम के कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि पिछले दस सालों में ऐतिहासिक कार्य हुआ है। मौके पर सोशल मीडिया प्रभारी उपेंद्र तिवारी, रेखा सिंह, विकास चौबे सहित कई लोग मौजूद थे।

### खराब पड़ा ट्रांसफार्मर बिजली विभाग मौन

**नौडीहा बाजार।** प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत खैरादोहर में लगभग एक महीने से ट्रांसफार्मर खराब हो जाने से ग्रामीण गर्मी की मार झेल रहे हैं। बिजली विभाग एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि की शिकायत के बावजूद भी अब तक नयाट्रांसफार्मर उपलब्ध नहीं कराया गया है। इस कारण ग्रामीण बिजली विभाग के खिलाफ काफी अक्रोशित हैं। वहीं स्थानीय विधायक पुष्पा देवी व पूर्व सांसद मनोज भुइयां को इस बात की सूचना मिलने पर ग्रामीणों से कॉल कांफ्रेंस पर बातचीत कर तीन दिनों में ट्रांसफार्मर दिलाने क ाआश्वासन दिया है। मौके पर ग्रामीण प्रवेश पासवान, लव यादव, गोपाल गुप्ता, मुकेश गुप्ता, मुना यादव, शिव यादव सहित कई लोग उपस्थित थे।

# कुंभी खुर्द गांव के लोग नहीं करेंगे मतदान, कहा- रोड नहीं तो वोट नहीं

**- सूचना के बाद नावाबाजार पुलिस पहुंची गांव**

**- कुंभी खुर्द गांव में हैं दो बूथ 330 और 331**

नवीन मेल संवाददाता



**नावाबाजार।** प्रखंड के कुंभी खुर्द गांव के लोग लोकसभा चुनाव में मतदान नहीं करेंगे। लोगों ने गांव सहित अपने को उपेक्षित बताते हुए यह निर्णय लिया है। लोगों का कहना है कि 'रोड नहीं तो वोट नहीं'। इसे लेकर गांव-घर, मुहल्ला-टोला में भ्रमण कर लोगों को मतदान नहीं करने का आग्रह भी किया जा रहा है। गांव के लोग टोली बनाकर 'रोड नहीं तो वोट नहीं' का नारा लगाते हुए ऐसा करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। इसे लेकर गुरुवार से अभियान की शुरूआत की गई है। जानकारी के अनुसार नावाबाजार प्रखंड का कुंभी खुर्द गांव जहां आवागमन को लेकर कोई सड़क सुविधा उपलब्ध नहीं है। लोग जैसे तैसे अपनी जरूरत को समझ प्रखंड व जिला मुख्यालय सहित बाजार आदि आना-जाना करते हैं। गांव को मुख्य सड़क से जोड़ने व गांव में सड़क निर्माण कार्य कराने को लेकर गांव के लोग बरसों से मांग करते रहे हैं, लेकिन कोई भी ग्रामीणों की जरूरत के अनुरूप पहल नहीं कर रहे हैं। गांव में 330 और 331 दो मतदान केंद्र बनाए गए हैं। जहां 13 मई को लोकसभा चुनाव को लेकर मतदान होगा। वहीं लोगों के द्वारा मतदान नहीं करने का निर्णय लिया गया है। उनका कहना है कि देश चंद्रमा पर जाने के मामले में भले हीं उपलब्धियां हासिल कर ली हो, लेकिन आजादी के वर्षों बाद भी कुंभी खुर्द गांव में आने-जाने की सड़क नहीं है। गांव के लोग पलामू सांसद से मिलकर सड़क निर्माण की मांग करते रहे। लेकिन उनके द्वारा इसपर कभी पहल नहीं की गई ।

**थाना प्रभारी ने कहा ऐसी कोई बात नहीं है :** इधर, नावाबाजार थाना प्रभारी चिंटू कुमार ने बताया कि कुंभी खुर्द गांव में ऐसी कोई बात नहीं है। उन्होंने ग्रामीणों से भी मिलकर बात की है, लेकिन किसी ने चुनाव विरोध की बात नहीं की। बताया कि कुंभी खुर्द सहित सोड़महुआ व अन्य इंटीरियर गांव गए। जहां तक पेट्रोलिंग कार्य के लिए बड़ी गाड़िया जा सकी। वहां पहुंच मोटरसाइकिल का सहारा ले सभी गांव तक पहुंचे। जहां सभी को समन्वय बनाकर मतदान करने की अपील की। साथ ही गांव टोले से हर एक व्यक्ति को मतदान के लिए मतदान केंद्र तक जाने का आग्रह किया।




## सुप्रभात पलामू



पलामू वासियों को नमस्कार।

मतदान की तिथि नजदीक है। हमें बुलंद हौसलों के साथ मतदान करना है और लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करना है।

अनीशा खातून, वार्ड पार्षद, वार्ड न० 32 शाहपुर, मेदिनीनगर।

## हरियाणा ट्रांसपोर्ट कार्यालय में लगी आग



**मेदिनीनगर।** पुलिस लाइन स्थित हनुमान मिष्ठान के पीछे हरियाणा ट्रांसपोर्ट में शॉर्ट सर्किट से मंगलवार की शाम अचानक आग लग गई। आग लगने की सूचना ट्रांसपोर्ट के मालिक पप्पू कुमार के द्वारा शहर थाना की पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही टीओपी 3 प्रभारी धर्मेंद्र कुमार सिंह और टाइगर मोबाइल के जवान आरिफ खान,पंचम कुमार,मनोज कुमार घटना स्थल पर पहुंच कर आग लगने की सूचना फायर ब्रिगेड को दी। जानकारी मिलते ही फायर ब्रिगेड के कर्मी घटना स्थल पर पहुंच कर आग पर काबू पाया।

# पानी जमा होने से यात्रियों को परेशानी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** डाल्टनगंज रेलवे स्टेशन निर्माण कार्य के वजह से शहर के रेलवे स्टेशन मुख्य द्वार पर नाली का पानी सड़क पर जमा होने के कारण यात्रियों सहित आस-पास के दुकानदारों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। डालटनगंज रेलवे स्टेशन के एक अधिकारी ने नाम न छापने के शर्त पर बताया कि यह पानी रात में जमा हुआ था, पर सुबह हम लोगों ने इसकी सफाई करा दी है। उन्होंने इस पर विशेष जानकारी देने से मना कर दिया यह कहते हुए कि सड़क निर्माण मरम्मती में समय लगता है। सड़क के मरम्मती का काम इसी हफ्ते में पूरी होने की उम्मीद है।



# स्कूल बस और कार की टक्कर में तीन घायल

**नवीन मेल संवाददाता**

फोटो 01,02, 03,04,05

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के बैरिया चौक के पास गुरुवार की सुबह हेरिटेज स्कूल बस और कार की टक्कर में कार पर सवार तीन व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए।इसके बाद स्थानीय लोगो के द्वारा इस घटना की जानकारी शहर थाना की पुलिस को दी गई।घटना की जानकारी मिलते ही टीओपी तीन प्रभारी धर्मेंद्र कुमार सिंह और टाइगर मोबाइल के जवान घटना स्थल पर पहुंच कर सभी घायलों को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल पहुंचाया। घटना के बाद टीओपी 3 प्रभारी के द्वारा दोनों वाहनों को जप्त कर उसे शहर थाना भेज दिया गया है। घायलों में विश्राम थाना क्षेत्र के ग्राम तोलरा निवासी काशी नाथ तिवारी उम्र 70 वर्ष और उनका बेटा अजय कुमार तिवारी जो पुलिस के जवान है और ड्राइवर विश्रामपुर थाना क्षेत्र के ग्राम गुरी भंडार निवासी निखिल मिश्रा का नाम शामिल है। सभी का इलाज मेदिनीनगर सदर अस्पताल में चल रहा है। वही घटना की जानकारी मिलने पर घायल के परिजन सदर अस्पताल पहुंचकर अपने देख-रेख में सभी घायलों का इलाज करवा रहे हैं।



## मत प्रतिशत बढ़ाने के लिए संत मरियम स्कूल में कार्यक्रम

**मेदिनीनगर।** लोकतंत्र के महापर्व में 18वें लोकसभा के चुनाव का झारखंड में प्रथम चरण का मत 13 मई को पड़ना है। 80 प्रतिशत मत प्रतिशत बढ़ाने के लिए संत मरियम विद्यालय के शिक्षकों ने लगाया चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया। अपने-अपने बूथों पर शत-प्रतिशत मतदान कराने को लेकर सभी शिक्षकों ने संकल्प लिया। शिक्षकों को संबोधित करते संत मरियम विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती में ही हमारी आजादी है। लोकतंत्र जितना मजबूत होगा, हमारा देश उतना ही सशक्त होगा देव ने आगे कहा कि लोकतंत्र में आस्था रखनेवाले हर नागरिक से अपील है कि आप मतदान अवश्य करें और देश को सशक्त और अखंड बनाने अपनी महत्ती भूमिका निभाएं।

## एक नजर

### देश का संचालन मजदूर और किसान करते हैं : केडी सिंह

**मेदिनीनगर।** देश को संचालित करने वाला ना तो प्रधानमंत्री होता है ना ही कोई अफसर। वास्तव में देश का संचालन मजदूर और किसान करते हैं। श्रम कानून को खत्म करने वाली सरकार मजदूरों के हक में कतई नहीं हो सकती। फैसले का वक्त है। अपने दुश्मनों और दोस्तों की पहचान कीजिए और अपना मतदान कीजिए। उक्त बातें इप्टा द्वारा मजदूर दिवस पर आयोजित नुक्कड़ सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान अखिल भारतीय किसान सभा के प्रांतीय अध्यक्ष केडी सिंह ने कही। इप्टा पलामू इकाई के द्वारा मजदूर दिवस के अवसर पर मेदिनीनगर स्थित सुभाष चौक पर मजदूरों के बीच मजदूरों के संघर्ष को याद करते हुए नुक्कड़ सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पलामू इप्टा के कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश सिंह ने कहा कि आज का दिन पूरी दुनिया के लिए महत्वपूर्ण दिन है, क्योंकि आज के दिन ही शिकागो शहर में मजदूरों का बहुत बड़ी हड़ताल हुईथी। उस हड़ताल में कारखाने के मालिक ने मजदूरों की भीड़ पर गोली चलवा दी थी। काफी मजदूर शहीद हुए थे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सबने मिलकर दुनिया के मजदूरों एक हो का नारा लगाया। इस मौके पर रवि शंकर, राजीव रंजन, अजीत कुमार, गोविंद प्रसाद सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### राष्ट्र निर्माण मे मजदूरों का योगदान अतुलनीय: अविनाश देव

**मेदिनीनगर।** डाल्टनगंज बुधवार को कजरी ग्राम स्थित संत मरियम स्कूल के प्रांगण में मजदूर दिवस के मौके पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। चेयरमैन अविनाश देव ने बस के चालक और सह चालक, भवन निर्माण सहित स्कूल के विभिन्न कार्यों में संलग्न सभी श्रमिकों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया।

उपायुक्त से मिलकर की कॉपी के पुनर्मूल्यांकन कराने की मांग

# राजकीय + 2 हाई स्कूल की 85 प्रतिशत छात्राएं फेल

भावुक हुई छात्राएं, कहा- ऐसे परिणाम की उम्मीद नहीं थी



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर राजकीय + 2 हाई स्कूल में पढ़ रही जैक 12वीं के अंतिम सत्र के 85 प्रतिशत छात्राएं साइंस में फेल हो गई हैं। इस स्कूल से 2024 की जैक 12वीं साइंस में 45 छात्राएं परीक्षा दी थी, जिसमें मात्र सात छात्राएं ही पास कर पाई है। शेष छात्राएं जो फेल हुई है, इसमें अधिकांश छात्राओं को फिजिक्स, कमेस्ट्री और बायोलोजी में क्रोस लगा है। इन छात्राओं ने दहाई अंक भी थ्यूरी पेपर में प्राप्त नहीं कर पाई है। फेल हुई छात्राएं गुरुवार को इस मामले को लेकर उपायुक्त से मिलीं। उपायुक्त बैठक में व्यस्त रहने के कारण छात्राओं से कुछ समय बाद ही मिल पाये। उपायुक्त से नहीं मिलने पर छात्राएं जिला शिक्षा पदाधिकारी दुगानंद झा से मिलने पहुंची। छात्राओं के बीच आकर जिला शिक्षा पदाधिकारी ने छात्राओं की समस्याओं को सुना। छात्राओं ने कहा कि 11 वीं की परीक्षा में उन्हें 80 प्रतिशत से अधिक अंक मिले है, परंतु 12वीं के फाईनल में 45 में 38 छात्राओं को फिजिक्स, कमेस्ट्री और बॉयोलोजी में चार से आठ नंबर तक अंक दिये गए हैं। छात्राओं ने उपायुक्त से कॉपी के पुनर्मूल्यांकन कराने का अनुरोध किया। उपायुक्त ने सभी छात्राओं को आश्वासन दिया कि इस मामले को जैक सचिव से मिलकर समाधान करायेंगे। डीइओ ने कहा कि जैक के सचिव ने कहा है कि सभी छात्राओं को एक साथ स्क्रूटनी के लिए ऑन लाईन आवेदन करा दें। छात्राओं ने कहा कि स्क्रूटनी के लिए राशि देनी पड़ेगी। छात्राएं स्क्रूटनी के लिए निर्धारित राशि देने में असमर्थ हैं। डीइओ ने बताया कि उपायुक्त ने आश्वासन दिया है कि इस मामले को लेकर वे जैक के सचिव से बात करेंगे ताकि छात्राओं को कोई अतिरिक्त राशि देनी नहीं पड़े और कॉपियों का पुनर्मूल्यांकन हो सके। डीसी से मिलने वाली छात्राओं में आरती कुमारी, गरिमा रानी, प्रिया कुमारी, क्रांति नैना चंद्रा, कोमल गुप्ता समेत काफी संख्या में छात्राएं और अभिभावक शामिल थे। छात्राओं ने जैक सचिव के नाम जिला शिक्षा पदाधिकारी को आवेदन भी सौंपा है।

**छात्राओं ने उपायुक्त से कॉपी के पुनर्मूल्यांकन कराने का अनुरोध किया। उपायुक्त ने सभी छात्राओं को आश्वासन दिया कि इस मामले को जैक सचिव से बात कर समाधान करायेंगे।**

## केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट फेडरेशन चलायेगा मतदाता जागरूकता अभियान



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट फेडरेशन की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि सभी पूरे परिवार के साथ पहले मतदान करेंगे फिर जलपान करेंगे। साथ ही साथ संगठन की ओर से मतदाता जागरूकता अभियान के तहत बैनर एवं पोस्टर के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाए, जिससे कि लोगों में उत्साह का संचार हो सके। साथ ही अपने अपने प्रतिष्ठान से मतदान के लिए प्रोत्साहन राशि यथा संभव मुहैया करायी जाये। बैठक की अध्यक्षता रमेश कुमार शुक्ला ने और संचालन अमिताभ मिश्रा ने किया। मौके पर मृतुन्जय शर्मा, सतीश तिवारी, अशोक अग्रवाल, रामाकांत पांडेय, मनोज सिन्हा, नवल किशोर शाही, संजय अग्रवाल, जितेन्द्र कुमार, हनी सिन्हा,अभय सिन्हा, विक्की अग्रवाल, पुरूषोत्तम अग्रवाल, अरविंद अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, प्रवीण अग्रवाल, छोटू सहित कई व्यवसायी उपस्थित थे।

सतबरवा बाजार टाँड़ में चलंत लोक अदालत आयोजित

## चलंत लोक अदालत मिल का पत्थर साबित होगा : अमिताभ चंद्र



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सतबरवा चलंत लोक अदालत जिले में मिल का पत्थर साबित होगा। समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचकर उनकी समस्याओं से रूबरू होना व समस्या का निदान करना ही चलंत लोक अदालत का मुख्य उदेश्य है। उक्त बातें लीगल एंड डिफेंस काउंसिल के चीफ अमिताभ चन्द्र सिंह ने कही। वे बुधवार को सतबरवा बाजार टाँड़ में चलंत लोक अदालत में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि न्याय सबके लिए जरूरी है। अब कोई भी व्यक्ति न्याय से वंचित नहीं रहेगा। इस मौके पर एल ए डी सी के डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय ने कहा कि न्याय लोगो के द्वार पर मिल रहा है। कोई भी व्यक्ति चलंत लोक अदालत में अपनी समस्या रख सकता हैं। उन्होंने कहा कि न्याय पाने में अब गरीबी बाधक नही बनेगा। आपको केस लड़ने के लिए मुफ्त वकील की व्यवस्था है। साथ ही कोर्ट फीस भी दिए जाने का प्रावधान हैं। जिला विधिक सेवा प्रधिकरण के माध्यम से पीड़ित प्रतिकर की राशि,कोर्ट फीस, मेडिएशन, लोक अदालत, लीगल एड डिफेंस काउंसिल के माध्यम से आपराधिक केस लड़ने के लिए मुफ्त काउंसिल के अधिवक्ता उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इस मौके पर नई दिशाए के सचिव इंदु भगत ने कहा कि जिनकी आमदनी सलाना तीन लाख से कम है, एसी एसटी,दिव्यांग,जेल में बंद बच्चे, प्राकृतिक आपदा से ग्रसित, मनोरोगी, महिला आदि को मुफ्त विधिक सहायता प्रदान की जाती है। उन्होंने कहा कि चलंत लोक अदालत के माध्यम से लोगों का समस्या सुना जा रहा है। साथ ही उनसे आवेदन लिया जा रहा है। उक्त आवेदन को डालसा के माध्यम से सम्बंधित विभाग को भेजा जाता है। साथ ही जरूरतमंद लोगों को लाभ दिलाया जाता है। मौके पर पम्पलेट हैंडबिल,कानूनी पुस्तक आदि का वितरण ग्रामीणों में किया गया। चलंत लोक अदालत में एक दर्जन से अधिक आवेदन प्राप्त हुआ जिसे पंजी बद्ध किया गया। इस मौके पर पीएलभी विजय कुमार, सुचिता एक्का समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## महिला ने यौन शोषण का लगाया आरोप, मामला दर्ज कराया

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पाटन थाना क्षेत्र के उताकी गांव की एक महिला ने यौन शोषण के आरोप में पाटन थाना में गांव के ही विपिन कुमार सिंह के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। आवेदन में महिला ने कहा है कि आरोपी पिछले दो वर्षों से शादी का झांसा देकर उसके साथ यौन शोषण कर रहा था। युवक पाटन थाना क्षेत्र के उताकी गांव का रहने वाला है। महिला ने बताया की कुछ वर्ष पहले उसकी शादी हैदरनगर थाना क्षेत्र के पतरिया गांव निवासी सुनील कुमार सिंह से हुई थी। शादी के बाद सुनील कुमार सिंह से उसके दो बच्चे भी है, परंतु पति-पत्नी के बीच कुछ विवाद को लेकर हम दोनों एक दूसरे से अलग रहने लगे। महिला ने बताया कि वह अपने पति से अलग होकर पाटन थाना क्षेत्र के उताकी गांव अपने मायके रहने लगी। वहीं मायके में उसे बिपिन सिंह से बातचीत होने लगी। विपिन ने शादी का झांसा देकर हमारे साथ दो वर्षो तक शारीरिक संबंध बनाया। महिला ने बताया कि 9 मार्च की सुबह विपिन मेरे घर पहुंच कर बिना मेरी अनुमति के हमारे साथ शारीरिक संबंध बनाया। इसके बाद मारपीट कर मुझे गंभीर रूप से घायल कर दिया और मेरे पति द्वारा दिए गए सभी जेवर को मेरे घर से लेकर फरार हो गया। महिला ने बताया कि इस घटना से संबंधित मामला महिला थाना में भी दर्ज कराया गया था, परंतु महिला थाना से किसी प्रकार की कानूनी कार्रवाई नहीं की गई। इसके बाद महिला ने इस घटना से संबंधित मामले की लिखित आवेदन पलामू एसपी हेल्फ लाईन में जाकर दिया। जिसके बाद पाटन थाना में आरोपी पर 376 का मामला दर्ज किया गया। मामला दर्ज होने के बाद भी पुलिस आरोपी को गिरफ्तार करने के प्रति उदासीनता दिखा रही है।

### आरोपी शीघ्र पकड़ा जायेगा : थाना प्रभारी

पाटन थाना प्रभारी लालजी कुमार ने बताया कि 376 का मामला संज्ञान में आया है। पुलिस आरोपी के घर लगातार छापेमारी कर रही है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर उसे न्यायिक हिरासत में भेजा जाएगा।

## बाइक के डिक्की से एक लाख रुपए की चोरी

**एसबीआई के मेन ब्रांच से निकाले थे पैसे**

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के साहित्य समाज चौक के पास गुरुवार की दोपहर सदर थाना क्षेत्र के सिंगरा गांव निवासी चिंतामणि शुक्ला की डिक्की से एक लाख रुपए की चोरी हो गई। इस घटना के बारे में भुक्तभोगी चिंतामणि शुक्ला ने बताया कि गुरुवार की दोपहर कचहरी एसबीआई मेन ब्रांच से एक लाख कैस निकाल कर पैसे को वह अपने मोटरसाइकिल के डिक्की में रखकर साहित्य समाज चौक पारस शुक्ला के छड़ सीमेंट दुकान में बकाया पैसे देने गए थे। बकाया पैसा देने के पूर्व दुकान के बाहर मोटरसाइकिल लगाकर वह दुकान मालिक से हिसाब कर रहे थे। इसी बीच चोर उनके मोटरसाइकिल के डिक्की का ताला तोड़ कर उस में रखे पैसे को निकालकर फरार हो गए। दुकानदार को पैसा देने के लिए जब चिंतामणि शुक्ला अपना मोटरसाइकिल के डिक्की को खोला तो देखा कि उसमें रखे पैसे गायब है। उन्होंने आसपास के लोगों से पूछताछ कि लेकिन किसी ने पैसों की चोरी के बारे में जानकारी नहीं दी। इसके बाद चिंतामणि शुक्ला के द्वारा इस घटना की जानकारी शहर थाना की पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही शहर थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच की, लेकिन चोर का कुछ भी पता नहीं चल पाया। इसके बाद भुक्तभोगी के द्वारा शहर थाना में चोरी की घटना से संबंधित मामला दर्ज किया गया है। मामला दर्ज होने के बाद से पुलिस चोर की खोजबीन में जुट गई है।

## न्यूज बॉक्स

### लोगों को जागरूक करना चलंत लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य: पीडीजे

**मेदिनीनगर।** सुदूरवर्ती क्षेत्र के लोगों को कानून के प्रति जागरूकता लाना ही चलंत लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य है। उक्त बातें पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव ने कही।उन्होंने बुधवार को झालसा के निदेर्शानुसार जस्टिस ऑन ह्वील न्याय रथ कार्यक्रम का उदघाटन हरी झंडी दिखाकर किया। विदित हो कि न्याय रथ चलन्त लोक अदालत का आयोजन पलामू जिले में एक मई से 31 मई तक निर्धारित की गई है। न्याय रथ को बुधवार को विधिवत हरा झंडा दिखाकर पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव ,जिला न्यायाधीश प्रथम विनोद कुमार सिंह आदि ने सतबरवा प्रखंड के लिए रवाना किया। पीडीजे ने कहा कि आमलोग न्याय रथ के माध्यम से भी आवेदन देकर अपनी समस्या जिला बिधिक सेवा प्राधिकार तक पहुंचा सकते हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने बताया कि न्याय रथ के माध्यम से पलामू में एक मई से 31 मई तक विभिन्न प्रखंडो में घूम-घूम कर जनता के छोटे मोटे कानूनी समस्या का निवारण किया जायेगा । जरूरत मन्द का आवेदन लेकर उचित माध्यम से समस्या का समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि चलंत वाहन के माध्यम से जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्र के गांवों व कस्बो में पहुचकर कानूनी जागरूकता कार्यक्रम चलाने व विभिन्न मामलो के निष्पादन के दिशा में कार्य किया जाएगा। लोगों से उनकी समस्याओं से सम्बंधित आवेदन लिया जाएगा। इस बीच जागरूकता सम्बंधित पम्पलेट का भी वितरण किया जाएगा। चलंत वाहन के माध्यम से सुदूरवर्ती क्षेत्र के लोगों से जुड़ाव बढेगा। उन्होंने बताया कि न्याय रथ के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकार से चलाए जा रहे कार्यक्रम, के अलावे मिलने वाली सुबिधा की भी जानकारी दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि चलंत वाहन में लीगल एड डिफेंस काउंसिल के अधिवक्ता, पीएलभी के अलावे एनजीओ से जुड़े लोग रहेंगे। इस मौके पर डीजे अभिमन्यु कुमार,प्रेम नाथ पाण्डे, शंकर महाराज, स्वेता ढींगरा ,ऐसा खान, सीजेएम आनंद सिंह, सन्दीप निशित बारा, शिखा अग्रवाल, अमित गुप्ता, निशिकांत, परमानंद उपाध्याय, स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष अशोक गुप्ता, अधिवक्ता संघ के उपाध्यक्ष विनोद तिवारी, महासचिव अजय कुमार पांडेय कोषाध्यक्ष जय किशोर पाठक,लीगल एड डिफेंस काउंसिल के चीफ अमिताभ चन्द सिंह, डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय, पीएलभी मुनेश्वर राम, सुचिता एक्का, नई दिशाएं के सचिव इंदु लेखा भगत,अधिवक्ता संजय कुमार पांडेय,प्रकाश रंजन, समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### डायग्नोस्टिक सेंटर के सीटी स्कैन मशीन में लगी आग, फायर बिग्रेड ने काबू पाया

**मेदिनीनगर।** सदर अस्पताल के डायग्नोस्टिक सेंटर के ऊपर तले पर सीटी स्कैन मशीन में बुधवार की सुबह शॉर्ट सर्किट से अचानक आग लग गई। आग लगने के बाद अस्पताल में अफरा तफरी का माहौल उत्पन हो गया। आग लगने की सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड के कर्मी घटना स्थल पर पहुंच कर अस्पताल परिसर के लाइट को बंद कराया। इसके बाद सिटी स्कैन मशीन में लगे हुवे आग को बुझाया। आग लगने के कारण अस्पताल के डायग्नोस्टिक सेंटर में सारे कार्य बाधित हो गए। अस्पताल में सैकड़ो की संख्या में अपने इलाज के लिए पहुंचे मरीजों को बिना इलाज के ही घर वापस लौटना पड़ा। वही ।बताते चले कि वर्ष 2009 में मरीजों की सेवा के लिए मेसर्स रिकार्डरस एंड मेडिकेयर सिस्टम (प्रा.) लि. चंडीगढ़ के कंपनी के द्वारा सदर अस्पताल के डायग्नोस्टिक सेंटर में सिटी स्कैन मशीन लगाई गई थी, जो एक दिन भी नहीं चली। अस्पताल में सिटी स्कैन का मशीन 1.5 करोड़ रुपए में लगाई गई थी। जहां मशीन लगाई गई । वहां पहले से बिजली समस्या बनी हुई थी। मशीन लगने के एक वर्ष बाद नया ट्रांसफार्मर लगाकर बिजली आपूर्ति शुरू की गई थी, फिर विभाग ने मशीन संचालन पर ध्यान केंद्रित किया। पर इसे चलाने के लिए तकनीशियन रेडियोलाजिस्ट की सेवा ही नहीं दी गई। जिसकी वजह से उसी समय से मशीन बंद पड़ी रही। वही सिटी स्कैन मशीन की सुरक्षा के लिए यहां पर आधा दर्ज एसी लगाया गया है। आज के समय में उसकी स्थिति भी ठीक नहीं है।

### एबीवीपी ने विश्वविद्यालय में किया मतदाता जागरूकता अभियान का कार्यक्रम

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने मेदिनीनगर नगर मंत्री रामाशंकर पासवान की अध्यक्षता में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। गणेश लाल अग्रवाल महाविद्यालय के छात्रों के बीच और रिवर फ्रंट पर रंगोली बनाकर आम जनों को जागरूक किया गया। परिषद के राष्ट्रीय प्रादेशिक विश्वविद्यालय सह संयोजक विनीत पांडे ने कहा कि राष्ट्र के उत्थान हेतु हम सभी सशक्त सरकार बनाने हेतू परिषद के कार्यकर्ता पूरे जिले में मतदाता जागरूकता अभियान का कार्यक्रम कर रहे हैं। उक्त अवसर पर उपस्थित परिषद की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गीतांजलि कुमारी ने कहा कि मजबूत लोकतंत्र के लिए जरूरी है कि हम शत प्रतिशत मतदान करें। यह लोकतन्त्र का सबसे बड़ा पर्व हैं एवं हम सभी परिषद के कार्यकर्ता मिलकर पूरे जिले में आम जनों से मतदान करने हेतु आग्रह करेंगें। उक्त अवसर पर प्रमुख रूप से परिषद के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नितीश दुबे,अभिषेक कुमार रवि,अभय वर्मा,विभाग संगठन मंत्री रत्नेश त्यागी,गणेश लाल अग्रवाल महाविद्यालय कॉलेज अध्यक्ष विपिन यादव,उपाध्यक्ष कौशल मिश्रा,महिला महाविद्यालय कॉलेज अध्यक्ष सुरभि ठाकुर,अंकित लाल,रोहित गुप्ता,अपराजिता कुमारी,राहुल कुमार चेरो,ऋषिकांत कुमार आदि दर्जनों परिषद के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### ज्यादा मतदान से देश मजबूत होगा : नितेश भास्कर

**मेदिनीनगर/ चैनपुर।** गुरुवार दो मई को मतदाताओं में जागरूकता लाने के लिए रा. उर्दू उत्क्र. मध्य विद्यालय बी.एम.सी. नेउरा में संध्या चौपाल का आयोजन किया गया। चैनपुर के प्रखंड विकास पदाधिकारी बतौर मुख्य अतिथि नितेश भास्कर व विशिष्ट अतिथि अंचल अधिकारी चंद्रशेखर कुणाल के अतिरिक्त दर्जनाधिक अधिकारी गण क्रमशः शांति माड़ी, राधेश्याम राम, ओहमंती खलको, जमीला बीबी, मो. नईयर अली शामिल हुए। अतिथियों का स्वागत विद्यालय के प्रधानाध्यापक एम.जे. अजहर ने किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि नितेश भास्कर ने कहा कि देश की तरक्की और मजबूती के साथ आम जनों की खुशहाली के लिए प्रत्येक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि जितना ज्यादा मत पड़ेंगे, भारत उतना ही अधिक मजबूत होगा। हमारा कर्तव्य है कि हम सभी एक- दूसरे को मतदान के लिए प्रेरित करें। मौके पर वीरेंद्र कुमार, रामप्रवेश सिंह, दीनानाथ कुमार, आले मुनिया खातून, सहित सभी बीएलओ, कई वार्ड सदस्य, जेएसएलपीएस सखी मंडल की महिलाएं, स्वयं सेवी संस्थाओं के सदस्य गण व सैकड़ों आम ग्रामीणों के साथ युवा मतदाता उपस्थित हुए। धन्यवाद ज्ञापन प्रधानाध्यापक एम.जे. अजहर ने किया।

## प्रेसवार्ता

### आम जनता प्रखंड, अंचल व थाना की विकृत संस्कृति से हैं परेशान

# पुलिस प्रशासन आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने में विफल : किशोर

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में विधि-व्यवस्था चरमरा गई है। पुलिस प्रशासन आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने में विफल रही है। उक्त बातें पूर्व विधायक राधा किशोर ने प्रेसवार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि पुलिस की कार्य प्रणाली से आम जनता परेशान है। क्षेत्र में हत्या-लूट की घटनाओं में वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि छतरपुर व पाटन में कई हत्याएं हुई, जिसका उद्भेदन करने में पुलिस उदासीन रवैया अपना रही है। किशोर ने कहा कि कई मामलों में नामजद प्राथमिकी के बाद भी पुलिस आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर पायी है। उन्होंने कहा कि 13 मार्च को इस बाबत एडीजी को पत्र लिखा था। जिसमें 21 मार्च को 15 दिन के अंदर कार्रवाई की जानकारी उपलब्ध कराने को कहा गया था। मगर इसमें कोई कार्रवाई नहीं हुई है। किशोर ने कहा कि पलामू की जनता काफी त्रस्त है। छतरपुर के खजूरी व पंडवा लूट कांड का उद्भेदन भी अभी तक नहीं कर सकी है। किशोर ने आगे कहा कि 43 वर्ष की संसदीय राजनीति में उन्होंने यह दुर्दशा कभी नहीं देखी है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि पलामू की ज्वलंत समस्या से निजात दिलायें। यह राज्य सरकार की जिम्मेवारी है। पलामू सुखाड़ का दंश झेल रहा है। अब तक इसके स्थायी निराकरण का प्रयास नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार बताना चाहिए कि पलामू की ज्वलंत समस्याओं को दूर करने की दिशा में सरकार ने क्या उपलब्धि रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार गरीब जनता को नहीं देख रही है। आदिम जनजाति, दलित व कमजोर वर्ग की महिलाएं और बच्चे कुपोषण का शिकार हो रहे हैं। आम जनता प्रखंड, अंचल व थाना की विकृत संस्कृति से परेशान हैं। उन्होंने आगे कहा कि ऐसा प्रतीत हो रहा है कि क्षेत्र जंगलराज की ओर अग्रसर है। यह पूछे जाने पर कि आप भी तो पूर्व में इस सरकार का हिस्सा रहे हैं, तब अपने इस विषय को क्यों नहीं दूर कराया? वे कहते हैं मैं इन समस्याओं की ओर ध्यान दिलाते-दिलाते मैं स्वयं परेशान हो गया था। इसलिए अंत में गठबंधन का हिस्सा राजद की सदस्यता से इस्तीफा देकर जनता के साथ खड़ा हूं। इसके लिए लगातार संघर्ष करूंगा। एक और सवाल के जवाब में किशोर ने कहा कि अभी मैं किसी भी दल में नहीं हूं।

**छतरपुर व पाटन में कई हत्याएं हुई, जिसका उद्भेदन करने में पुलिस उदासीन रवैया अपना रही है। किशोर ने कहा कि कई मामलों में नामजद प्राथमिकी के बाद भी पुलिस आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर पायी है: राधा किशोर**



## एक नजर

### 65 वर्षीया महिला ने कीटनाशक खाकर आत्महत्या की

**गढ़वा।** गढ़वा थाना क्षेत्र के बना मसूरिया गांव निवासी पहलाद राम की पत्नी पारो देवी 65 वर्ष ने कीटनाशक खाकर आत्महत्या कर लिया घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि पारो देवी कि मानसिक स्थिति एक साल से खराब चल रही थी गुरुवार को घर से बाहर निकली थी इसके बाद उसने अनाज में डालने वाली कीटनाशक खा लिया घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने उसे गंभीर स्थिति में गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती करवाया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने गढ़वा सदर अस्पताल पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर अंत परीक्षण के लिए भेज दिया है।

### झूला झूलने के दौरान लगी फांसी, हुई मौत

गढ़वा। गढ़वा थाना क्षेत्र के बेल चंपा गांव स्थित देवी मंदिर मोहल्ला निवासी धीरेंद्र पासवान का पुत्र भोला कुमार 12 वर्ष उर्फ छोटू ने झूला झूलने के दौरान फांसी लगा लिया उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि भोला कुमार अपने गांव के बच्चों के साथ झूला लगाकर झूल रहा था। इसी दौरान झूला में फंसकर फांसी लग गया घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने उसे एंबुलेंस के मदद से गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती करवाया।

### जहर खाकर आत्महत्या करने का प्रयास, इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती

**गढ़वा।** गढ़वा थाना क्षेत्र के दरमी गांव निवासी रणंजेब खान की पत्नी रिजवाना खातून बुधवार की शाम जहर खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि रिजवाना खातून का पति उसे एक साल से पिपरा कला गांव स्थित उसके मायके में छोड़ कर बाहर नौकरी करने चला गया इसके बाद से वह रिजवाना खातून से बातचीत भी नहीं करता है नहीं उसे कोई मतलब रख रहा है इसी बात से आक्रोशित होकर रिजवाना खातून ने कीटनाशक खा लिया घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने उसे गंभीर स्थिति में गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती करवाया

### सनकी पति ने पत्नी को चाकू से मारकर की हत्या

धुरकी। पति ने पत्नी को चाकू से मारकर हत्या करने का मामला प्रकाश में आया है,मामला धुरकी थाना क्षेत्र के मिरचैया गांव का है, बताया जाता है की मृतिका पवीत्री देवी ऊर्फ फुलकुमारी देवी (45 वर्ष) अपने मायके धुरकी थाना क्षेत्र के मीरचैया गांव पिछले डेढ़ महीना पहले आई हुई थी, वही मृतिका के पति मंगरू भुइयां भी अपने ससुराल कुछ दिन पूर्व आया हुआ था , वही पति पत्नी के बीच किसी बात को झगड़ा हुआ तथा मृतिका के पति ने बुधवार को रात्रि लगभग तीन बजे अपने पत्नी के ऊपर चाकू से हमला कर दिया।

## महागठबंधन के प्रत्याशी को भारी मतों से जीत दिलाने का लिया संकल्प

# झामुमो के बूथ और पंचायत प्रभारियों को दिया गया प्रशिक्षण





**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता व उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास पर गुरूवार को झामुमो के बूथ एवं पंचायत प्रभारियों की जिला कमिटी के साथ बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में डंडा, रमकंडा एवं चिनियां के बूथ प्रभारियों एवं पंचायत प्रभारियों को लोकसभा चुनाव में महागठबंधन प्रत्याशी ममता भुईयां को प्रत्येक बूथ से अधिक से अधिक वोट दिलाकर भारी मतों से विजयी बनाने के लिए प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही बूथ एवं पंचायत कमिटी को प्रत्येक गांव एवं पंचायत में डोर टू डोर कैंपेनिंग करने, मतदाताओ को जागरूक करने, बूथ कमिटी के लोगों का चुनाव करने आदि से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर पार्टी नेताओं एवं कार्यकताओं ने महागठबंधन प्रत्याशी को जीताने का संकल्प लिया। मौके पर झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे ने कहा कि भाजपा दिन प्रतिदिन अंदर से खोखला होती जा रही है। गत लोकसभा चुनाव में 303 सीट पर सांसद विजयी हुए थे। परंतु आज की तिथि में भाजपा के पास सिर्फ 292 सांसद बचे हैं। शेष सभी उपचुनाव हारते गये। भाजपा का ग्राफ पूरे देश में गिर रहा है। इस बार लोकसभा चुनाव में भाजपा मात्र 430 सीट पर चुनाव लड़ रही है और नारा दे रही है कि 400 के पार सीट जीतेंगे। यह बिल्कुल हास्यास्पद है। यह नारा विपक्षियों का मनोबल गिराने एवं अपने कार्यकताओं का मनोबल बढ़ाने के लिए है। परंतु भाजपा को इस बार पिछले चुनाव से भी काफी कम सीट मिलने वाला है। झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम ने कहा कि भाजपा झूठ का पुलिंदा है। सिर्फ जुम्लेबाजी पर ही भाजपा की सरकार चल रही है।

### भवनाथपुर जिला परिषद सदस्य ने लगाया आरोप

## बिना अनुमति डीजे बजवा रहे भवनाथपुर बीडीओ : रंजनी

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** भवनाथपुर जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा ने कहा है कि भवनाथपुर बीडीओ नंदजी राम आचारसंहिता का उल्लंघन करते हुए सरेआम भाजपा का प्रचार डीजे बगैर अनुमति के बजवा रहे हैं। इस संबंध में शिकायत करने पर बीडीओ ने कहा कि परमिशन हो गया है। जबकि इस मामले की जानकारी के लिए श्री बंशीधर नगर एसडीओ एवं गढ़वा अपर समाहर्ता से बात करने पर पता चला कि परमिशन नहीं हुआ है। मामले की शिकायत किये जाने के बाद भी बीडीओ डीजे बंद नहीं करा रहे हैं। और न हीं किसी तरह की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि आचार संहिता उल्लंघन से संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी नंदजी राम के खिलाफ



पूर्व में भी कई आवेदन दिया जा चुका है। जांच में भी इसकी पुष्टि हुई है। फिर भी उनके विरूद्ध अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। श्रीमती शर्मा ने बताया कि जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा एवं क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता अन्य ग्रामीण जनता की शिकायत पर भाजपा का डीजे प्रचार गाड़ी का परमिशन नहीं मिलने पर जप्त कर लिया गया था। बाद में पुनः छोड़ दिया गया है।

## स्वीप कार्यक्रम के तहत अस्पताल में चला मतदाता जागरूकता अभियान



**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** लोकसभा चुनाव को लेकर स्वीप कार्यक्रम के तहत अनुमंडलीय अस्पताल परिसर में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत गुरुवार को अस्पताल कर्मियों को निर्भिक होकर मतदान करने का शपथ दिलाया गया अस्पताल कर्मियों को एमटीएस विजय पाठक ने शपथ दिलाया उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में सभी कर्मियों को अपने मताधिकार का प्रयोग करना है मौके पर अनुमंडलीय अस्पताल के प्रधान सहायक राजेश कुमार, प्रखंड लेखा प्रबंधक करुणा कुमारी, एमपीडब्ल्यू अशफाक अहमद, लैब टेक लेक्निशियन राहुल कुमार पांडेय, गरिमा तिर्की, नागेश्वर प्रसाद सिंह, राजेश कुमार,एमपीडब्ल्यू अजय कुमार, संतोष कुमार, शशि कुमार, विपेश कुमार तमांग सहित अन्य उपस्थित थे

## जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा ने अपर समाहर्ता को दिया आवेदन



### बिशुनपुरा बीडीओ की संदेहास्पद स्थिति में मौत की जनहित में सीबीआई जांच कराने की मांग की

**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा ने अपर समहर्ता को आवेदन देकर बिशुनपुरा बीडीओ की संदेहास्पद मौत की सीबीआई जांच कराने की मांग की है। आवेदन में उल्लेख किया है कि कि गढ़वा जिला अन्तर्गत प्रखण्ड कार्यालय वि विशुनपुरा में पदस्थापित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी श्री हिरक मन्ना केरकेट्टा का शव संदेहास्पद स्थिति में शनिवार को उनके सरकारी आवास में पदाधिकारियों एवं उनके परिजनो के उपस्थिति में पाया गया है। समाचार खबरों में प्रकाशित खबर एवं क्षेत्र में अलग-अलग हो रहे चचाओं पर सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए उच्चस्तरीय सी०बी०आई० द्वारा जाँच करा कर जनहीत में न्याय दिलाने की आवश्यकता है।

विदित हो कि मृत्तक अनुसूचित जन जाति (आदिवासी) परिवार से आते थे। पदाधिकारी एवं अन्य कर्मी स्वतंत्र रूप से निर्भिक हो कर सेवा देने के लिए इस मामले को सी०बी०आई० द्वारा जा करा कर न्याय दिलाने की आवश्यकता है।

## श्री बंशीधर नगर अंबेडकर जयंती पर युवा मोर्चा ने निकाली प्रभातफेरी



**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** अम्बेडकर युवा मोर्चा के तत्वावधान में मंगरदह ग्राम में संविधान निमार्ता बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती माह के शुभ अवसर पर प्रातः 8 बजे प्रभातफेरी निकाला गया प्रभातफेरी मंगर दह ग्राम से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गो से होते हुये महदेईया ग्राम स्थित बाबा साहब के प्रतिमा स्थल पर पहुंचा तथा प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित किया. पुनः शाम में मंगरदह ग्राम में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिप सदस्य रानी बाला ने फीता काटकर किया इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित लोगों से बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के बताये मार्ग पर चलने का आग्रह किया इसके बाद प्रोजेक्टर द्वारा बाबा साहब पर हुये जुल्म, अत्याचार, छुआछूत, शिक्षा, एकता और संघर्ष पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में जिप सदस्य रानी बाला, शिक्षक राजनाथ राम, झामुमो नेता सुदेश्वर राम, दिनेश राम,पूर्व बीपीओ जय राम, बसपा के प्रखंड अध्यक्ष अखिलेश राम, रामाधार राम, अनिल राम, श्रीकेश राम, अरुण कुमार, नंदलाल राम, जीतन कुमार, रामप्रीत राम, श्रीकांत राम, ललिता देवी, सुनीता देवी, शैल देवी सहित बड़ी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे।

### पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव ने किया सरेंडर

**श्री बंशीधर नगर।** जेएमएम नेता पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा ने बुधवार को अनुमंडल न्यायालय नगर ऊंटारी में एसीजेएम अरविंद कच्छप की अदालत में सरेंडर किया। पूर्व विधायक की ओर पैरवी कर रहे गढ़वा जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष सह जिले के पूर्व पीपी गौतम कृष्ण सिन्हा उर्फ बुल्लू राजा ने न्यायालय से बेल देने का अनुरोध किया। कोर्ट ने अनुरोध को स्वीकार करते हुए उन्हें दस दस हजार के दो मुचलकों पर बेल दिया। उल्लेखनीय है कि विगत माह धुरकी बीडीओ जुल्फिकार अंसारी की लिखित शिकायत के आलोक में झामुमो नेताओं पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव व जेएमएम नेता ताहिर अंसारी के साथ साथ उनके कई अन्य अज्ञात समर्थकों के विरुद्ध धुरकी थाने में आदर्श चुनाव आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज हुआ था। उपरोक्त लोगों पर आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू रहने के दौरान वन परिसर में स्थित सरकारी डाकबंगला में बगैर अनुमति के उलगुलान महारैली से संबंधित बैठक करने का आरोप है।

# राज्य स्तरीय किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता में गढ़वा के खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन

### जीते 15 पदक, इसमें 9 स्वर्ण, 4 रजत एवं तीन कांस्य पदक शामिल




**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** दिनांक 27 से 28 अप्रैल 2024 तक खेलगांव रांची बॉक्सिंग हाल में आयोजित चौथी राज्य स्तरीय किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता में गढ़वा के खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन जीते 15 पदक जिसमें 9 स्वर्ण 4 रजत एवं तीन कांस्य पदक है। सभी गढ़वा जिले को गौरवांवित करने वाले पदक विजेता खिलाड़ियों को बधाई देने वाले गढ़वा विधायक सह झारखंड के पेयजल एवं स्वच्छता व उत्पाद एवं मध्य निषेध विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, गढ़वा जिला खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा, किक बॉक्सिंग संघ के संरक्षक संजय कुमार सिंह, अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता, सचिव मनोज संसाई , वरीय उपाध्यक्ष जेबी थापा, उपाध्यक्ष अमित कुमार सिंह , अरविंद दुबे, प्रभात तिवारी, रमाशंकर सिंह, सहसचिव गणेश यादव, कार्यकारी सदस्य अभय कांत, राजकुमार राम, अजीत कुमार, गढ़वा ओलंपिक संघ अध्यक्ष शैलेंद्र पाठक, संरक्षक अनिता दत्त, रेखा चौबे ,राकेश पाल, वरीय उपाध्यक्ष उदय नारायण तिवारी, सचिव आलोक मिश्रा, विधायक प्रतिनिधि खेलकूद धीरज दुबे, उमेश सहाय, विजय केसरी राघवेंद्र नारायण सिंह ,जितेंद्र सिन्हा ,ओमप्रकाश तिवारी, रामप्रवेश तिवारी, नितिन तिवारी, अरविंद कुमार, प्रीतम गोंड, मनीष केसरी, उत्तम केसरी, किशोर कुणाल, चंद्रबहादु सिंह, शिवकुमार, अजयकांत, सुशील तिवारी ,धर्मेंद्र पाल, सत्येंद्र यादव, राजन केसरी, संतोष कुमार आदि ने बधाई दी इसकी जानकारी गढ़वा जिला किक बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता ने दी

#### पदक विजेता खिलाड़ियों के नाम इस प्रकार से हैं

प्रकृति आनंद देव 15 किलोग्राम स्वर्ण पदक
अनुराज पांडे 25 किलोग्राम स्वर्ण पदक
हर्ष कुमार 30 किलोग्राम स्वर्ण पदक
रूपा कुमारी 40 किलोग्राम स्वर्ण पदक
पूजा कुमारी 37 किलोग्राम स्वर्ण पदक
आदित्य पांडे 25 किलोग्राम स्वर्ण पदक
सविता कुमारी 50 किलोग्राम स्वर्ण पदक
अमर कुमार+69 किलोग्राम स्वर्ण पदक
सुप्रिया कुमारी 35किलोग्राम स्वर्ण पदक
नंदनी कुमारी 25 किलोग्राम रजत पदक
झूलन कुमारी 50 किलोग्राम रजत पदक
देवराज सिंह 57 किलोग्राम रजत पदक
रामेश्वर विश्वकर्मा 63 किलोग्राम रजत पदक
काजल तूफान 40 किलोग्राम कांस्य पदक
समीर कुमार चौबे 69 किलोग्राम कांस्य पदक

## न्यूज बॉक्स

### तीन वरिष्ठ मतदाताओं ने पोस्टल बैलट के माध्यम से डाला वोट



**श्री बंशीधर नगर।** राज्य में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। कुंबा खुर्द व जमुआ गांव के 85 वर्ष से ऊपर के तीन वरिष्ठ मतदाताओं ने पोस्टल बैलट के माध्यम से अपना वोट डाला। बताया जाता है कि इस बार लोकसभा चुनाव में 85 वर्ष से ऊपर के वरिष्ठ तथा 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग मतदाताओं के लिए घर पर ही पोस्टल बैलेट से वोट डालने की सुविधा चुनाव आयोग की ओर से किया गया है। मतदान केंद्र जाने में असमर्थ वरिष्ठ व दिव्यांग मतदाताओं को घर पर ही पोस्टल बैलेट से मतदान करने की सुविधा दिया गया है। पोस्टल बैलेट से पहले दिन घर पर जमुआ गांव के बचिया देवी पति बलराम राम तथा कुंबा खुर्द गांव के खरियाहा टोला की कालो देवी पति सुखी सिंह व अकरा टोला की समुंद्री देवी पति जगत उरांव ने अपना वोट डाला।

### अलकर गांव में जहर युक्त सब्जी खाने से एक ही परिवार के तीन सदस्यों की स्थिति बिगड़ी





**श्री बंशीधर नगर।** थाना क्षेत्र के अलकर गांव में बुधवार कि सुबह जहर युक्त सब्जी खाने से एक ही परिवार के तीन सदस्य का स्थिति बिगड़ गया। स्थिति बिगड़ने के बाद तीनों लोगो को इलाज अनुमंडल अस्पताल में किया गया। इलाज के बाद चिकित्सक ने सभी की स्थिति खतरे से बाहर बताया। जहर युक्त सब्जी खाने से बिगड़ने वाले एक ही परिवार के सदस्य में स्व सुरेंद्र सिंह की पत्नी सुनीता देवी, पुत्र चंदन सिंह तथा पतोह गायत्री देवी का नाम शामिल है। जानकारी देते हुए सुनीता देवी ने बताया की सुबह में उसकी पुत्री अर्चना कुमारी बैगन आलू का सब्जी और चावल बनाया था। खाना खाने के दौरान सब्जी में अलग अलग स्वाद आने लगा। उसने बताया की वह अपनी पुत्री से पूछा भी कि सब्जी में कुछ मिलाया है लेकिन उसकी पुत्री ने कोई जवाब नही दिया। उसने बताया की हम और मेरा बेटा तो सब्जी ज्यादा नहीं खाए लेकिन मेरी पतोह पूरा सब्जी खा ली। खाने के बाद पतोह बेहोश होने लगी और हमको और बेटा को भी अलग तरीका का नशा लगने लगा जिसके बाद हम लोग अस्पताल इलाज कराने आए। इधर इलाज कर रहे चिकित्सक ने बताया की लगता है सब्जी में कीड़ा मारने का दवा दिया गया हो। उसे सही तरीके से नहीं धोया गया जिसके कारण ऐसा स्थिति हुआ। इलाज के बाद सभी लोग ठीक है।

### स्विप कार्यक्रम के तहत प्रखंड कार्यालय में महिलाओं को किया गया जागरूक



**चिनिया।** चिनिया प्रखंड मुख्यालय के सभागार भवन में गुरुवार को जेएसएलपीएस के जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्री सुशील दास की अध्यक्षता में स्विप एक्टिविटी कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए जेएसएलपीएस की महिलाओं को कई तरह की एक्टिविटी को बताया गया। जिसमें जेएसएलपीएस की महिला डोर टू डोर घर-घर जाकर मतदाताओं को जागरूक करेंगे । साथ ही कार्यक्रम प्रबंधक ने बताया कि अबकी बार 90 पर का नारा सभी समूह की दिदियो के द्वारा किया जा रहा है । ताकि मतदान केंद्र पर अधिक से अधिक मतदाता अपना मत दे सके । साथ ही उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में सत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के तहत जेएसएलपीएस महिला समूह की दिदीयो को जागरूक किया गया मौके पर सभी को लोकतांत्रिक देश का जिम्मेदार नागरिक होने के नाते अपने मत का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया है ।

### आधी मजदूरी दर में काम कर रहे हैं मनरेगा मजदूर, समय पर नहीं मिलती मजदूरी



**केतार( गढ़वा)।** प्रखंड के मनरेगा मजदूरों को बाजार रेट से आधी दर पर काम करना पड़ रहा है। फिलहाल मनरेगा कार्यों में मजदूरों को 272 रू मजदूरी प्रतिदिन मिलती है। जबकि बाजार में यह दर 450-500 रू है। मनरेगा योजना में काम करने के वावजूद उनकी मजदुरी भुगतान महिनों तक लटका रह जाता है। इस तरह मजदूरों को मनरेगा योजना में काम करने से प्रतिदिन नुकसान हो रहा है।यह स्थिति पुरे राज्य में मनरेगा में काम करने वाले मजदूरों की है। हालाकि सरकारी व्यवस्था के तहत मनरेगा मजदूरों को जॉब सिक्युरिटी भी है। साथ ही मजदूरों को उनके गांवों में मजदूरों को रोजगार उपलब्ध भी करा दिया जाता है। उन्हें पुरे एक वर्ष में मात्र 100 दिन रोजगार दिया जाता है। इसके बाद मनरेगा मजदूर रोज कमाते और खाते है। हर? दिन मजदुरी मिलने के बाद शाम में खाने का समान लेकर घर लौटते हैं।तब उनके घरों में चुल्हा जलता है और भोजन पकता है।लेकिन मनरेगा योजना में काम करने वाले मजदूरों को 2-3 महिना और कभी-कभी इससे भी ज्यादा समय तक मजदुरी के पैसे का भुगतान का इंतजार करना पड़ता है।

### मुखिया के निरीक्षण में गायब मिली सीएचओ




**केतार।** केतार प्रखंड के मुकुन्दपुर पंचायत सचिवालय संचालित में उप स्वास्थ्य केंद्र का बुधवार को मुखिया मूंगा साह ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान (सीएचओ) कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर लालसा कुमारी गायब मिली। मुखिया के निरीक्षण में उपस्थिति पंजी में एडवांस उपस्थिति बनाने का भी मामला सामने आया है। मुखिया के द्वारा पूछे जाने पर उपस्थित कर्मियों के द्वारा बताया गया सीएचओ लालसा कुमारी ज्यादातर भवनाथपुर रहती है यहां वह कभी कभार आती है और उपस्थिति रजिस्टर पर पूरा हाजिरी बनाकर चली जाती है। अंतिम बार वह 29 अप्रैल को उप स्वास्थ्य केन्द्र में आई थी। सीएचओ द्वारा 30 अप्रैल का उपस्थिति भी उसी दिन बना दिया गया। मुखिया मूंगा साह ने कहा की ऐसी मनमानी नहीं चलेगी। सरकार कर्मियों को काम करने के लिए भेजा है, काम नहीं करना है तो नौकरी छोड़कर चले जायें। उन्होंने कहा की इसकी शिकायत चिकित्सा प्रभारी से करूंगा। इस सम्बन्ध में सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार ने कहा की मुकुन्दपुर और केतार में पदस्थापित सीएचओ द्वारा कार्य नहीं करने का जानकारी मिली है। जल्द ही दोनों सेंटर का समस्या का समाधान किया जायेगा।

# पेयजल के लिए तरस रहे हैं लोग



**नवीन मेल संवाददाता। बारियातू**

प्रखंड कार्यालय से महज एक सौ मीटर दूर गुलगुलिया मुहल्ला वासी पेयजल के लिए काफी परेशान हैं. विभाग से पेयजल सुविधा बहाल कराने की मांग की है। ग्रामीण सोनी देवी, दरगाही गुलगुलिया, मुन्नी देवी, माहिर पांसी, सूरज गुलगुलिया, गुड़ी देवी, मुनिया देवी, फूलो पांसी, कबूतरी देवी, सुमन देवी सहित अन्य गुलगुलिया परिवार ने जानकारी देते हुए बताया की हमलोग सौ से भी अधिक गुलगुलिया दलित परिवार निवास करते हैं। सरकार जल जीवन मिशन योजना के तहत घर-घर जलनल योजना के लिए मुहल्ले में जनवरी माह से सोलर जलमीनार लगाने का काम कर रही है। संवेदक पिछले चार माह में भी कार्य को पूर्ण नहीं किया है जिसके कारण पानी-पीने की सुविधा नहीं मिल रहा है जिससे मुहल्लावासियों को काफी परेशानी हो रही है। संवेदक के लापरवाही के कारण कई घरों मे पानी का भी कनेक्शन नहीं दिया गया है। इधर कड़ाके की असहनीय गर्मी से परेशान हैं। सोलर जलमिनार का कार्य पूर्ण नहीं होने से पेयजल आपूर्ति बाधित है जिसके कारण यहां के गुलगुलिया परिवार को काफी दूर से पानी लाकर दैनिक कार्य पूरी करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने उपायुक्त से सोलर जलमीनार का कार्य पूर्ण करवा पेयजल सुविधा बहाल कराने की मांग की है।

इधर प्रखंड क्षेत्र के टोटी पंचायत अंतर्गत टुन्डाहुटु ग्राम के वार्ड संख्या 12 मे पुराने चापानल मे मोटर लगाकर जल जीवन मिशन योजना के तहत जलमिनार लगाकर लगभग 28 घरो को पानी दिया गया था। जल जीवन मिशन योजना के लिए अलग से बोरिंग नही किया गया जिसके कारण कुछ ही दिनों मे पानी सुख गया व इस वार्ड सभी लोगों के घरो मे पानी पहुचना बन्द हो गया, इसके बाद से सभी लोग पेयजल व अन्य दैनिक कार्यों के लिए कुएं पर आश्रित हो गए। बढती गरमी व सभी लोगों के द्वारा लगातार उपयोग कुआँ का पानी से कर रहे हैं जो सुखने के कगार पर है इस वार्ड के निवासी लुरक गंझु। लखन गंझु सुरेन्द्र लोहरा सुदेश लोहरा, मदन लोहरा दशरथ लोहरा चिन्ता देवी आरती देवी, राजो मसोमात सहित कई लोगो ने इस टोले मे व्याप्त जल संकट को दुर करने के लिए जिला व प्रखण्ड प्रशासन से मांग की है ।

## मजदूर शब्द मजबूरी का प्रतीक नहीं, बल्कि मजदूर राष्ट्र व समाज के आधार हैं : डॉ जोश




**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़**

संत जेवियर्स महाविद्यालय महुआडांड़ के सभागार में मजदूर दिवस का अयोजन किया गया. इस कार्यक्रम की शुरूआत इतिहास विभाग के विद्यार्थियों द्वारा सुमधुर स्वरों से मजदूरों के सम्मान को लेकर एक गीत प्रस्तुत किया गया। गीत का भावार्थ यह था कि मजदूर हमारे गांव, समाज व राष्ट्र के विकास में अतुलनीय , असाधारण व महत्त्वपूर्ण अदा करते हैं फिर भी समाज में उनकी स्थिति गौण है, गीत के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि ₹आज भी मजदूर शोषित और पीड़ित है जबकि समाज कल्याण व समाज के विकास में सबसे ज्यादा मजदूरों का योगदान है। इस अवसर पर डॉ. फादर एम. के. जोश ने महाविद्यालय के सभी शिक्षेत्तर कर्मचारियों को गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। और उनके लिए तथा कॉलेज के सभी प्रोफेसर्स के लिए इस शुभ दिवस के दिन मिष्ठान की भी व्यवस्था की, तत्पश्चात प्राचार्य डॉ. फादर एम. के. जोश ने सभी विभाग के प्रोफेसर्स और शिक्षेत्तर कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस दुनिया में सभी व्यक्ति चाहे वे मानसिक कार्य कर रहें हों, या शारीरिक; सभी मजदूर हैं। मजदूर शब्द मजबूरी का प्रतीक नहीं है बल्कि ये राष्ट्र व समाज का आधार हैं। मजदूरों के परिश्रम के बिना समूचा राष्ट्र ही आधारहीन है। एक राष्ट्र का पूर्ण विकास तब तक नहीं हो सकता जब तक मजदूरों को उचित वेतन नहीं मिलेगा , और जब तक मजदूरों को उनके कार्य व योगदान के लिए समाज में सम्मान नहीं मिलेगा ।

## प्रशासन ने की ग्रामीणों से शत-प्रतिशत मतदान की अपील



**मयूरहंड(चतरा)।** जिले के मयूरहंड प्रखंड अंतर्गत पंदनी पंचायत सचिवालय परिसर में प्रखंड प्रशासन द्वारा मतदाता जागरुकता अभियान के तहत रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं एवं ग्रामीणों को बीडीओ मनीष कुमार एवं थाना प्रभारी राहुल सिंह द्वारा मजबूत लोकतंत्र के निर्माण के लिए मतदान करने के लिए प्रेरित करते हुए शतप्रतिशत मतदान किरने की अपील की। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने मतदाताओं को मताधिकार के महत्व को बताते हुए कहा कि जागरूक नागरिक होने का कर्तव्य निभाते हुए मजबूत लोकतंत्र के लिए अपना मतदान कर राष्ट्र व लोकतंत्र को मजबूत बनाने में सहयोग करें। इसके उपरांत उपस्थित सभी आजीविका से जुडी महिलाओं एवं ग्रामीणों ने स्वेच्छा से शपथ लिया कि हम सभी अपने मताधिकार का प्रयोग पूरे परिवार के साथ लोकसभा निर्वाचन में करेगे और सभी लोगो को भी जागरूक करेगे।

## बायोमेट्रिक के साथ ई-केवाईसी नहीं कराने पर बंद होगा गैस कनेक्शन

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

श्रीराम भारत गैस एजेंसी चंदवा ने गैस उपभोक्ताओं से बायोमैट्रिक के साथ ई-केवाइसी कराने की अपील की है। एजेंसी के प्रो अमित कुमार ने बताया कि ई-केवाइसी नही कराने पर उपभोक्ताओं को केंद्र सरकार से मिलने वाली सब्सिडी व गैस कनेक्शन बंद हो जाएगी। गैस एजेंसी मे बायोमैट्रिक ई-केवाईसी की प्रक्रिया विगत कई माह से की जा रही है लेकिन अभी भी काफी लाभुक बायोमैट्रिक ई-केवाईसी नही कराएं है। ई-केवाइसी कराने के लिए श्रीराम भारत गैस एजेंसी के संचालक अमित कुमार के द्वारा सभी उपभोक्ताओं को लगातार जानकारी दी जा रही है। इस बाबत अमित कुमार के द्वारा बताया गया कि ई-केवाईसी कराने के लिए ग्राहकों को आधार नंबर, एलपीजी आईडी या गैस कनेक्शन में निबंधित मोबाइल नंबर मे से कोई एक होना जरूरी है, तभी ई-केवाईसी पूरा हो पाएगा। एजेंसी द्वारा उपभोक्ता हित मे बताया गया कि इन तीनो उक्त में कोई एक जानकारी भरने के बाद फिंगर प्रिंट,फेस रिकाग्निशन या मोबाइल नंबर ओटीपी से ई-केवाइसी की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

इस जानकारी के लिए एजेंसी द्वारा लगातार उपभोक्ताओं से अपील की जा रही है। उपभोक्ता 15 दिनों के अंदर अपना-अपना ई केवाईसी करा लें। इसके अलावे इन्होंने बताया है कि अब गैस सिलेंडर लेने के लिए उपभोक्ता टोल फ्री नंबर 7710955555 या वाट्सएप 180022454344 पर गैस बुकिंग की प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। उन्होंने इस सम्बंध में अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए श्रीराम गैस एजेंसी के स्थानीय ऑफिस में सम्पर्क करने की भी बात कही है।

## पांचवें दिन पूर्व विधायक जयप्रकाश समेत 8 प्रत्याशियों ने चतरा लोस क्षेत्र से किया नामांकन



**चतरा।** चतरा लोकसभा क्षेत्र के नामांकन के पांचवें दिन 08 उम्मीदवारों ने उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी रमेश घोलप के समक्ष समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन पत्र दाखिल करने वालों में भाजपा के पूर्व विधायक जय प्रकाश सिंह भोगता ने निर्दलीय, योगेश कुमार सिंह झारखंड पार्टी, मोहम्मद अबुजर खान निर्दलीय, कामदेव डिहो राणा राष्ट्रीय जन उत्कर्ष पार्टी, कर्मलाल उरांव पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया, महेश बंदन बहुजन मुक्ति पार्टी, श्रीराम सिंह निर्दलीय और नागमणि ने निर्दलीय प्रस्तावक के द्वारा नामांकन दाखिल किया। ज्ञात हो नागमणि 1999 में चतरा लोकसभा से राजद के टिकट पर सांसद चुने गए थे। उसके बाद उन्होंने भाजपा के टिकट पर चतरा लोकसभा से चुनाव लड़ा, लेकिन सफल नहीं हुए। इसके बाद उन्होंने आजसू पार्टी से चुनाव लड़ा, लेकिन सफलता नहीं मिली थी। वहीं 2009 में तत्कालीन झाविमो के टिकट पर सिमरिया से जयप्रकाश सिंह भोगता विधायक चुने गये थे और 2014 में बीजेपी के टिकट पर चतरा से विधायक चुने गये। इस तरह से चतरा लोकसभा सह चतरा जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने का अनुभव श्री भोगता को है। जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्रों के मतदाताओं के बीच उनकी छवि भी अच्छी है। चुनाव लड़े के संबंध में पूर्व विधायक श्री भोगता का कहना है कि लोकतंत्र में सभी को चुनाव लड़ने की आजादी है। इस प्रकार नामांकन प्रक्रिया के पांचवें दिन तक कुल 20 उम्मीदवारों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। अब तक कुल 28 फॉर्म खरीदे जा चुके हैं।

## चटकपुर मंदिर में हुई तोड़फोड़, पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

**महुआडांड।** महुआडांड़ थाना क्षेत्र के ग्राम चटकपुर स्थित देवी मंदिर में लगे त्रिशूल को खंडित करने एवं मंदिर में लगे ध्वजों को नुकसान पहुंचाने के आरोपी धनंजय कुजूर को गिरफ्तार किया। ग्राम चटकपुर के बैगा मोहन नगेसिया के द्वारा महुआडांड़ थाना में आरोपी के खिलाफ लिखित आवेदन दिया गया। जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए महुआडार एस डी पी ओ हिमांशु चंद्र मांझी दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। जहां निरीक्षण के दौरान आरोपी के पास से मंदिर का त्रिशूल बरामद किया, जिसके बाद आरोपी धनंजय कुजूर को गिरफ्तार कर महुआडांड़ थाना ले आए। हिंदू महासभा चटकपुर के अध्यक्ष शत्रुघ्न प्रसाद समेत हिंदू समाज के लोगों ने प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई पर आभार व्यक्त किया।

### मतदाता जागरूकता मंच की हुई बैठक

## शत-प्रतिशत मतदान की शपथ दिलाई गई



**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**

प्रखंड कार्यालय सभागार में गुरुवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज व अंचलाधिकारी मनोज कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में प्रखंड मतदाता जागरूकता मंच की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रखंड के सभी विभागों के कर्मी, जनप्रतिनिधि समेत काफी संख्या में लोग शामिल हुए.बैठक में शत प्रतिशत मतदान कराने को लेकर सभी विभाग के लोगों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। वही वही सब प्रतिशत मतदान करने को लेकर उपस्थित सभी लोगों को प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी ने संयुक्त रूप से शपथ दिलाई। निर्देश दिया गया कि सभी लोग अपने-अपने क्षेत्र शत प्रतिशत मतदान को लेकर जागरूकता अभियान चलाते हुए. सभी को मतदानकरने के लिए प्रेरित करेंगे।

वही शत प्रतिशत मतदान कराने को लेकर चुनाव आयोग द्वारा उपलब्ध कराए गए बैनर पोस्टर भी अपने अपने क्षेत्र में वितरण हेतु कर्मी को उपलब्ध कराया गया। बैठक मे प्रभारी पंचायती राज पदाधिकारी विजय शंकर राम, सीआई सुरेश राम,अरविंद कुमार रवि,मनोज कुमार , जावेद अख्तर,देव लाल राम,सर्वेश सिंह समेत काफी संख्या में लोग शामिल थे।


## कार्यालय जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त चतरा
### (लेखा व्यय कोषांग, लोक सभा आम चुनाव-2024)

-:सूचना:-

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि लोक सभा आम चुनाव – 2024 के सभी प्रत्याशी द्वारा चुनाव कार्य में प्रचार–प्रसार, रैली, जनसभा, गोष्ठी, चुनाव कार्यालय इत्यादि पर किये जाने वाले व्यय का लेखा जोखा का सत्यापन एवं संधारण लेखा व्यय कोषांग, विकास भवन, चतरा में किया जा रहा है। इस क्रम में प्रत्याशियों/उनके निर्वाचन अभिकर्ता की उपस्थिति में उनके लेखा पंजी, चुनाव हेतु संधारित खाता का पासबुक एवं व्यय विपत्रों की जांच निम्न कार्यक्रम के अनुरूप व्यय प्रेक्षक महोदय 04–चतरा संसदीय क्षेत्र की अध्यक्षता में किया जाएगा :–

| क्र0 सं0 | जांच की तिथि | भाग लेने वाले लेखा व्यय कोषांग के कर्मी/पदाधिकारी | आवश्यक कागजात | जाँच स्थल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 09.05.2024 | 26–सिमरिया एवं 22–बड़कागांव, 27–चतरा, 73–मनिका, 74–लातेहार एवं 75–पांकी के लेखा व्यय कोषांग से संबंधित पदाधिकारी, कर्मी एवं सहायक व्यय प्रेक्षक | प्रत्याशी/चुनाव अभिकर्ता द्वारा संधारित SOR पंजी, खाता का अद्यतन पासबुक, सभी व्यय विपत्र, कार्यक्रम का आदेश एवं अन्य कागजात। | डी0एम0 एफ0टी0 प्रशिक्षण हॉल चतरा विकास भवन के बगल में। |
| 2 | 14.05.2024 | | | |
| 3 | 18.05.2024 | | | |

उपरोक्त निर्धारित तिथियों को आपकी उपस्थिति अनिवार्य है। आग्रह है कि उक्त तिथियों को उपस्थित होना सुनिश्चित किया जाय।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह–
निर्वाची पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, चतरा

PR 324263 Election(24-25)#D



चुनाव का पर्व DESH KA GARV

## समाहरणालय, गढ़वा (जिला निर्वाचन शाखा)

### आदेश

लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 28A में निहित प्रावधानुसार तथा भारत निर्वाचन आयोग के पत्रांक 52/2023/SDR/VOL-4 दिनांक 31.10.2023 से प्राप्त निदेश के आलोक में लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के क्रम में मतदान की प्रक्रिया संपन्न कराने हेतु प्रतिनियुक्त मतदान कर्मी यथा मतदान दल के कर्मी, माईक्रो ऑब्जर्वर, सेक्टर दण्डाधिकारी, विडियोग्राफर, वेब कास्टिंग कर्मी, सभी प्रकार के पुलिस पदाधिकारी, आवश्यक सेवा में लगे अनुपस्थित मतदाता, वाहन चालक आदि के लिए पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान की सुविधा उपलब्ध कराये जाने हेतु निम्नानुसार सुविधा केन्द्र (**Facilitation Centre**) का अधिश्ठापन किया जाता है :–

| क्र0 | निर्वाचन क्षेत्र का नाम | सुविधा केन्द्र (Facilitation Centre) हेतु चिन्हित स्थल | मतदान की तिथि एवं समय | कर्मियों की कोटि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 80–गढ़वा वि0स0 क्षेत्र | गोविन्द +2 उच्च विद्यालय, गढ़वा, कमरा संख्या 17 | 03.05.24 से 07.05.24 10:00 am to 05:00 pm | मतदान दल के कर्मी, माईक्रो ऑब्जर्वर, सेक्टर दण्डाधिकारी, विडियोग्राफर, वेब कास्टिंग कर्मी |
| 2 | 81–भवनाथपुर वि0स0 क्षेत्र | गोविन्द +2 उच्च विद्यालय, गढ़वा, कमरा संख्या 18 | 03.05.24 से 07.05.24 10:00 am to 05:00 pm | |
| 3 | अन्य सभी निर्वाचन क्षेत्र | गोविन्द +2 उच्च विद्यालय, गढ़वा, कमरा संख्या 19 | 03.05.24 से 07.05.24 10:00 am to 05:00 pm | |
| 4 | 80–गढ़वा वि0स0 क्षेत्र | पुलिस केन्द्र, गढ़वा स्थित बैडमिंटन कोर्ट | 03.05.24 से 07.05.24 10:00 am to 05:00 pm | सभी प्रकार के पुलिस पदाधिकारी |
| 5 | अन्य सभी निर्वाचन क्षेत्र | पुलिस केन्द्र, गढ़वा स्थित बैडमिंटन कोर्ट | 03.05.24 से 07.05.24 10:00 am to 05:00 pm | |
| 6 | सभी निर्वाचन क्षेत्र | भूतल पर कमरा सं0–117, समाहरणालय, गढ़वा | 09.05.24 से 11.05.24 10:00 am to 05:00 pm | सभी कर्मियों के लिए |
| 7 | सभी निर्वाचन क्षेत्र | **Dispatch Centre**, नामधारी कॉलेज, गढ़वा | 12.05.24 10:00 am to 05:00 pm | सभी कर्मियों के लिए |

नोडल पदाधिकारी, पोस्टल बैलेट कोशांग, गढ़वा उक्त केन्द्र के लिए कार्मिक कोषांग, गढ़वा से इसके लिए नामित मतदान कर्मी को सूचित करते हुए निर्धारित तिथि व समय पर नियमानुसार मतदान कराना सुनिश्चित करेंगे।

नोडल पदाधिकारी, वाहन कोशांग, गढ़वा सुविधा केन्द्र पर मतपत्र का परिवहन हेतु वाहन की व्यस्था करते हुए वाहन नोडल पदाधिकारी, पोस्टल बैलेट कोशांग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

पुलिस अधीक्षक, गढ़वा पोस्टल बैलेट की सुरक्षा हेतु पर्याप्त संख्या में पुलिस बल प्रत्येक यात्रा के लिए ससमय उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी,
–सह– उपायुक्त, गढ़वा।

PR.NO.324321 Election(24-25):D



## जिला समादेष्टा कार्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, गढ़वा।
### (आवश्यक सूचना)

आगामी लोकसभा आम चुनाव–2024 के अवसर पर गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग झारखण्ड, राँची के पत्र सं0–2231, दिनांक–22.04.2024 एवं मुख्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, राँची के पत्रांक–820/OTD दिनांक– 16.04.2024 के द्वारा प्रभावित बल के 70 प्रतिशत गृह रक्षकों के अनुरूप 462 गृह रक्षकों की 05 (पांच) कम्पनी झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, मुख्यालय राँची द्वारा गठित की गई है। लोकसभा आम चुनाव–2024 में प्रतिनियुक्त होने वाले गृह रक्षक जिनका नाम सूची में अंकित है या कर्त्तव्य के लिए प्रतिक्षारत हैं, वें दिनांक–04.05.2024 तक अपना आगमन चुनाव डियूटी हेतु अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय में करना सुनिश्चित करेंगे। चुनाव डियूटी में किसी भी प्रकार की उदासीनता बरते जाने पर विधि सम्मत कार्रवाई करते हुए आपका नामांकन रद्द करने की अनुशंसा की जा सकती है, इसके लिए आप स्वयं जिम्मेवार होगें।

| SL. NO. | FORCE NO. | NAME | SL. NO. | FORCE NO. | NAME |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 43 | SANJIT MINJ | 122 | 1021 | SANOJ PRASAD |
| 2 | 51 | PANKAJ KUMAR TIWARI | 123 | 1036 | MAHENDRA PRASAD YADAV |
| 3 | 55 | SURENDRA THAKUR | 124 | 1046 | AWDHESH TOPPO |
| 4 | 60 | AJAY LAL | 125 | 1050 | RAKESH KUMAR YADAV |
| 5 | 63 | UPENDRA KUMAR | 126 | 1065 | UMESH PRASAD |
| 6 | 69 | RAJNATH YADAV | 127 | 1072 | LAXMAN KUMAR SINGH |
| 7 | 95 | NAGESHWAR RAM | 128 | 1078 | ASARFI MEHTA |
| 8 | 96 | LAW KUMAR PANDEY | 129 | 1085 | MANSAROVAR VISHWAKARMA |
| 9 | 104 | RAMNATH BAITHA | 130 | 1089 | RAJKENDRA RAM |
| 10 | 116 | PRAMOD KUMAR | 131 | 1095 | BINDU CHOUDHARY |
| 11 | 119 | MANMOHAN ORAON | 132 | 1099 | ULENDRA KUMAR GUPTA |
| 12 | 136 | SHIV KUMAR PASWAN | 133 | 1105 | BULLU PRASAD YADAV |
| 13 | 156 | RAKESH KUMAR UPADHYAY | 134 | 1122 | RAJU RANJAN RAY |
| 14 | 157 | RAGANI KUMARI | 135 | 1134 | DEVENDRA KUMAR BAITHA |
| 15 | 181 | SANTOSH KUMAR SUKLA | 136 | 1135 | MUNNA LAL |
| 16 | 184 | JAMIDAR PARHIYA | 137 | 1137 | VIKESH KUMAR |
| 17 | 190 | BHAGIRATHI RAM | 138 | 1138 | PAWANSUT VISWAKARMA |
| 18 | 191 | MAHENDRA KUMAR | 139 | 1142 | MANOJ KUMAR BAITHA |
| 19 | 195 | VIJAY RAM | 140 | 1156 | SRIKANT VISHWARMA |
| 20 | 202 | JITENDRA PRASAD GUPTA | 141 | 1160 | YOGENDRA YADAV |
| 21 | 203 | SANJAY YADAV | 142 | 1164 | UMANAND PATEL |
| 22 | 222 | SUDAMA RAM | 143 | 1165 | SURENDRA RAM |
| 23 | 226 | AMIRKA SINGH | 144 | 1166 | SHIVDAS YADAV |
| 24 | 228 | PRAMOD ORAON | 145 | 1167 | SANTOSH CHOUDHARY |
| 25 | 230 | RAJESH RAM | 146 | 1172 | SHIV KUMAR SINGH |
| 26 | 232 | RAMKUMAR BAITHA | 147 | 1175 | ASRAFI RAM |
| 27 | 238 | RAMLAKHAN YADAV | 148 | 1179 | NAGENDRA VISHWAKARMA |
| 28 | 245 | UMESH RAM | 149 | 1183 | RAJU THAKUR |
| 29 | 246 | BINDHYACHAL RAM | 150 | 1184 | VINAY KUMAR PASWAN |
| 30 | 263 | BINOD KUMAR GUPTA | 151 | 1187 | DINDAYAL MISHRA |
| 31 | 271 | RAJU ORAON | 152 | 1190 | INDRADEO PASWAN |
| 32 | 285 | RAKSHYA PRASAD YADAV | 153 | 1191 | VIJAY HORO |
| 33 | 295 | MAHENDRA PRASAD GUPTA | 154 | 1192 | NAWAL KISHOR SINGH |
| 34 | 370 | SHRIKANT SINGH | 155 | 1193 | RAMESH YADAV |
| 35 | 391 | KAMESHWAR RAM | 156 | 1194 | RAMESH RAM |
| 36 | 393 | SANJAY BAITHA | 157 | 1196 | KAMTA PRASAD |
| 37 | 397 | ARBIND PASWAN | 158 | 1200 | PAPPU KUMAR YADAV |
| 38 | 413 | BINDU RAM PASWAN | 159 | 1206 | UDAY KUMAR CHOUDHARY |
| 39 | 415 | NIRMAL RAM | 160 | 1208 | RAKESH KUMAR YADAV |
| 40 | 417 | MANOJ KUMAR | 161 | 1216 | PRAMOD KUMAR YADAV |
| 41 | 429 | SURENDRA SINGH | 162 | 1218 | RAMASHISH TIWARI |
| 42 | 433 | ALOK KANT YADAV | 163 | 1219 | VIKASH KUMAR CHOUBEY |
| 43 | 434 | BHOLA PRASAD GUPTA | 164 | 1224 | PARIKHA RAM CHANDRAVANSHI |
| 44 | 451 | BALGOBIND SINGH | 165 | 1225 | LAXMAN RAM |
| 45 | 453 | VIJAY XALXO | 166 | 1230 | UMESH CHANDRA YADAV |
| 46 | 481 | SUNDARDEV SINGH | 167 | 1231 | DINESH KUMAR RAM |
| 47 | 485 | DILAWAR KHAN | 168 | 1232 | RAMJEE YADAV |
| 48 | 516 | RAM PRAVESH SINGH | 169 | 1233 | NITESH KACHHAP |
| 49 | 517 | SUSHIL KUMAR MANJHI | 170 | 1247 | RAJKUMAR EKKA |
| 50 | 520 | VINAY RAM | 171 | 1248 | SURESH PRASAD YADAV |
| 51 | 527 | SUNESHWAR SINGH | 172 | 1252 | LALAN YADAV |
| 52 | 537 | BHUWNESHWAR YADAV | 173 | 1253 | BHARDWAJ SHUKLA |
| 53 | 565 | JASEEM ANSARI | 174 | 1254 | MANTOSH KUMAR SINGH |
| 54 | 606 | SANJAY VISHWAKARMA | 175 | 1257 | SANJAY KUMAR GUPTA |
| 55 | 608 | MUSLIM ANSARI | 176 | 1264 | VIKASH SINGH |
| 56 | 639 | RAJNATH ORAON | 177 | 1265 | RAMENDRA PASWAN |
| 57 | 641 | MAHENDRA ORAON | 178 | 1268 | SANJAY SINGH |
| 58 | 653 | SAKENDRA KUMAR SINGH | 179 | 1274 | BHIM KUMAR PASWAN |
| 59 | 657 | SIVSHANKAR YADAV | 180 | 1279 | ARVIND KUMAR MEHTA |
| 60 | 661 | MANGAL KUMAR SINGH | 181 | 1286 | SURENDRA KUMAR RAVI |
| 61 | 668 | SUBHASH SINGH | 182 | 1288 | SANTOSH KUMAR GUPTA |
| 62 | 670 | SURENDRA PRASAD YADAV | 183 | 1291 | AJAY SINGH |
| 63 | 686 | SATYENDRA PRASAD YADAV | 184 | 1296 | BHARDUL RAM |
| 64 | 701 | ASHUTOSH DHAR DUBEY | 185 | 1297 | SARVESH KUMAR SINGH |
| 65 | 703 | ARUN KUMAR YADAV | 186 | 1305 | SURYADEV YADAV |
| 66 | 706 | MANOJ KUMAR YADAV | 187 | 1306 | ASWANI KUMAR TIWARI |
| 67 | 716 | MD MAHTAB ALAM | 188 | 1316 | RAM BACHAN KORWA |
| 68 | 722 | MRITYUNJAY KUMAR PANDEY | 189 | 1321 | GAURISHANKAR YADAV |
| 69 | 725 | RAM VIJAY YADAV | 190 | 1322 | ANUP HORHORWA |
| 70 | 730 | RAVISHANKAR RAM | 191 | 1330 | SUNIL KUMAR YADAV |
| 71 | 735 | BINOD MISTRI | 192 | 1332 | MADAN KUMAR RAVI |
| 72 | 762 | ASHISH KUMAR PANDEY | 193 | 1343 | PRITHVISEN KUJUR |
| 73 | 769 | ARUN KUMAR | 194 | 1346 | AMIT BAKHALA |
| 74 | 771 | MANOJ SAH | 195 | 1348 | PRADEEP KUMAR MEHTA |
| 75 | 772 | SUDAMA SINGH | 196 | 1349 | SANTOSH KUMAR BHARTI |
| 76 | 773 | AJAY RAM | 197 | 1351 | PANKAJ KUMAR MEHTA |
| 77 | 776 | ANUJ KUMAR BAITHA | 198 | 1360 | PRAHLAD RAM |
| 78 | 780 | ASHOK KUMAR RAM | 199 | 8381 | GOPAL PRASAD GUPTA |
| 79 | 793 | SATISH KUMAR PANDEY | 200 | 8424 | SANTOSH KUJUR |
| 80 | 797 | PREM SHANKAR MISHRA | 201 | 8575 | HALKAN VISHWAKARMA |
| 81 | 812 | BIRENDRA SINGH | 202 | 8629 | BHARDWAJ TIWARI |
| 82 | 813 | PANKAJ KUMAR | 203 | 8631 | RUDRADHARMANI DUBEY |
| 83 | 816 | ANUJ KUMAR | 204 | 9391 | SHIV KUMAR YADAV |
| 84 | 817 | RAVIKANT TIWARI | 205 | 9400 | SITA RAM |
| 85 | 821 | SAMBHUNATH SINGH | 206 | 9663 | SUDAMA RAM |
| 86 | 822 | RAVINDRA KUMAR YADAV | 207 | 9669 | KARMU SINGH |
| 87 | 824 | SANJIV KUMAR SINGH | 208 | 9937 | KUSH KUMAR PANDEY |
| 88 | 833 | ABHAY RAM | 209 | 9953 | ANIL KUMAR |
| 89 | 835 | NANKU SAH | 210 | 9982 | VINOD CHOUDHARY |
| 90 | 836 | BINOD PAL | 211 | 10024 | VIKRAMA TIWARI |
| 91 | 838 | BADARUDIN HAJAM | 212 | 10084 | SURAY KUMAR PAL |
| 92 | 845 | MD SAD HUSSEN | 213 | 10102 | KRISHNA PRASAD MEHTA |
| 93 | 855 | GURUDEV VISWAKARMA | 214 | 10273 | VASHI AHMAD ANSARI |
| 94 | 857 | ARUN KUMAR PASWAN | 215 | 10282 | ONKAR NATH DUBEY |
| 95 | 858 | JAGARNATH MAHTO | 216 | 10301 | ANIL RAM |
| 96 | 866 | ASHOK KUMAR PASWAN | 217 | 10337 | RAMNATH MISTRI |
| 97 | 870 | VIVEKANAND PANDEY | 218 | 10342 | JAGDHI RAM |
| 98 | 873 | BRIJESH KUMAR | 219 | 10355 | HARIHAR RAM |
| 99 | 876 | RAMASHANKAR CHOUBEY | 220 | 10371 | RAMKRISHNA MAHTO |
| 100 | 879 | SITA RAM YADAV | 221 | 10500 | ALAKH TIWARI |
| 101 | 884 | AKHILESH RAM | 222 | 10514 | JAKIR ALI |
| 102 | 894 | LAXMI PRASAD | 223 | 10689 | SUKHARI SAW |
| 103 | 896 | ANAMULAHAQ | 224 | 10701 | DASHRATH RAM |
| 104 | 912 | BIKESH KUMAR SHARMA | 225 | 10711 | NANDU SINGH |
| 105 | 913 | SANJIV KUMAR SHARMA | 226 | 10718 | PRADEEP KUMAR SINGH |
| 106 | 926 | DHASHRATH YADAV | 227 | 10727 | RAMNATH RAM |
| 107 | 936 | MD SAGIR ALAM | 228 | 10729 | LALAN RAM |
| 108 | 943 | SACHIDANAND CHOUDHARY | 229 | 10740 | RADHAPRASAD THAKUR |
| 109 | 946 | SITAL MEHTA | 230 | 10742 | MUNDRIKA YADAV |
| 110 | 951 | SANJAY KUMAR UPADHYAY | 231 | 10743 | SHIVNARAYAN PRASAD YADAV |
| 111 | 955 | SUNIL KUMAR MEHTA | 232 | 10750 | PRADEEP KUMAR |
| 112 | 969 | DEV KUMAR RAM | 233 | 10756 | SAMBHU RAM |
| 113 | 982 | KAMLESH KUMAR CHOUDHARY | 234 | 10767 | GAYANI SHAW |
| 114 | 983 | SANTOSH KUMAR SINGH | 235 | 10912 | VISHNUDEV SINGH |
| 115 | 986 | SANTOSH YADAV | 236 | 10917 | AMERIKA RAM |
| 116 | 994 | RAGHUNATH RAM | 237 | 10919 | KANHAIYA DUBEY |
| 117 | 996 | GORAKH SINGH | 238 | 11023 | NANADLAL RAM |
| 118 | 1006 | RASHID KHAN | 239 | 11122 | UGESHWAR RAM |
| 119 | 1007 | BRAJESH PRASAD YADAV | 240 | 11138 | NANHKHU BAITHA |
| 120 | 1009 | DHARMENDRA KUMAR SINGH | 241 | 11140 | RAM NARAYAN YADAV |
| 121 | 1013 | LALJI PRASAD YADAV | 242 | 11185 | KAMLESH KUMAR MEHTA |

नोट–

उपरोक्त अंकित सैन्य संख्या/नाम में टंकक भूलवश कोई त्रुटि होने पर जिला समादेष्टा कार्यालय, गढ़वा में आप सभी सम्पर्क कर सकते है, साथ ही प्रभावित बल के वैसे गृह रक्षक जो डियूटी के लिए इच्छुक हों, जिनका नाम सूचि में नहीं हो वे कार्यालय में आकर अपना आगमन करा सकते हैं।

ह0/
पुलिस उपाधीक्षक (मु0) गढ़वा
–सह–जिला समादेष्टा,झारखण्ड
गृह रक्षा वाहिनी,गढ़वा।

PR 324282 Home(24-25)D

## एक नजर

### भंडरा में भाजपा का चुनावी कार्यालय का उदघाटन

**भंडरा/लोहरदगा।** भंडरा मंडल में भारतीय जनता पार्टी का लोकसभा चुनाव के निमित कार्यालय का उद्घाटन प्रदेश महामंत्री भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा बिंदेश्वर उराँव ने फीता काटकर एवम नारियल फोड़कर किया। बिंदेश्वर उराँव ने कहा कि कार्यालय खुलने के बाद प्रचार प्रसार में सुगमता होगी। सभी कार्यकर्ता कार्यालय आकर चुनाव प्रचार में लग जाये। इस बार भाजपा के लोकसकभा प्रत्यासी समीर उराँव को भारी बहुमत से जिताने का आह्वान किया। बैठक को प्रभारी ब्रजबिहारी प्रसाद, नीरज नलिन, त्रिवेणी दास, उमेश कास्यकार आदि ने भी संबोधित किया। सभी ने एक स्वर में समीर उराँव को जिताने की बात कहीं। उद्घाटन समारोह में राजकिशोर साहू,बिंदेश्वर महतो, राजेश साहू, रामविलास साहू, स्त्रवण गुप्ता, केदार प्रसाद, धनंजय तिवारी, दामोदर तिवारी, संजय महतो, बिना देवी, उमेश प्रजापति आदि मौजूद थे।

### लोहरदगा लोकसभा सीट भाजपा की आन बान और शान है : उरांव

**लोहरदगा।** भारतीय जनता पार्टी कैरो मंडल लखन उराँव की अध्यक्षता में लोकसभा चुनाव कार्यालय भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा झारखंड प्रदेश महामंत्री बिंदेश्वर उराँव ने फीता काटकर एवं नारियल फोड़कर किया। इसके पूर्व पहान के द्वारा पूजा पाठ किया गया। मौके पर श्री उराँव ने कहा कि लोहरदगा लोकसभा सीट भाजपा की आन बान और शान है। कार्यकर्ता इस बार भारी अंतर से जीतेंगे और यह सीट देश के विकाश के लिए समर्पित होगा। सांसद सुदर्शन भगत ने बहुत काम किया है।बचे हुए कार्यों को सांसद निर्वाचित होने के बाद समीर उराँव पूरा करेंगे। समीर उराँव एक गरीब परिवार से हैं और गरीबो के दर्द को भलीभाँति समझते हैं। सभा को अनुसूचित जनजाति मोर्चा विधानसभा प्रभारी बजरंग उराँव,विशेश्वर प्रसाद और आजसू स्के विपिन कुमार ने भी संबोधित किया। मोके पर मनोज साहू,कैलाश महतो, सुखराम उराँव,प्रकाश नायक आदि के साथ ढेर सारे कार्यकर्ता मौजूद थे।

### कुडू में स्वीप कार्यक्रम चलाया गया




**लोहरदगा।** लोहरदगा जिला के अंतर्गत पलाश ( जेएसएलपीएस ) द्वारा कुडू प्रखंड में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत स्वीप बैनर के तले सखी मंडल की दीदियों के द्वारा बैठक का आयोजन करके स्वीप पर शपथ दिलाई गयी और स्वीप लीफलेट का वितरण भी किया गया। साथ ही सबको 13 मई को मतदान करने के लिए जागरूक किया गया। कैरो प्रखंड में सखी मंडल की दीदियों के द्वारा स्वीप के अन्तर्गत संयुक्त रूप से एक साथ स्वीप स्लोगन के साथ पैदल, साईकिल एवं बाईक रैली निकली गयी और ग्रामीणों को मतदान के लिए जागरूक भी किया।

# राजनीतिक दलों के साथ उपायुक्त ने की बैठक, री-लोकेटेड बूथों की दी जानकारी

### 11 बूथ री-लोकेट किये जाने का निर्णय

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** जिला निवार्ची-सह-उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन 2024 हेतु पूर्व निर्धारित बूथों में से 11 रिलोकेटेड बूथों की जानकारी राजनीतिक दलों की बैठक में दी। उपायुक्त द्वारा 12-लोहरदगा के अभ्यर्थियों, 12-लोहरदगा (अजजा) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय/राज्यस्तरीय राजनीतिक दल/सभी एजेंट के साथ हुई बैठक में जानकारी दी गयी। उपायुक्त ने कहा कि इस बार निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत मतदान सुबह 7 बजे से शाम 5 चलेगा। ऐसे में घने वन व पहाड़ी क्षेत्र में मतदाताओं व पोलिंग पार्टियों की सुरक्षा को देखते हुए लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत में कुल 11 बूथ री-लोकेट किये जाने निर्णय लिया गया। जिसमें राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, केरार (बूथ संख्या-09) के स्थान पर राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय दुग्गु (बूथ संख्या - 10), राजकीयकृत मध्य विद्यालय बॉन्डोंबार (बूथ संख्या - 12) के स्थान पर राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बंगलापाट, (बूथ संख्या-21,उत्तरी भाग), राजकीयकृत मध्य विद्यालय, कौआडार (बूथ संख्या - 13) के स्थान पर राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय ओनेगड़ा (बूथ संख्या - 14), राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय सिंदूर (बूथ संख्या - 01) के स्थान पर प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय, मुंगो (बूथ संख्या - 11), राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय हेन्हे (बूथ संख्या - 03) के स्थान पर अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय, तुईमुपाट (बूथ संख्या - 02), राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय चपरोंग (बूथ संख्या - 04) के स्थान पर अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय, तुईमुपाट (बूथ संख्या - 02), राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय गणेशपुर (बूथ संख्या - 05) के स्थान पर अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय, तुईमुपाट (बूथ संख्या - 02), राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय मन्हेपाट (बूथ संख्या - 06) के स्थान पर प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय, मुंगो (बूथ संख्या - 11), राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय हेसाग कुम्बाटोली (बूथ संख्या - 07) के स्थान पर राजकीयकृत मध्य विद्यालय ऊपर तुरियाडीह (बूथ संख्या - 08), राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय पुंदाग (बूथ संख्या - 09) के स्थान पर राजकीयकृत मध्य विद्यालय ऊपर तुरियाडीह (बूथ संख्या - 08), राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय पहाड़डाडू (बूथ संख्या - 10) के स्थान पर राजकीयकृत मध्य विद्यालय ऊपर तुरियाडीह (बूथ संख्या - 08) शामिल हैं।




**वाहनों की संख्या पर्याप्त :** उपायुक्त ने कहा कि री-लोकेशन के कारण मतदाताओं की सुविधा के प्रखंड स्तर पर उनको मतदान केंद्र तक पहुंचाने के लिए पर्याप्त वाहनों की व्यवस्था की गई है। दिव्यांगों के लिए व्हील चेयर की व्यवस्था बूथों में है। इसके अतिरिक्त बूथों में वोलेंटियर की सुविधा दी गयी है, ताकि मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो।

**सुरक्षा सर्वोपरि : पुलिस अधीक्षक** पुलिस अधीक्षक ने इस मौके पर कहा कि बूथ को री-लोकेट करने का प्रमुख कारण सबकी सुरक्षा है। लोगों की सुरक्षा हमारा उद्देश्य शांतिपूर्ण व सुरक्षित मतदान कराना है।

### जिला में 40 इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम

उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर की ओर से कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। उन्होंने बताया कि लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के लिए लोहरदगा जिला में कुल 40 स्ट्रोंग रूम बनाये गए हैं। वोलेंटियर को मतदान केंद्र पर आईडी कार्ड दिया गया है। मतदाता के बीच बीएलओ के माध्यम से मतदाता पर्ची का वितरण किया जा रहा है, जिसमें आप जरूर शामिल हों। इसी दौरान एएसडी मतदाताओं की भी मार्किंग की जाएगी। बैठक में अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, पोस्टल बैलेट की वरीय पदाधिकारी सुषमा नीलम सोरेंग, एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा, उप निर्वाचन पदाधिकारी समेत अन्य उपस्थित थे।

## संकट मोचन मंदिर के वार्षिकोत्सव पर कलश पूजन व सुंदरकांड का हुआ पाठ

नवीन मेल संवाददाता



**चैनपुर।** प्रखण्ड मुख्यालय स्थित प्रेमनगर के संकट मोचन मंदिर का 21वां वार्षिक उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। आचार्य अवनीश पाठक संजय पाठक एवं ग्राम बैगा श्री रवि बैगा के द्वारा विधिवध रुप से कलश पूजन एवं सुंदरकांड का पाठ किया गया। मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया था। वहीं पूजा- अर्चना के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। जिसके उपरांत शाम के सात बजे से भंडारे का भी आयोजन किया गया और भंडारे के बाद बारह घंटे का अखंड हरि कीर्तन हरे राम हरे राम हरे कृष्ण हरे कृष्ण भक्तिमय वातावरण हो गया। जिसमें समस्त चैनपुर और प्रेमनगर के सनातनी भक्तों के द्वारा कीर्तन किया गया। इस मौके पर समाजसेवी अरूण चौधरी और कृष्णा प्रसाद ने बतलाया कि हर साल हनुमान मंदिर का वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया जाता है। इस वर्ष भी ग्रामीणों के सहयोग से वार्षिकोत्सव बड़े उत्साह के साथ संपन्न हुआ। मौके पर अरूण चौधरी, कृष्णा प्रसाद, राजेश राम, राजेन्द्र चौधरी, चंचल केशरी, गणेश साहू, गुड्डू साहू,सोनू गुप्ता, शिवम केशरी, रवि रंजन कुमार, राहुल कुमार, सहित अनेक माताएं और बहनें उपस्थित रहीं।

## नेशनल स्पोर्ट्स प्रमोशन ऑर्गनाइजेशन प्रतियोगिता में लोहरदगा के खिलाड़ियों का जबरदस्त प्रदर्शन

### 08 गोल्ड, 05 सिल्वर और 02 ब्रॉन्ज मैडल विजेता खिलाड़ियों का होगा भव्य स्वागत

**कुडू/ लोहरदगा।** दिल्ली में स्पोर्ट्स प्रमोशन ऑर्गनाइजेशन द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में लोहरदगा जिले के कराटेकारों एक बार फिर अपना जौहर दिखाया है। दिल्ली के इंद्रा गांधी इंडोर स्टेडियम और त्याग राज स्टेडियम में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के द्वारा मान्यता प्राप्त स्टेयर्स फाउंडेशन के बैनर तले 27 से 30 अप्रैल तक चली तीन दिवसीय राष्ट्रीय प्रतियोगिता में 08 गोल्ड, 05 सिल्वर और 02 ब्रॉन्ज मैडल सहित कुल 15 पदक अपने नाम कर कोच सह झारखण्ड स्टेइयर्स फाउंडेशन कराटे स्टेट हेड अमित कुमार सिंह ने बताया कि बुधवार की शाम जिले को गौरवान्वित कर लौट रहे खिलाड़ियों का कुडू बस स्टैंड में जोरदार स्वागत किया जाएगा। ज्ञात हो कि जिले के विभिन्न प्रखंडो से चयनित कुल 9 खिलाड़ियों को जिले के उपायुक्त ने जीत की अग्रिम बधाई देकर रवाना किया था। इस बेहतरीन जीत के लिए जिला कराटे संघ के सभी पदाधिकारी, जिले सहित संबंधित प्रखंडो के प्रसाशनिक पदाधिकारियों एवं जिले के सम्मानित लोगों ने सभी को बधाईयां दी हैं। खिलाड़ियों में अंडर 16 में कुडू की प्राची कुमारी ने एक स्वर्ण और एक रजत, कुमकुम ने दो स्वर्ण पदक, अंडर 13 में सोनिका एक स्वर्ण, अंडर 14 में सिमरन एक स्वर्ण पदक और एक रजत, तथा प्रतिभा ने एक स्वर्ण और एक कांस्य पदक प्राप्त किये हैं। कैरो प्रखंड से अंडर 19 वर्ष मे पंकज ने एक स्वर्ण और एक रजत पदक तथा अंडर 17 में कशिश ने एक रजत और एक कांस्य पदक प्राप्त किया है। वहीं सेन्हा प्रखंड केजीबीजी से अंडर 19 में आँचल ने एक स्वर्ण पदक और अंडर 17 में निर्मला ने एक रजत पदक हासिल किया है। इन्हें स्टेयरस फाउंडेशन के संस्थापक सिद्धार्थ उपाध्याय, पारस मिश्रा और नेशनल कराटे हेड मिथलेश कुमार विद्यार्थी द्वारा पुरस्कृत किया गया।

## भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील

नवीन मेल संवाददाता



**चैनपुर।** भारतीय जनता पार्टी मंडल चैनपुर में लोहरदगा लोक सभा के चुनावी कार्यालय का विधिवत उद्घाटन गुमला विधान सभा प्रभारी श्रीचंद प्रजापति,निर्वतमान विधायक कमलेश उरांव,मंडल अध्यक्ष मनोहर बड़ाईक,ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। तत्पश्चात स्थानीय भाजपा के पदाधिकारियों और दूर दराज से आए सैकड़ों कार्यकताओं ने मुंह मीठा कर प्रत्याशी समीर उरांव को भारी मतों से विजयी बनाने की बात कही। विधान सभा प्रभारी श्रीचंद प्रजापति ने आगामी शनिवार को सिसई में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन पर भारी संख्या में आने की अपील की। साथ ही उपस्थित कार्यकताओं को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपलब्धियों से रु बरु कराया। साथ ही बतलाया कि मोदी जी के नेतृत्व में देश प्रगति के मार्ग में अग्रसर है। उन्होंने 2014 में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर जन धन योजना की घोषणा की थी। इस योजना का मकसद देश के हर नागरिक को बैंकिंग सुविधा से जोड़ना था और इस योजना से लगभग साढ़े इक्कतीस करोड़ लोग लाभवानवित भी हुए। वहीं मौके पर मौजूद निवर्तमान विधायक कमलेश उरांव ने कहा कि अब चुनाव का बिगुल बज चुका है। आप सभी अलर्ट मोड पर आ जायें और मोदी जी की 400 सौ पार की माला का एक फूल समीर उरांव जी के रूप में जोड़कर लोहरदगा संसदीय क्षेत्र के सर्वांगीण विकास में अपना योगदान सुनिश्चित करें। मौके पर मुख्य रूप से भाजपा के घटक दल आजसू पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष मनोज साहू वरिष्ठ भाजपा नेता विनोद कुमार,अवधेश प्रताप शाहदेव, गजाधर सिंह, अमित किशोर पाण्डेय, नीरज शर्मा, अनिल केशरी, प्रदीप केशरी, राजेशरण भगत, त्रिभुवन प्रसाद, अरविंद मौर्य, बुधराम नायक, दीपक रजक, संतोष केशरी, कौशल केशरी, अनिल लोहरा, प्रफुल्ल उरांव, रुकमणी देवी, चंद्र किरण देवी, अर्चना देवी, भारती सिंह, संगीता देवी, गुलाब साय,गोवर्धन महतो,सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### महिला कॉलेज में चलाया गया मतदाता जागरूकता



**लोहरदगा।** मधुसूदन लाल महिला इंटर कॉलेज में स्वीप कोषांग के अंतर्गत विद्यार्थियों को मतदान के प्रति जागरूक कराया गया एवं उन्हें मतदान शपथ दिला और उनसे अपील की गई कि मतदान जरूर करें तथा अपने आसपास के लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करें ताकि लोहरदगा का मतदान प्रतिशत 90 प्रतिशत के पार पहुंच सके। साथ ही सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को कैसे जागरूक करें इसके बारे में बताया गया। इधर ,बाल्मीकि नगर लोहरदगा में स्वीप कोषांग के अंतर्गत मतदाताओं को जागरूक करने हेतु घर-घर जाकर लोगों को मतदाता मार्गदर्शिका देते हुए लोगों को 13 मई को अवश्य मतदान करने की अपील की गई तथा उन्हें मतदान देने के महत्व के बारे में भी बताया गया।

### भाजपा लोकतंत्र और संविधान को समाप्त करने की साजिश रच रही : अनुपमा भगत

**लोहरदगा।** लोहरदगा लोकसभा चुनाव में इंडिया महागठबंधन के प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा की जिला स्तरीय महत्वपूर्ण बैठक गुरुवार को झामुमो जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष मोजम्मिल अहमद की अध्यक्षता में हुई। बैठक में झामुमो जिलाध्यक्ष मोजम्मिल अहमद ने कहा कि यह चुनाव हमारे लिए महत्वपूर्ण है। अपने-अपने गाँव पंचायत पर ध्यान केंद्रित करें। झारखंड की अस्मिता, देश का संविधान, आपसी समरसता और भाईचारा को कायम रखना है, तो हमें इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी सुखदेव भगत को भारी बहुमत जीता कर गठबंधन को मजबूती प्रदान करनी होगी। पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष अनुपमा भगत ने केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार जनता को गुमराह किया है। देश में बेरोजगारी और महंगाई बढ़ी है। भाजपा लोकतंत्र और संविधान को समाप्त करने की साजिश रच रही है। प्रत्याशी सुखदेव भगत को विजय बनाएं, हम आपकी समस्याओं और आपके कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर सुलझाने के लिए आपके साथ हमेशा खड़ा रहेंगे। मौके पर जिला परिषद सदस्य सह झामुमो नेत्री राधा तिर्की, जिला सचिव अनिल उरांव, केन्द्रीय समिति सदस्य समीद अंसारी, विनोद यादव, इंजीनियर जफर इकबाल, महिला जिलाध्यक्ष सरिता भगत, जिला उपाध्यक्ष मुकेश साहू , विनोद यादव , समीद अंसारी, जिला सचिव अनिल उरांव , मुकेश साहू, समेत बड़ी संख्या में झारखंड मुक्ति मोर्चा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

### मोदी के विजन और मिशन के तर्ज पर होगा क्षेत्र का विकास : समीर उरांव

**लोहरदगा।** लोहरदगा लोकसभा संसदीय क्षेत्र के भाजपा उम्मीदवार सह राज्यसभा सांसद समीर उरांव ने जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान भाजपा प्रखंड अध्यक्ष मुकेश कुमार साहू की अध्यक्षता में किसको बाजार चौक में चुनावी कार्यालय का उद्घाटन संपन्न हुआ। ग्राम नवाडीह में मौलाना अशरफी के आवास के निकट मुस्लिम अल्पसंख्यकों से भी भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव रू ब रू हुए। मौके पर भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव ने पीएम मोदी जी की विजन और मिशन को विस्तार पूर्वक बताया। कहा फिर एक बार मोदी सरकार अबकी बार 400 पार। मौलाना अशरफी ने कहा कि समीर उरांव सिर्फ हर दिल अजीज ही नहीं, बल्कि समाज के सभी तबकों के लिए हर दिल के करीब हैं। इसलिए भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव की जीत पक्की होगी और मोदी जी की गारंटी के लिए हम सब गारंटर साबित होंगे। मौके पर भाजपा नेता अजय पंकज, बाल कृष्णा सिंह, मुन्नीलाल उरांव, राजकुमार मुंडा, मदन साहू, रामचरण साहू, सुरेश लोहार, रोशन कुमार साहू, आजसू नेता राजू गुप्ता, राजू अंसारी, मोइन अंसारी, इकबाल अंसारी, गुफरान अंसारी, इरफान अंसारी, तनवीर अहमद, तौकीर अंसारी, शमीम अंसारी इत्यादि शामिल थे।

### बीमारी से लड़ते हुए जिंदगी की जंग हार गए पवन सिंह

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के बुटी पंचायत अन्तर्गत चमडू निवासी देवसागर सिंह के 42 वर्षीय पुत्र पवन सिंह एक सामाजिक कार्यकर्ता के साथ कुशल व्यवसायिक थे.पवन सिंह लम्बे समय से बीमार चल रहे थे। वे बीमारी से लड़ते लड़ते जिन्दगी का जंग हार गए। पवन सिंह देव आस्था होंडा बाइक शो रूम का संचालक थे। परिजनों ने जानकारी देते हुए कहा कि पवन सिंह काफी दिनों से बीमारी से ग्रसित थे। दो दिन पूर्व अचानक उनकी स्थिति काफी खराब हो गयी। उन्हें इलाज के लिए पल्स अस्पताल रांची में भर्ती कराया गया, परंतु बीमारी ने पवन सिंह को इस कदर जकड़ लिया कि वह जिंदगी का जंग बीमारी से लड़ते लड़ते हार गये। निधन के बाद अंतिम संस्कार के लिए शव पैतृक गांव चमडू लाया गया। जहां विधि विधान के साथ दाह संस्कार हुआ। वहीं 12 वर्षीय पुत्र अंशुमान सिंह अपने पिता को मुखाग्नि दी। उनकी आकस्मिक निधन की सूचना पर भाजपा नेता भिखारी भगत,जयप्रकाश साहु के अलावे प्रदीप सिंह,सतीश मिश्रा सहित रिश्तेदार व ग्रामीण अंतिम यात्रा में शामिल हुए।

**समाहरणालय, गढ़वा (निर्वाचन शाखा)**

**आदेश**

लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 के अवसर पर मतदान कर्मियों, बी.एल.ओ. एवं अनिवार्य सेवा के मतदान कर्मियों को पोस्टल बैलेट से मतदान कराने हेतु समाहरणालय गढ़वा के प्रथम तल पर अवस्थित जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, गढ़वा का कक्ष कमरा सं0– 112 कोडाक मतदान केन्द्र (**Postal Voting Centre-PVC**) के रूप में चिन्हित किया जाता है।

उपरोक्त चिन्हित कमरे में चरणवार मतदान निम्नविवरण के अनुसार कराया जाना है:–

| Sl. No. | Phase of Election | Start Date of Voting at PVC | End Date of Voting at PVC | Category of Employee | Timing |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 4th Phase | 07.05.2024 | 09.05.2024 | Electors of All Essential Services Departments | 10.00 AM to 5.00 PM |

नोडल पदाधिकारी, पोस्टल बैलेट कोशांग, गढ़वा उक्त केन्द्र के लिए नियमानुसार कार्मिक कोशांग, गढ़वा से इसके लिए नामित मतदान कर्मी को सूचित करते हुए निर्धारित तिथि से नियमानुसार मतदान कराना सुनिश्चित करेंगे।

नोडल पदाधिकारी, वाहन कोशांग, गढ़वा डाक मतदान केन्द्र (Postal Voting Cenre-PVC) परमतपत्र का परिवहन हेतु वाहन की व्यवस्था करते हुए वाहन नोडल पदाधिकारी, पोस्टल बैलेट कोशांग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

पुलिस अधीक्षक, गढ़वा पोस्टल बैलेट की सुरक्षा हेतु पर्याप्त संख्या में पुलिस बल प्रत्येक यात्रा के लिए ससमय उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी,
–सह–उपायुक्त, गढ़वा।

PR 324283 Election(24-25)D

**जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय,पलामू**
**(उत्पाद शाखा)**

**आदेश**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी–सह–सचिव, झारखण्ड, रांची के पत्र संख्या–01/नि0 वि0–22–23 (पार्ट–1)/2020/1186 दिनांक–18.03.2024 एवं आयुक्त उत्पाद, झारखण्ड, रांची के पत्र संख्या–814 दिनांक–12.04.2024 के द्वारा निहित निदेशों एवं लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम–1951 की धारा–135(C) के आलोक में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मैं शशि रंजन, भा0प्र0से0, जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, पलामू लोक सभा निर्वाचन–2024 के अन्तर्गत स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान के उद्वेश्य से मतदान की तिथि को मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व में एवं पुर्नमतदान की तिथि (यदि आवश्यक हुआ तो) एवं मतगणना की तिथि को सभी प्रकार की मदिरा एवं मादक पेय पदार्थों की बिक्री पर पलामू जिलान्तर्गत निम्नप्रकार से "शुष्क दिवस" (Dry Day) घोषित करता हूँ।

| क0 सं0 | लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र का नाम | मतदान का चरण | मतदान की निर्धारित तिथि | "शुष्क दिवस" (Dry Day) की तिथि एवं अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पलामू | चतुर्थ चरण | 13.05.2024 | दिनांक–11.05.2024 को अपराह्न 5:00 बजे से दिनांक–13.05.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक |
| 2 | चतरा | पंचम चरण | 20.05.2024 | दिनांक–18.05.2024 को अपराह्न 5:00 बजे से दिनांक–20.05.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक |
| 3 | सासाराम, कराकाट | सातवॉ चरण | 01.06.2024 | दिनांक–30.05.2024 को अपराह्न 5:00 बजे से दिनांक–01.06.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक |

मतगणना हेतु निर्धारित तिथि:–

| क0सं0 | मतगणना हेतु निर्धारित तिथि | पलामू जिलान्तर्गत | शुष्क दिवस |
|---|---|---|---|
| 4 | 04.06.2024 | सम्पूर्ण जिला | दिनांक–04.06.2024 |

2. शुष्क दिवस की उक्त अवधि में पलामू जिले की सभी खुदरा शराब दुकानें, होटल, रेस्तरॉ एवं बार, देशी/मसालेदार/Flavoured विनिर्माणशाला–सह–बॉटलिंग–सह–मद्यभण्डागार, देशी/विदेशी शराब थोक अनुज्ञप्ति प्राप्त परिसर पूर्णतः बन्द रहेंगे तथा किसी होटल, क्लब, भोजनालय, पाकशाला, दुकान तथा किसी निजी अथवा सरकारी स्थानों में कोई भी स्पिरिटयुक्त, किण्वित या मादक पदार्थों की बिक्री, लेन–देन और वितरण प्रतिबंधित रहेगी।

आदेश का अनुपालन सख्ती से किया जायेगा।

ह0/–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, पलामू

PR 324264 Palamu(24-25).D

## भीषण गर्मी के बावजूद भंडरा में निर्दलीय प्रत्याशी चमरा लिंडा की सभा में उमड़ी भीड़

# साजिश के तहत आदिवासियों को मिटाने का षडयंत्र : चमरा लिंडा

नवीन मेल संवाददाता



**भंडरा।** सरना कोड से ही आदिवासियों को कानून के सभी अधिकार मिलेंगे। सरना कोड को लेना जरूरी है. साजिश के तहत समय-समय पर सरना कोड को जनसंख्या प्रपत्र सहित अन्य संचिकाओ से हटाया जाता रहा है। आदिवासियों की आवाज बुलंद करने के लिए दिल्ली की लोकसभा में प्रतिनिधित्व जरूरी है। लोकसभा में सारण कोर्ट का आवाज बुलंद कर आदिवासियों का हक लिया जा सकता है। आप सभी का प्यार मिला तो सरना कोड लेने के लिए लोकसभा में आवाज बुलंद करने का काम में करूंगा। कांग्रेस एवं भाजपा दोनों ही पार्टी आदिवासी विरोधी हैं। 70 वर्षों तक कांग्रेस देश में राज किया, परंतु आदिवासियों की दशा और दिशा जहां की तहां है, बल्कि आदिवासियों की कई अधिकार कानून छीन लिए गए हैं। झारखंड में आदिवासियों की संख्या अच्छी रहते हुए भी आदिवासियों को नेतृत्व से दूर रखा गया है। आदिवासियों की हक अधिकार दिलाने के लिए वर्ष 2004 से मैं निरंतर प्रयास कर रहा हूं, परंतु साजिश के तहत मुझे आदिवासियों का हक लेने से दूर रखा जाता है। झारखंड सरकार में भी पिछले सरकारों के द्वारा मंत्री पद देने की घोषणा कर मंत्री पद नहीं दिया गया, जिसके कारण में ठगा महसूस कर रहा हूं। आदिवासियों को अपना अस्तित्व बचाए रखना जरूरी है। उक्त बातें लोहरदगा लोकसभा से निर्दलीय प्रत्याशी चमरा लिंडा ने चुनावी सभा संबोधित करते हुए कही। इंडिया गठबंधन से हटकर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में लोहरदगा लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे चमरा लिंडा भंडारा प्रखंड क्षेत्र के भैंसमुंदो गांव में एक चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। सभा में लोकसभा क्षेत्र के सभी विधानसभा क्षेत्र की प्रभारी सहित कार्यकर्ता एवं आम लोग उपस्थित थे। लिंडा ने कहा कि आदिवासी समर्थित उम्मीदवार को अपना वोट देकर आदिवासियों का आवाज बुलंद करने वाले प्रत्याशी को लोकसभा में भेजें। कांग्रेस के प्रत्याशी कहते हैं कि कांग्रेस को हराने के लिए भाजपा से मिल कर चुनाव लड़ रहे हैं। मुझे लोकसभा का चुनाव लड़ने से रोकने का कुछ प्रयास किया गया। इसके कारण निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहा हूं। कार्यक्रम को शिवराम कच्छप ने भी संबोधित किया। शिवराम कच्छप ने कहा कि चमरा लिंडा आदिवासियों की पहचान को बनाए रखने का काम किए हैं। कांग्रेस एवं भाजपा को आड़े हाथों लेते हुए शिवराम कच्छप ने कहा कि आदिवासियों को हक एवं अधिकार दिलाने के लिए चमरा लिंडा ही एक सक्षम नेता है। मंच का संचालन शामिल उरांव के द्वारा किया गया। समराला लिंडा के द्वारा आयोजित चुनावी सभा में पंचायत जनप्रतिनिधियों का भी अच्छी संख्या देखी गई. इस जनसभा में जिप सदस्य राजमणि उरांव, सुखदेव उरांव सहित अन्य पंचायत प्रतिनिधि भी मुख्य रूप उपस्थित थे।

# इंडी गठबंधन के प्रत्याशी विनोद सिंह ने किया नॉमिनेशन

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** बगोदर विधायक सह भाकपा माले नेता विनोद कुमार सिंह ने कोडरमा लोकसभा सीट के लिए बुधवार को नामांकन किया. इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी विनोद सिंह बुधवार को पपरवाटांड स्थित समाहरणालय पहुंचे और जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिले के डीसी नमन प्रियेश लकड़ा के समक्ष पर्चा दाखिल किया.

इस दौरान गांडेय विधानसभा से इंडिया गठबंधन प्रत्याशी कल्पना सोरेन, राज्यसभा सांसद सरफराज अहमद, पूर्व विधायक राजकुमार यादव, माले नेता राजेश सिन्हा, कांग्रेस जिलाध्यक्ष धनंजय सिंह, कांग्रेस कार्यकारी जिलाधिकारी सतीश केडिया समेत कई नेता मौजूद थे. नामांकन के बाद पपरवाटांड फुटबॉल मैदान में चुनावी सभा का भी आयोजन किया गया है. जहां मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य, मंत्री आलमगीर आलम, मंत्री सत्यानंद भोक्ता आदि कई लोग शामिल होंगे. नामांकन के बाद विनोद सिंह ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि महंगाई, बेरोजगारी हटाने का नारा दे कर भाजपा सत्ता में आयी लेकिन महंगाई बढ़ गयी तो बेरोजगारी भी बढ़ी. कहा कि प्रवासी मजदूर के मुद्दे पर भी केंद्र की सरकार कोई ठोस नीति नहीं बना सकी है।

# विवाहिता की संदेहास्पद स्थिति में मौत

## ससुराल पक्ष पर लगा हत्या का आरोप, जांच में जुटी पुलिस

**घटना को लेकर मायके वालों ने मृतका के सास - ससुर, देवर, ननद व अन्य पर हत्या का आरोप लगाया**



**घटना के वक़्त मृतका का पति मुंबई में था, मृतका के तीन बच्चें**

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** तिसरी थाना क्षेत्र के बरवाडीह गांव में में एक विवाहिता की संदेहास्पद स्थिति में मौत का मामला प्रकाश में आया है। मृतका का नाम 29 वर्षीय संजू देवी बताया जा रहा है जबकि घटना बुधवार मध्य रात्रि की बताई जा रही है। घटना की सूचना पर गुरुवार की सुबह मायके पक्ष वाले और तिसरी पुलिस मौके पर पहुंची। घटना को लेकर मायके वालों ने मृतका के सास - ससुर, देवर, ननद व अन्य पर हत्या का आरोप लगाया है।

पुलिस को दिए आवेदन में थाना क्षेत्र के घाघरा निवासी मृतका के चाचा कमल यादव ने लिखा है कि उनकी भतीजी संजू देवी बरवाडीह - सलैयाटिल्हा स्थिति अपने ससुराल के कमरे में थी। बुधवार की मध्य रात्रि मृतका के देवर कलेश्वर यादव, गोतनी, संगीता देवी, ससुर भूलो यादव, सास चांदो देवी और ननद सुजीता देवी द्वारा खिड़की का दरवाजा तोड़कर कमरे में प्रवेश किया गया और उनकी भतीजी संजू देवी के गले में गमछा का फंदा कस कर जान से मार दिया। साथ ही बक्शे में रखे लगभग डेढ़ लाख रुपए के जेवरात भी ले गए।

घटना के वक़्त मृतका का पति मुंबई में था, मृतका के तीन बच्चे भी हैं। बताया कि पूर्व में भी मृतका का विवाद ससुराल वालों से होता रहता था। उन्होंने दावा किया है कि पूर्व के विवाद को लेकर ही उनकी भतीजी की हत्या की गई है। इस मामले में तिसरी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गिरिडीह भेज दिया है। पुलिस मामले की पड़ताल में जुट गई है, जांच के बाद ही सारी चीजें स्पष्ट हो पायेगी।


## कार्यालय जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, चतरा

*Phone- 06541-223994,*
*E-mail-electionoffice.chatra@gmail.com*

**"आम सूचना"**

लोक सभा आम निर्वाचन–2024 के सफल संचालन हेतु सामान्य जन के चुनाव संबंधी किसी भी प्रकार के शिकायतों के समाधान हेतु 24x7 कार्यरत् जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गयी है। चुनाव से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत एवं जानकारी हेतु जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष के दूरभाष संख्या–06541–253219 मोबाईल नं0–9117619352 एवं Voter Helpline Number - 1950 (Toll Free No.) पर सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी,
PR 324312 Election(24-25)#D –सह–उपायुक्त, चतरा



चुनाव का पर्व
DESH KA GARV
LOK SABHA ELECTION-2024

सुदृढ़ प्रजातंत्र हेतु वृहत्तर सहभागिता

## कार्यालय: नोडल पदाधिकारी पोस्टल बैलेट/EDC कोषांग -सह- अनुमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा

**-: मतदान कर्मियों के लिए आवश्यक सूचना :-**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि लोकसभा निर्वाचन 2024 के निमित मतदान कर्मियों के लिए दिनांक 03.05.2024 से निर्धारित द्वितीय प्रशिक्षण के दौरान पोस्टल बैलेट से मतदान करने हेतु प्रशिक्षण स्थल गोविन्द+2 उच्च विद्यालय में सुविधा केन्द्र (Facilitation center) बनाया गया है। सुगम मतदान हेतु प्रथम पाली में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले मतदान कर्मी प्रशिक्षण के उपरान्त मतदान करेंगे एवं द्वितीय पाली में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले मतदान कर्मी प्रथम पाली में मतदान करेंगे।

नोडल पदाधिकारी,
पोस्टल बैलेट/EDC कोषांग
–सह–अनुमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा

PR 324286 Election (24-25)_D



चुनाव का पर्व
DESH KA GARV
LOK SABHA ELECTION 2024

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त का कार्यालय, लोहरदगा।

(ई0डी0सी0/पोस्टल बैलेट पेपर कोषांग)

**प्रेस विज्ञप्ति**

लोकसभा प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के धारा 28A में निहित प्रावधानानुसार तथा भारत निर्वाचन आयोग के पत्रांक 52/2023/SDR/Vol-4 दिनांक 31.10.2023 से प्राप्त निदेश के आलोक में लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के क्रम में मतदान की प्रकिया सम्पन्न कराने हेतु आवश्यक सेवा में लगे अनुपस्थित मतदाता के लिए पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान की सुविधा उपलब्ध कराये जाने हेतु पोस्टल वोटिंग सेन्टर (PVC) का अधिष्ठापन किया गया है :–

| क्र0 | लोकसभा क्षेत्र का नाम | सुविधा केन्द्र/पोस्टल वोटिंग सेन्टर | पोस्टल बैलेट हेतु स्थल का नाम | मतदान तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 5 | 12 लोहरदगा (अनु0जन0जा0) | पोस्टल वोटिंग सेन्टर (PVC) | अनुमण्डल कार्यालय लोहरदगा। | 07.05.2024 से 09.05.2024 तक |

ह0/–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, लोहरदगा।

PR 324288 Lohardaga(24-25)D



चुनाव का पर्व
DESH KA GARV
LOK SABHA ELECTION 2024

"सुदृढ़ प्रजातंत्र हेतु वृहत्तर सहभागिता"

## समाहरणालय, लातेहार

(निर्वाचन शाखा)

**आदेश**

भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के पत्रांक 78/EPS/2024 दिनांक16.03.2024 एवं मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड के पत्रांक 1145 दिनांक 16.03.2024 तथा कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड रांची के अधिसूचना संख्या 2493, दिनांक 04.04.2024 के आलोक में लोकसभा आम चुनाव, 2024 के मतदान के अवसर पर पांचवे चरण में चतरा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र अन्तर्गत लातेहार एवं मनिका विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में मतदान की तिथि यथा 20.05.2024 को निगोशिएबुल इन्स्ट्रूमेन्ट्स एक्ट, 1881 की धारा–25 के तहत सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है।

अतएव उक्त विभागीय निदेश के आलोक में पांचवे चरण के तहत चतरा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र मे स्थित लातेहार एवं मनिका विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में अवस्थित सभी सरकारी कार्यालय/सार्वजनिक प्रतिष्ठान मतदान की तिथि 20.05.2024 को बन्द रहेंगे।

सभी कार्यालय प्रधान, लातेहार जिला एवं सार्वजनिक प्रतिष्ठानों के प्रमुख उपरोक्त आदेश का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करेंगे।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, लातेहार।

PR 324259 Election(24-25)D



चुनाव सर्वोच्य प्राथमिकता

## जिला समादेष्टा का कार्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, पलामू

**(प्रेस विज्ञप्ति)**

आगामी लोकसभा आम चुनाव–2024 के अवसर पर गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग झारखण्ड, राँची के पत्र सं0–2231, दिनांक–22.04.2024 एवं मुख्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, राँची के पत्रांक–820/OTD दिनांक– 16.04.2024 के द्वारा प्रभावित बल के 70 प्रतिशत गृह रक्षकों के अनुरूप 415 गृह रक्षकों की 05 (पांच) कम्पनी झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, मुख्यालय राँची द्वारा गठित की गई है। जिसकी सूची अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय के सूचना पठ पर चिपका दी गई है। लोकसभा आम चुनाव–2024 में प्रतिनियुक्त होने वाले गृह रक्षक जिनका सूची में नाम अंकित है या कर्त्तव्य के लिए प्रतिक्षारत हैं, वें दिनांक–03.05.2024 तक अपना आगमन चुनाव डियूटी हेतु अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय में करना सुनिश्चित करेंगे। चुनाव डियूटी में किसी भी प्रकार की उदासीनता बरते जाने पर विधि सम्मत कार्रवाई करते हुए आपका नामांकन रद्द कर दिया जाएगा और इसके लिए आप स्वयं जिम्मेवार होगें।

अतः चुनाव कार्य को सर्वोच्य प्राथमिकता देते हुए अविलम्ब अपना आगमन जिला समादेष्टा कार्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, पलामू मे कराना सुनिश्चित करें।

सूची निम्नवत् है:–

| SL. NO. | FORCE NO. | NAME |
|---|---|---|
| 1 | 680 | PRAMOD KUMAR |
| 2 | 681 | ANAND KUMAR |
| 3 | 691 | BIRENDRA RAY |
| 4 | 699 | RANGNATH UPADHAYAY |
| 5 | 705 | DEEPAK KUMAR CHAUBEY |
| 6 | 707 | DHIRAJ KUMAR DUBEY |
| 7 | 708 | JITENDRA KUMAR |
| 8 | 710 | BADRI PRASAD |
| 9 | 716 | RANJIT KUMAR |
| 10 | 718 | MOHAN KUMAR BHAGAT |
| 11 | 719 | SHIV SHANKAR PRASAD |
| 12 | 722 | RANJEET KUMARR |
| 13 | 724 | SANTOSH KUMAR |
| 14 | 726 | OM SHASHIKESH KUMAR |
| 15 | 728 | SHIV PUJAN KUMAR |
| 16 | 729 | ARVIND KUMAR SINGH |
| 17 | 731 | RAKESH KUMAR PASWAN |
| 18 | 735 | PRINCE KUMAR |
| 19 | 737 | PRAMOD UPADHYAY |
| 20 | 739 | JAIDEV KUMAR |
| 21 | 740 | DHARMENDRA KUMAR SINGH |
| 22 | 741 | VINAY KUMAR |
| 23 | 745 | SUBHASH KUMAR SINGH |
| 24 | 751 | GITA DEVI |
| 25 | 752 | NIROOPA KUMARI |
| 26 | 753 | USHA KUMARI |
| 27 | 754 | RITA KUMARI |
| 28 | 755 | BINDU KUMARI SINHA |
| 29 | 759 | SANDHYA KUMARI |
| 30 | 760 | PUNAM DEVI |
| 31 | 761 | KALAWATI KASHYAP |
| 32 | 764 | RUCHI DEVI |
| 33 | 766 | DHIRAJ KUMAR RAY |
| 34 | 768 | CHANDAN BAITHAHA |
| 35 | 8459 | BACHAN RAY |
| 36 | 8464 | PRAMESHWAR BAITHA |
| 37 | 8470 | SAFI MOHAMMAD MIYAN |
| 38 | 8474 | NANDU THAKUR |
| 39 | 8488 | RAM NARESH THAKUR |
| 40 | 8497 | DAMODAR YADAV |
| 41 | 8521 | KRISHNA SINGH |
| 42 | 8568 | MAHESHWAR YADAV |
| 43 | 8591 | PRABHU SHANKAR SAW |
| 44 | 8659 | KAMLESH SINGH |
| 45 | 8660 | BIRBAL RAM |
| 46 | 8676 | RAMGATI RAM |
| 47 | 8685 | RAMKISUN YADAV |
| 48 | 8695 | AMBIKA RAM |
| 49 | 8718 | NAND KISHOR DIXIT |
| 50 | 8725 | BHOLA SAH |
| 51 | 8738 | PARBHU MAHTO |
| 52 | 8738 | PRABHU MAHTO |
| 53 | 8739 | RAMJEE MEHTA |
| 54 | 8769 | DASRATH YADAV |
| 55 | 8818 | BABAN PATHAK |
| 56 | 8853 | SHAMBHU PRASAD YADAV |
| 57 | 8873 | TALESHWAR SINGH |
| 58 | 8876 | SHYAM DEV MAHTO |
| 59 | 8877 | RAJDEV RAM |
| 60 | 8886 | BHAGWAN SINGH |
| 61 | 8894 | RAMLAKHAN SAW |
| 62 | 8895 | NIRANJAN MAHTO |
| 63 | 8909 | TIBHU SAW |
| 64 | 8914 | MANOJ SINGH |
| 65 | 8916 | SHIV BARAT SINGH |
| 66 | 8918 | RAM LAKHAN PRASAD |
| 67 | 8925 | KUWAR PRASAD YADAV |
| 68 | 8926 | RAMESHWAR SINGH |
| 69 | 8938 | RAJGIR SINGH |
| 70 | 8940 | TILKU MISTRI |
| 71 | 8950 | BALRAM YADAV |
| 72 | 8951 | MAHENDRA PRASAD |
| 73 | 8962 | JAGESHWAR MANJHI |
| 74 | 8964 | BALKESH MOCHI |
| 75 | 8973 | SACHIDANAND TIWARI |
| 76 | 8977 | HULASH SINGH |
| 77 | 8983 | SHIV KUMAR MAHTO |
| 78 | 8984 | ISHWARI MAHTO |
| 79 | 8994 | UJAGIR SINGH |
| 80 | 9005 | BIGAWAN SHUKLA |
| 81 | 9011 | PARMANAD MAHTO |
| 82 | 9012 | TETAR RAM |
| 83 | 9032 | BRAJESH KUMAR |
| 84 | 9042 | SOBARAN SINGH |
| 85 | 9060 | GANESH SINGH |
| 86 | 9070 | GANGA THAKUR |
| 87 | 9088 | AKHILESHWAR SHUKLA |
| 88 | 9092 | GANPAT RAM |
| 89 | 9115 | RAJ KUMAR MAHTO |
| 90 | 9117 | GUPTESHWAR MAHTO |
| 91 | 9120 | NAND KUMAR MAHTO |
| 92 | 9123 | NAIN BHUIYAN |
| 93 | 9124 | BISHUNDEV YADAV |
| 94 | 9132 | SHIVCHAND YADAV |
| 95 | 9133 | DWARIKA SINGH |
| 96 | 9153 | MAHENDRA MAHTO |
| 97 | 9156 | KAMESHWAR SINGH |
| 98 | 9158 | RAMSURESH MAHTO |
| 99 | 9174 | NAWAL KISHOR RAM |
| 100 | 9177 | SHYAM BIHARI SINGH |
| 101 | 9179 | MANNU KUMAR MAHTO |
| 102 | 9183 | SARYU MAHTO |
| 103 | 9194 | BINOD KUMAR MAHTO |
| 104 | 9200 | RAMESH MEHTA |
| 105 | 9209 | SUDHIP KUMAR SINGH |
| 106 | 9213 | DEVNARAYAN MAHTO |
| 107 | 9213 | DEV NARAYAN MAHTO |
| 108 | 9217 | NATHUNI SINGH |
| 109 | 9240 | UPENDRA SINGH |
| 110 | 9243 | SHYAM BIHARI MAHTO |
| 111 | 9244 | SUDAMA SINGH |
| 112 | 9248 | KAMAKHYA MEHTA |
| 113 | 9249 | JAINESHWAR RAM |
| 114 | 9257 | AMRESH MANJHI |
| 115 | 9265 | BABULAL MANJHI |
| 116 | 9268 | LAXMAN YADAV |
| 117 | 9269 | RAMJI YADAV |
| 118 | 9314 | SURESH MAHTO |
| 119 | 9315 | CHANDRIKA SINGH |
| 120 | 9316 | NAGESHWAR PRAJAPATI |
| 121 | 9318 | SUKHDEV RAM |
| 122 | 9338 | ABBAS ANSARI |
| 123 | 9353 | SURATNATH TIWARI |
| 124 | 9376 | RAJESHWAR YADAV |
| 125 | 9427 | KANHAI MAHTO |
| 126 | 9430 | NIRJAL MOCHI |
| 127 | 9448 | RAMCHANDRA MOCHI |
| 128 | 9456 | SATENDRA KUMAR MAHTO |
| 129 | 9459 | KULDEEP MAHTO |
| 130 | 9462 | TAPESHWAR MAHTO |
| 131 | 9513 | SITA RAM YADAV |
| 132 | 9577 | RAMNATH MAHTO |
| 133 | 9596 | MUKESH KUMAR PANDEY |
| 134 | 9602 | UMESH KUMAR SINGH |
| 135 | 9612 | SUDESHWAR UPADHYAY |
| 136 | 9621 | BAIJNATH SINGH |
| 137 | 9645 | SHANKAR MAHTO |
| 138 | 9646 | NARAD MAHTO |
| 139 | 9647 | AMBIKA PRASAD YADAV |
| 140 | 9648 | AJAY SHUKLA |
| 141 | 9651 | NAND KISHOR MAHTO |
| 142 | 9700 | RAM KATHIN MAHTO |
| 143 | 9719 | MRITUNJAY DUBEY |
| 144 | 9721 | SANJAY KUMAR DUBEY |
| 145 | 9722 | PARASNATH PRASAD |
| 146 | 9739 | SURESH SINGH |
| 147 | 9757 | BINAY KUMAR SHUKLA |
| 148 | 9766 | SHIV KUMAR RAM |
| 149 | 9775 | ASHOK KUMAR SINGH |
| 150 | 9780 | KARUNA KANT MISHRA |
| 151 | 9783 | KAMLESH TIWARI |
| 152 | 9785 | JITENDRA MOCHI |
| 153 | 9787 | RAJESHWAR SINGH |
| 154 | 9798 | RAJENDRA YADAV |
| 155 | 9799 | SUKESHWAR YADAV |
| 156 | 9801 | NAND KUMAR RAM |
| 157 | 9806 | CHHOTAR MANI SINGH |
| 158 | 9807 | RAJESHWAR MOCHI |
| 159 | 9810 | KRISHNA MAHTO |
| 160 | 9813 | SUDARSHAN MAHTO |
| 161 | 9822 | UDAL RAM |
| 162 | 9823 | BINOD SHUKLA |
| 163 | 9825 | SHARWAN RAM |
| 164 | 9826 | CHANDRIKA SINGH |
| 165 | 9832 | DHARMENDRA KUMAR DUBEY |
| 166 | 9858 | SATENDRA KUMAR SINGH |
| 167 | 9859 | SHIV NARAYAN SAW |
| 168 | 9861 | GANESHI YADAV |
| 169 | 9862 | DASHRATH RAJAK |
| 170 | 9866 | GHURA RAM |
| 171 | 9868 | JANESHWAR RAM |
| 172 | 9889 | AKSHEWAR RAM |
| 173 | 9892 | RANJEET SHARMA |
| 174 | 9895 | YUGESH RAM |
| 175 | 9896 | KAMALDEV NARAYAN SINGH |
| 176 | 9897 | MAHENDRA SINGH |
| 177 | 9898 | BARJESH NARAYAN SINGH |
| 178 | 9900 | SONA BACHA SINGH |
| 179 | 9933 | PARMESHWAR SINGH |
| 180 | 9939 | GOPAL RAM |
| 181 | 10006 | RAJA RAM MANJHI |
| 182 | 10044 | ISHWARI SINGH |
| 183 | 10049 | RAMDHYAN RAM |
| 184 | 10131 | FANESHWAR SINGH |
| 185 | 10133 | SUKHU SINGH |
| 186 | 10134 | ROHAN ORAON |
| 187 | 10171 | CHANDRADHAN MANJHI |
| 188 | 10204 | SANJAY KUMAR SINGH |
| 189 | 10238 | TIRTHRAJ SINGH |
| 190 | 10300 | BINOD RAM |
| 191 | 10385 | SURESH MEHTA |
| 192 | 10386 | SHANKAR MEHTA |
| 193 | 10388 | BINOD PRAJAPATI |
| 194 | 10390 | SATNARAYAN SHARMA |
| 195 | 10397 | BAIJNATH MAHTO |
| 196 | 10404 | SATENDRA KUMAR MISHRA |
| 197 | 10408 | NANDU SAW |
| 198 | 10415 | HARIHAR SAHU |
| 199 | 10416 | MURARI PRASAD |
| 200 | 10420 | AWADHESH KUMAR PANDEY |
| 201 | 10423 | RAJMANI CHAUDHARY |
| 202 | 10427 | SURESH MANJHI |
| 203 | 10432 | RAVINDRA MAHTO |
| 204 | 10435 | BALRAM PASWAN |
| 205 | 10445 | AFAK HUSSAIN |
| 206 | 10449 | NARESH SAW |
| 207 | 10451 | KHESHAL AHMAD |
| 208 | 10458 | BAIJNATH SINGH |
| 209 | 10460 | HEMANT KUMAR SINGH |
| 210 | 10461 | PRADESHI BHUIYAN |
| 211 | 10462 | PRAYAG RAM |
| 212 | 10464 | RAJENDRA MANJHI |
| 213 | 10465 | INDRANATH UPADHYAY |
| 214 | 10470 | ARJUN SINGH |
| 215 | 10471 | RAMKISHUN RAM |
| 216 | 10482 | UMESH MAHTO |
| 217 | 10483 | LALAN KUMAR SINGH |
| 218 | 10518 | IBRAR AHMAD |
| 219 | 10522 | SHIVNANDAN MAHTO |
| 220 | 10524 | SHIVSHANKAR SINGH |
| 221 | 10525 | UDAY VISHWAKARMA |
| 222 | 10527 | SATYA PRAKASH TIWARI |
| 223 | 10538 | PRABHUNATH SINGH |
| 224 | 10539 | NIRPATH SINGH |
| 225 | 10540 | RAJESHWAR SINGH |
| 226 | 10547 | KAMESHWAR MAHTO |
| 227 | 10548 | SITARAM THAKUR |
| 228 | 10553 | MURAT MAHTO |
| 229 | 10560 | HRIDYA MAHTO |
| 230 | 10561 | RAJESHWAR LAL |
| 231 | 10570 | MD ANSARI |
| 232 | 10570 | UDAY MISHRA |
| 233 | 10574 | SATENDRA PRASAD SINGH |
| 234 | 10581 | SARYU MAHTO |
| 235 | 10584 | SANJAY KUMAR UPADHYAY |
| 236 | 10587 | SHYAM BIHARI MISTRI |
| 237 | 10588 | RAJENDRA SAHU |
| 238 | 10589 | NAGENDRA PANDEY |
| 239 | 10593 | BINESHWAR RAM |
| 240 | 10600 | AJAY KUMAR SINGH |
| 241 | 10601 | NIRANJAN PRASAD SINGH |
| 242 | 10602 | SHAILENDRA BAKSHRAY |
| 243 | 10605 | LALMUNI MAHTO |
| 244 | 10606 | BHUPENDRA KUMAR SINGH |
| 245 | 10607 | SHIVDEEP SINGH |
| 246 | 10608 | ASHOK KUMAR SINGH |
| 247 | 10615 | LALDEV RAM |
| 248 | 10628 | BIRENDRA KUMAR DUBEY |
| 249 | 10785 | PARSHURAM SINGH |
| 250 | 10792 | NANDA RAM |
| 251 | 10796 | SURESH RAM |
| 252 | 10806 | VIJAY DIKSHIT |
| 253 | 10809 | VINOD YADAV |
| 254 | 10810 | AMBIKA RAM |
| 255 | 10813 | BINOD DIKSHIT |
| 256 | 10822 | MAHENDRA YADAV |
| 257 | 10832 | SARDA THAKUR |
| 258 | 10841 | PANKAJ BAITHA |
| 259 | 10847 | RAMLAKHAN CHAUDHARY |
| 260 | 10849 | RAMASHANKAR SHUKLA |
| 261 | 10851 | KRISHNA TIWARI |
| 262 | 10852 | SHASHIKANT TIWARI |
| 263 | 10853 | CHANDRADEV PRAJAPATI |
| 264 | 10854 | NIRANJAN VERMA |
| 265 | 10855 | RABINDRA KUMAR PANDEY |
| 266 | 10859 | SANTOSH KUMAR PANDEY |
| 267 | 10862 | RAJMUNI MAHTO |
| 268 | 10863 | PRABHU MAHTO |
| 269 | 10871 | SUDAMA SINGH |
| 270 | 10924 | KAMLESH PRASAD SINGH |
| 271 | 10925 | AKHILESH PATHAK |
| 272 | 10936 | RAMDHARI MANJHI |
| 273 | 10938 | JADPAL SINGH |
| 274 | 10946 | UMESH KUMAR SHUKLA |
| 275 | 10947 | SURAJ DEO PRAJAPATI |
| 276 | 10956 | BRIJ BIHARI SINGH |
| 277 | 10965 | PREM SHANKAR SAW |
| 278 | 10987 | SANJAY ORAON |
| 279 | 10998 | RAMBILASH ORAON |
| 280 | 11034 | NAND KISHOR YADAV |
| 281 | 11038 | KRISHNA RAM |
| 282 | 11039 | GAYA RAM |
| 283 | 11047 | RAMSWARUP PASWAN |
| 284 | 11050 | KAMESHWAR PASWAN |
| 285 | 11056 | DHRUP KUMAR PASWAN |
| 286 | 11059 | BHOLA YADAV |
| 287 | 11061 | GURU PD SINGH |
| 288 | 11065 | VIANY KUMAR SINGH |
| 289 | 11066 | PRABHU YADAV |
| 290 | 11067 | BIRENDRA KUMAR SINGH |
| 291 | 11069 | BRAJESH SINGH |
| 292 | 11077 | SANJAY KUMAR TIWARI |
| 293 | 11082 | MANOJ KUMAR RAM |
| 294 | 11093 | SHRI SINGH |
| 295 | 11095 | SURESH YADAV |
| 296 | 11097 | ASHOK RAM |
| 297 | 11104 | JANESHWAR PRAJAPATI |
| 298 | 11112 | JAGDEV RAM |
| 299 | 11125 | UDAY KUMAR SINGH |
| 300 | 11126 | YOGENDRA SINGH |
| 301 | 11168 | DHARMENDRA KUMAR DUBEY |
| 302 | 11178 | SHRIKANT PANDEY |
| 303 | 11182 | ISHWARI MANJHI |
| 304 | 11188 | MD ALLI HUSAIN |
| 305 | 11199 | SANJAY KUMAR PANDEY |
| 306 | 11207 | VINAY KUMAR DUBEY |
| 307 | 11224 | BANSHI KUMAR GUPTA |
| 308 | 11234 | KRISHNA MOHAN RAM |
| 309 | 11239 | SAROJ KUMAR MEHTA |
| 310 | 11243 | RAJU SINGH |
| 311 | 11246 | SUDHIR KUMAR PANDEY |
| 312 | 11249 | PRAVIN KUMAR TIWARI |
| 313 | 11252 | ANIL KUMAR YADAV |
| 314 | 11255 | NARAD YADAV |
| 315 | 11256 | AKHILESH YADAV |
| 316 | 11257 | ANUJ KUMAR |
| 317 | 11262 | MAHENDRA KUMAR YADAV |
| 318 | 11269 | BIJAY SINGH |
| 319 | 11270 | MARKANDEY KUMAR |
| 320 | 11272 | DHANANJAY SINGH |
| 321 | 11274 | SANTOSH KUMAR |
| 322 | 11278 | UPENDRA KUMAR CHAUBEY |
| 323 | 11279 | RAVINDRA KUMAR PANDEY |
| 324 | 11282 | ANUJ KUMAR |
| 325 | 11286 | UMESH SINGH |
| 326 | 11287 | RAMAKANT RAJAK |
| 327 | 11288 | PREMCHAND CHAUDHARY |
| 328 | 11296 | RAKESH KUMAR |
| 329 | 11297 | SUNIL YADAV |
| 330 | 11302 | JANESHWAR KUMAR YADAV |
| 331 | 11306 | RAJEEV RANJAN |
| 332 | 11312 | DINESH TIWARI |
| 333 | 11313 | ISWARI PRASAD YADAV |
| 334 | 11316 | MANOJ KUMAR YADAV |
| 335 | 11320 | SUNIL YADAV |
| 336 | 11323 | BIJENDRA PASWAN |
| 337 | 11326 | DILIP KUMAR YADAV |
| 338 | 11333 | NITESH KUMAR |
| 339 | 11334 | TULSHI YADAV |
| 340 | 11338 | DHARMENDRA YADAV |
| 341 | 11340 | MANTU THAKUR |
| 342 | 11343 | NAGDEV YADAV |
| 343 | 11345 | DHANANJAY NONIYA |
| 344 | 11350 | ARVIND KUMAR THAKUR |
| 345 | 11353 | ANIL KUMAR |
| 346 | 11354 | ABHISHEK ORAON |
| 347 | 11356 | JITENDRA KUMAR |
| 348 | 11359 | SUNIL KUMAR |
| 349 | 11360 | RAMLAL YADAV |
| 350 | 11362 | RAMPUKAR SINGH |
| 351 | 11363 | PRADEEP KUMAR |
| 352 | 11365 | RADHESHYAM ORAON |
| 353 | 11367 | RAKESH KUMAR PANDEY |
| 354 | 11370 | RAJKESHWAR YADAV |
| 355 | 11371 | SUDESH KUMAR MEHTA |
| 356 | 11372 | NAND DEO RAM |
| 357 | 11373 | BALESHWAR SINGH |
| 358 | 11375 | MAHESWAR MAHTO |
| 359 | 11376 | WAHID ANSARI |
| 360 | 11380 | RAMASHRAY KUMAR YADAV |
| 361 | 11382 | DIWAKAR MISHRA |
| 362 | 11394 | MD JAINULLAH ANSARI |
| 363 | 11397 | BIRENDRA KUMAR MEHTA |
| 364 | 11398 | ARUN KUMAR MEHTA |
| 365 | 11402 | GAJENDRA PRASAD |
| 366 | 11404 | SANJAY KUMAR PASWAN |
| 367 | 11405 | SUNIL RAM |
| 368 | 11407 | SHANKAR YADAV |
| 369 | 11409 | RAJ RAM |
| 370 | 11410 | KAMLESH YADAV |
| 371 | 11414 | AMITABH SINGH |
| 372 | 11416 | RABINDRA SINGH |
| 373 | 11418 | SANTOSH KUMAR |
| 374 | 11419 | UDESH YADAV |
| 375 | 11423 | JITENDRA ORAON |
| 376 | 11424 | SHARWAN KUMAR |
| 377 | 11426 | NARESH ORAON |
| 378 | 11427 | PRAKASH KUMAR SINGH |
| 379 | 11429 | JITENDRA KUMAR |
| 380 | 11435 | DAMODAR ORAON |
| 381 | 11436 | SABIR ANSARI |
| 382 | 11440 | SANDEEP KUMAR BAITHA |
| 383 | 11443 | CHANDAN KUMAR MAHATAM |
| 384 | 11446 | SUNIL RAM |
| 385 | 11447 | SANJAY KUMAR BAITHA |
| 386 | 11449 | PABIND ORAON |
| 387 | 11450 | RAMESH KUMAR |
| 388 | 11452 | INDAL KUMAR MEHTA |
| 389 | 11455 | AMIT KUMAR SINGH |
| 390 | 11456 | DHARMENDRA KUMAR |
| 391 | 11457 | VIJAY RAM |
| 392 | 11459 | SANTOSH PRASAD YADAV |
| 393 | 11461 | ANIL KUMAR RAM |
| 394 | 11462 | JINDAL KUMAR |
| 395 | 11465 | GANESH PRASAD YADAV |
| 396 | 11466 | VIKASH MEHTA |
| 397 | 11468 | HEMANTI KUMARI |
| 398 | 11469 | RABISH KUMAR |
| 399 | 11470 | GAUTAM ADHIKARI |
| 400 | 11472 | HEMANT KUMAR PASWAN |

इसे अति आवश्यक समझें।

ह0/
पुलिस उपाधीक्षक (मु0) गढ़वा,
–सह–
जिला समादेष्टा,
झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, पलामू

PR 324275 District (24-25)_D

राष्ट्रीय नवीन मेल
डालटनगंज (मेदिनीनगर)
शुक्रवार, 03 मई, 2024



सुप्रभात

धन आ गया है तो अपने बुजुर्गों का आदर-मान करना न छोड़ दें। उन्हीं के कारण आप आज समाज में सम्मान पा रहे हैं : गौतम बुद्ध



# कोविशील्ड खतरा कम राजनीति ज्यादा

यूरोप के लोगों की तुलना में एशिया के लोगों में इस बीमारी के होने का खतरा दसवां हिस्सा होता है। एस्ट्राजेनेका ने लंदन की अदालत में यूरोपीय लोगों में कोविशील्ड लगाने के बाद दुर्लभ मामलों में टीटीएस के खतरे की बात स्वीकारी है, जो भारत की परिस्थियों में लागू नहीं होता। उन्होंने कहा कि कोरोना टीका लगाने के बाद निगरानी के दौरान भी इस तथ्य की पुष्टि हो चुकी है। वैक्सीन लगाने के बाद कितने समय तक कोरोना से सुरक्षित होने के बारे में पूछे जाने पर आईसीएमआर के वरिष्ठ वैज्ञानिक ने कहा कि अब कोरोना से पूरा देश सुरक्षित है और इसके लिए नया वैक्सीन लगाने की जरूरत नहीं है। कोविशील्ड बनाने वाली कंपनी लंदन की एंस्ट्राजेनेका के बयान के बाद चुनावी मौसम में भारत में भी विवादों के कई मंच सज गए हैं और सबसे अधिक हवा सोशल मीडिया पर दी जा रही है कि कोविशील्ड वैक्सीन लेने वाले खतरे में है। जबकि वैज्ञानिकों का मानना है कि कोरोना की वैक्सीन कोविशील्ड लेने वाले पूरी तरह से सुरक्षित हैं और उन्हें डरने की जरूरत नहीं है।राजनीति के खिलाड़ियों को तो बैठे बिठाए मुद्दा मिल गया। आईसीएमआर के पूर्व महानिदेशक डॉक्टर बलराम भार्गव ने कोविशील्ड वैक्सीन लेने वालों को आश्वस्त किया है कि इसका साइड इफेक्ट वैक्सीन लेने के अधिकतम तीन से चार हफ्तों तक ही हो सकता है। जबकि भारत में वैक्सीन दो-ढाई साल पहले लग चुकी है। ध्यान देने की बात है कि कोविशील्ड वैक्सीन का विकसित करने वाली एस्ट्राजेनेका ने लंदन की अदालत के सामने स्वीकार किया है कि इसके लगाने वालों को दुर्लभ मामलों में खून का थक्का जमने का खतरा (थ्रोम्बोसिसि थ्रोम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम - टीटीएस) का खतरा हो सकता है।कोविड के बाद ऐसे कुछ मामले आए थे जिसमें युवाओं की भी एकबारगी दिल की धड़कने रुक रही थीं। इसे कोविड से जोड़ा जा रहा था। कोरोना काल में आईसीएमआर के महानिदेशक के रूप में वैक्सीन के विकास और उसके दुष्प्रभावों की जांच की निगरानी में करीब से जुड़े डॉक्टर बलराम भार्गव ने कहा कि कोविशील्ड लेने के बाद टीटीएस या किसी अन्य तरह का साइड इफेक्ट का खतरा अधिकतम तीन से चार हफ्तों तक ही हो सकता है, वो भी दुर्लभ मामलों में ही। उनके अनुसार भारत में कोविशील्ड के 180 करोड़ डोज लगाए गए हैं। लेकिन लगभग नगण्य मामलों में ही इसके साइड इफेक्ट देखे गए और वो भी सामान्य उपचार से ठीक भी हो गए। उन्होंने साफ किया कि वैक्सीन लगाने के दो-ढाई साल बाद इसके साइड इफेक्ट का कोई खतरा नहीं है और इससे बेवजह डरने की जरूरत नहीं है। जबकि भारत में टीकाकरण की निगरानी की सर्वोच्च संस्था नेशनल टेक्नीकल एडवायजरी ग्रुप ऑफ इंडिया (एनटागी) से जुड़े एक वरिष्ठ वैज्ञानिक ने कहा कि टीटीएस एक दुर्लभ बीमारी है। लेकिन भारत समेत दक्षिण एशिया के लोगों में यह और भी कम पाई जाती है।उनके अनुसार यूरोप के लोगों की तुलना में एशिया के लोगों में इस बीमारी के होने का खतरा दसवां हिस्सा होता है। एस्ट्राजेनेका ने लंदन की अदालत में यूरोपीय लोगों में कोविशील्ड लगाने के बाद दुर्लभ मामलों में टीटीएस के खतरे की बात स्वीकारी है, जो भारत की परिस्थियों में लागू नहीं होता। उन्होंने कहा कि कोरोना टीका लगाने के बाद निगरानी के दौरान भी इस तथ्य की पुष्टि हो चुकी है। वैक्सीन लगाने के बाद कितने समय तक कोरोना से सुरक्षित होने के बारे में पूछे जाने पर आईसीएमआर के वरिष्ठ वैज्ञानिक ने कहा कि अब कोरोना से पूरा देश सुरक्षित है और इसके लिए नया वैक्सीन लगाने की जरूरत नहीं है। सबसे दुःखद पहलू यह है कि राजनीतिक स्वार्थ के लिए बिना सभी तथ्यों का अध्ययन किए लोन की प्रवृति बढ़ती जा रही है। देश की बुनियादी समस्याओं पर चर्चा के बजाय तू तू मैं करने और भावनात्मक मुद्दों को हवा देने वाले लोग भी इस गंभीर मुद्दे पर बिना आधिकारिक जानकारी के आधी अधूरी बातों को फैला रहे हैं जिससे आम लोगों में भय और चिंता फैल गई है जो इन स्वार्थी तत्वों का उद्देश्य है।

निर्णय

# हिन्दू विवाह पर सर्वोच्च अदालत का स्वागतयोग्य फैसला


ललित गर्ग

**देश** की सर्वोच्च अदालत ने हिन्दू विवाह को लेकर बड़ा फैसला देकर न केवल हिन्दू विवाह के संस्कारों एवं पारंपरिक रिवाजों को पुष्ट किया है बल्कि उन्हें कानूनी दृष्टि से आवश्यक स्वीकार किया है। आज जबकि हिन्दू विवाह की पवित्रता एवं परम्परा तथाकथित आधुनिक जीवन एवं प्रभाव के कारण धुंधली होती जा रही है, पाश्चात्य संस्कृति की आंधी में हिन्दू विवाह की पवित्रता समाज में समय के साथ घटी है और उसमें सुधार एवं सुदृढ़ता की जरूरत है। जो लोग विवाह को मात्र एक पंजीकरण मानते हैं, उन्हें चेत जाना चाहिए। उन्हें सात फेरों का अर्थ समझना होगा। बिना सात फेरों, हिन्दू रीति-रिवाजों एवं वैवाहिक आयोजनों के कोर्ट की दृष्टि में भी विवाह मान्य नहीं होगा। हिंदू विवाह पर कोर्ट का ताजा फैसला न केवल स्वागतयोग्य है बल्कि इसके दूरगामी परिणाम सुखद होंगे। इससे हिन्दू संस्कृति एवं संस्कारों को बल मिलेगा। पारिवारिक-संस्था को मजबूती मिलेगी। हिंदू विवाह से जुड़ा यह फैसला सुनाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि शादी 'गाने और डांस', 'शराब पीने और खाने' का आयोजन या अनुचित दबाव डालकर दहेज और गिफ्ट्स की मांग करने का मौका नहीं है। विवाह कमर्शियल ट्रांजैक्शन नहीं है। यह एक गंभीर बुनियादी सांस्कृतिक एवं पारिवारिक आयोजन है, जिसे एक पुरुष और एक महिला के बीच संबंध बनाने के लिए मनाया जाता है, जो भविष्य में एक अच्छे परिवार के लिए पति और पत्नी का दर्जा प्राप्त करते हैं। यह भारतीय हिन्दू समाज-व्यवस्था की एक बुनियादी इकाई एवं मजबूत सांस्कृतिक एवं पारिवारिक आयाम है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया है कि बिना सात फेरों के हिन्दू विवाह को मान्यता नहीं मिल सकती है अर्थात शादी के लिए हिन्दू विवाह अधिनियम में जो नियम और प्रावधान बनाए गए हैं उसका पालन करना होगा। इस तरह कोर्ट ने अपने फैसले में हिंदू विवाह अधिनियम 1955 के तहत हिंदू विवाह की कानूनी आवश्यकताओं और पवित्रता को स्पष्ट किया है। अधिनियम के अनुसार, एक हिंदू विवाह किसी भी पक्ष के पारंपरिक संस्कारों और समारोहों के अनुसार संपन्न किया जाएगा। समारोहों में सप्तपदी (दूल्हा और दुल्हन द्वारा पवित्र अग्नि के चारों ओर संयुक्त रूप से सात कदम उठाना) शामिल है, और जब वे सातवां चरण एक साथ लेते हैं तो विवाह पूर्ण और बाध्यकारी हो जाता है। कुल मिलाकर हिन्दू विवाह एक संस्था है, संस्कार है और विवाह कोई व्यावसायिक लेन-देन नहीं है। कोर्ट ने जोर दिया है कि हिंदू विवाह की वैधता के लिए सप्तपदी (पवित्र अग्नि के चारों ओर सात फेरे) जैसे उचित संस्कार और उससे जुड़े समारोह जरूरी है। विवाद की स्थिति में समारोह के प्रमाण पेश करना जरूरी है। कोर्ट की सात फेरों और उससे जुड़े समारोह का मूल्य समझाने की यह कोशिश हिन्दू विवाह को न केवल मजबूती प्रदान करेंगी बल्कि आधुनिकता की आंधी में धुंधलाते मूल्यों को नियंत्रित करने का काम करेगी। इसमें कोई शक नहीं कि विवाह संस्कार का मूल महत्व पहले की तुलना में कम हुआ है, अब विवाह बहुतों के लिए एक दिखावा, मजबूरी या समझौता भर रह गया है। न्यायमूर्ति बी नागरत्ना ने अपने प्रासंगिक एवं उपयोगी फैसले में बिल्कुल सही कहा है कि हिंदू विवाह एक संस्कार है, जिसे भारतीय समाज में एक महान मूल्य की संस्था के रूप में दर्जा दिया जाना चाहिए। पारंपरिक संस्कारों या सात फेरों जैसी रीतियों के बिना हुए विवाह को हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 7 के अनुसार हिंदू विवाह नहीं माना जाएगा। इस वजह से कोर्ट ने युवा पुरुषों और महिलाओं से आग्रह किया हैं कि वो विवाह की संस्था में प्रवेश करने से पहले इसके बारे में गहराई से सोचें और भारतीय समाज में उक्त संस्था कितनी पवित्र है, इस पर विचार करें। प्रश्न है कि हिन्दू विवाह को लेकर कोर्ट को जागरूक होने एवं हिन्दू संस्कारों को मजबूती देने की जरूरत क्यों पड़ी? हिन्दू विवाह से जुड़े संस्कारों एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों को लेकर अनेक मामले कोर्ट की चौखट पर आते रहे हैं, हर बार कोर्ट सजगता, दूरदर्शिता एवं विवेक से विवाह-संस्था से जुड़े मामलों पर अपना नजरिया प्रस्तुत करती रही है। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने पिछले दिनों यह माना कि हिंदू विवाह अधिनियम के अनुसार, हिंदू विवाह को संपन्न करने के लिए कन्यादान का समारोह जरूरी नहीं है। उस फैसले में भी सप्तपदी के महत्व को दर्शाया गया था। मध्यप्रदेश की एक परिवार अदालत के फैसले में महिला पक्ष को यह समझाया गया था कि सिंदूर लगाना एक विवाहित हिंदू महिला का धार्मिक कर्तव्य होता है। सर्वोच्च न्यायालय के ताजा फैसले में ऐसी ही समझाइश की कोशिश झलकती है। कुल मिलाकर, न्यायालय का संदेश यह है कि फिजूल के तमाशे-दिखावे से बचते हुए विवाह के मूल अर्थ को समझना चाहिए। हिंदू विवाह को लेकर अब ज्यादा स्पष्टता की जरूरत है और विशेषतः हिन्दू संस्कारों एवं संस्कृति को बल देने की भी। क्योंकि भारत में परिवार संस्था कायम है तो इसका कारण हिन्दू संस्कार एवं परम्पराएं ही हैं। इस तरह कोर्ट ने अपने फैसले में हिंदू विवाह अधिनियम 1955 के तहत हिंदू विवाह की कानूनी आवश्यकताओं और पवित्रता को स्पष्ट किया है। हिन्दू विवाह एक आदर्श परम्परा एवं संस्कार है। हिंदू धर्म में विवाह को सोलह संस्कारों में से एक संस्कार माना गया है। पाणिग्रहण संस्कार को सामान्य रूप से हिंदू विवाह के नाम से जाना जाता है। अन्य धर्मों में विवाह पति और पत्नी के बीच एक प्रकार का करार होता है जिसे विशेष परिस्थितियों में तोड़ा भी जा सकता है परंतु हिंदू विवाह पति और पत्नी क बीच जन्म-जन्मांतरों का सम्बंध होता है जिसे किसी भी परिस्थिति में नहीं तोड़ा जा सकता। अग्नि के सात फेरे लेकर और ध्रूव तारा को साक्षी मान कर दो तन, मन तथा आत्मा एक पवित्र बंधन में बंध जाते हैं। यह दो परिवारों का भी मिलन है। हिंदू विवाह में पति और पत्नी के बीच शारीरिक संम्बंध से अधिक आत्मिक संम्बंध होता है और इस सम्बंध को अत्यंत पवित्र माना गया है। हिन्दू विवाह का न केवल पारिवारिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक महत्व है, बल्कि उसका गहन आध्यात्मिक महत्व भी है। हिंदू धर्म ने चार पुरुषार्थ (जीवन की चार बुनियादी खोज), यानी धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष निर्धारित किया है। विवाह संस्कार का उद्देश्य 'काम' के पुरुषार्थ को पूरा करना और फिर धीरे-धीरे 'मोक्ष' की ओर बढ़ना है। एक पुरुष और महिला के जीवन में कई महत्वपूर्ण चीजें शादी से जुड़ी होती हैं; उदाहरण के लिए, पुरुष और महिला के बीच प्यार, उनका रिश्ता, संतान, उनके माता-पिता, उनके जीवन में विभिन्न सुखद घटनाएं, सामाजिक स्थिति और समृद्धि। हिंदू समाज में एक विवाहित महिला को अत्यंत सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है। उसके माथे पर कुमकुम-सिन्दूर के साथ एक महिला की दृष्टि, उसके गले में एक मंगलसूत्र पहने हुए, हरी चूड़ियाँ, पैर के अंगूठे के छल्ले और छह या नौ-यार्ड साड़ी स्वचालित रूप से एक पर्यवेक्षक के मन में उसके लिए सम्मान उत्पन्न करता है। हिंदू विवाह के सात वचनों में से, कम से कम तीन ऐसे हैं, जहां जोडे अपने बुजुर्गों की देखभाल करने का वादा करते हैं। पांचवां वचन अपनी संतान पैदा करने और उसकी देखभाल करने का है। हाल के वर्षों में, भारत में हिन्दू विवाह परम्परा एवं संस्कृति से अनेक विसंगतियां एवं विकृतियां जुड़ गयी है, डेटिंग संस्कृति की शुरूआत के साथ, लव-मेरिज का प्रचलन बढ़ा है। संभावित दूल्हा और दुल्हन अपने दम पर जीवनसाथी चुनना पसंद करते हैं। आज के रोमांटिक-रिश्ते वास्तव में विवाह नहीं हैं, बल्कि एक नई प्रथा है, जिसके विपरीत प्रभाव से परिवार-संस्था बिखरने लगी है। विवाह के साथ प्रीवेडिंग का प्रचलन भी अनेक विकृतियों का वाहक बना है, बड़े-बडे. भव्य आयोजन एवं होटल संस्कृति ने भी विवाह की पवित्रता को धुंधलाया है। आयोजनों में शराब एवं अन्य नशों का बड़ा प्रचलन भी दुर्घटनाओं का कारण बना है। जिनके कारण विवाह होने से पहले ही उसमें दरारें पड़ते हुए देखी गयी है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**



## आपकी बात

### अपने-अपने मौसम

**अभी** गर्मी का मौसम है। वैसे तो गर्मी के मौसम को लेकर कई कविताएं और कहानियां लिखी गई हैं, लेकिन गर्मी की महिमा कम और इसके कारण परेशानियों को जिक्र ज्यादा किया गया है। वैसे हम सब जानते हैं कि गर्मी का मौसम का आना आवश्यक है नहीं तो हम सब बरसात का मौसम का लुत्फ नहीं उठा सकते हैं। साथ ही हम खेती-बारी नहीं कर पाते। वहीं कई समृद्ध लोग गर्मी के मौसम का मजा लेने के लिए कश्मीर , शिमला और मनाली चले जाते हैं। सच बात तो यह है कि बहुत कम देश ऐसे हैं जहां जाड़ा,गर्मी और बरसात का मौसम आता हो। वैसे भी लोग कहते रहें लेकिन, ना तो आम आदमी को इस मौसम से कुछ लेना-देना रहता है और ना ही सरकार को। मौसम कोई भी हो लोग अपने-अपने ढंग से इसकी आलोचना करते रहते हैं। बरसात के मौसम में दो-चार दिन भी हो जाये, तो कहेंगे काफी बारिश हो रही है। ठंड लगेगी को तो कहेंगे काफी ठंड पड़ रही है। गर्मी हो तो कहेंगे ,काफी गर्मी पड़ रही है। वहीं सरकार बरसात में नालियों की सफाई और घर में प्रवेश कर गए पानी पर अपनी सफाई देती रहेगी। सड़क पर बहते पानी के लिए लोग प्रशासन और सरकार को दोष देते फिरेंगे। लेकिन दुकानदार यह नहीं बतायेंगे कि नाली के ऊपर उन्होंने ने ही दुकान बना दी है और दुकान का सारा कचरा नाली में डाल रहे हैं। अतिक्रमण करने वाले भी अतिक्रमण हटाने पर अपनी रोजी-रोजगार का हवाला देकर सरकार और प्रशासन को गरीबों का दुश्मन बनाने पर तुल जायेंगे। वैसे भी अतिक्रमण कर अपनी दुकान चलाने वाले सभी गरीब नहीं होते हैं। बरसात में नदी क्षेत्र का अतिक्रमण करनेवाले बाढ़ की शिकायत कर सरकार से मुआवजे की मांग करेंगे। और तो और कई जगहों पर नदी और तालाब का इतना अतिक्रमण हो गया है कि वह नदी और तालाब नाले में तब्दील हो गई है। इसके लिए कोई प्रयास भी नहीं किया जाता है। अपने गली-मुहल्ले में अतिक्रमण के खिलाफ भी नहीं उठेंगे, लेकिन सरकार की नाकायाबी पर भरपूर गुस्सा उतारेंगे। मौसम तो आते जाते रहते हैं। इनमें कुछ तो हमें पसंद आते हैं। कुछ नहीं लेकिन आप जरूर इस बात को जानते होंगे कि कुछ लोग ठंड के मौसम को अच्छा कहते हैं तो कुछ गर्मी के मौसम वैसे बरसात के मौसम को अच्छा मानते हैं। कुल मिलाकर हम यह कह सकते हैं कि सब के अपने अपने मौसम हैं। कुछ के लिए अच्छा और कुछ के लिए खराब है।

**- ज्ञान कुमार, मेदिनीनगर।**

चुनाव पर चर्चा

# आम चुनाव और मुस्लिम तुष्टिकरण का विकृत खेल


मृत्युंजय दीक्षित

**आम** चुनाव के मतदान के दो चरण समाप्त हो जाने के बाद सभी राजनीतिक दलों को जनता के मध्य अपनी स्थिति की वास्तविकता का कुछ सीमा तक पता चल गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार सत्ता में आने की सम्भावना वाली भारतीय जनता पार्टी को रोकने के लिए विपक्ष ने एक बार फिर मुस्लिम तुष्टिकरण का विकृत खेल खेलना प्रारम्भ कर दिया है। तथाकथित इंडी गठबंधन में शामिल दलों के नेता लगातार भड़काऊ और नफरत भरी बयानबाजी कर रहे हैं, जिसमें अब वोट जिहाद और तालिबान भी आ गया है। दिल्ली के मंडी हाउस इलाके में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के साथ आतंकी फंडिंग मामले में सजा काट रहे यासीन मलिक का फोटो लगाया गया है। पोस्टर में यासीन मलिक की रिहाई के साथ कांग्रेस को वोट देने की अपील की गई है। हालांकि जानकारी मिलते ही दिल्ली पुलिस ने यह पोस्टर हटा दिया। आतंकी यासीन मलिक कुख्यात अलगवावादी है जिससे 2006 में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने मुलाकात की थी। कांग्रेस केरल में प्रतिबंधित पीएफआई जैसे संगठनों का सहयोग ले रही रही है और सनातन विरोधी बयानों पर चुप्पी साधे हुए है। मुस्लिम तुष्टिकरण का यह खुला खेल कांग्रेस ही नहीं अपितु भारत की सभी वामपंथी और अधिकांश क्षेत्रीय पार्टियां जमकर खेल रही हैं फिर चाहे वो उत्तर प्रदेश हो बिहार हो या पश्चिम बंगाल। विगत 10 वर्ष और अटल जी के कार्यकाल को छोड़ दें तो केंद्र तथा राज्यों में कांग्रेस व उसके गर्भ से निकले दलों व नेताओं ने ही सत्ता पर एकछत्र राज किया। ये सभी धर्मनिरपेक्षता के नाम पर भाजपा को हराने की बात करने वालों तथा कट्टरपंथियों का समर्थन कर मतदान को मजहब के आधार पर प्रभावित किया करते थे। भाजपा द्वारा धर्मनिरपेक्षता की सच्ची रेखा खींचने के बाद इन दलों के नेताओं के सामने अपना राजनीतिक अस्तित्व बचाने का संकट खड़ा हो गया है और ये वोट जिहाद की अपील कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश में अभी तक सपा, बसपा, कांग्रेस सहित विभिन्न दल अतीक अहमद, मुख्तार अंसारी जैसे माफिया को अपने राजनीतिक लाभ के लिए पाला पोसा करते थे अब उनके लिए फातिहा पढ़ रहे हैं और धूर्तता के साथ उन्हें गरीबों का मसीहा बताकर मुसलमानों का वोट मांग रहे हैं।

> देश का राजनीतिक भविष्य तय करने वाले इन चुनावों में एक और विडम्बना देखने को मिल रही है कि राष्ट्र विकास के मुद्दों एवं आजादी के अमृतकाल को अमृतमय बनाने की कोई चर्चा नहीं है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## फेसबुक वॉल से

**Kumar Dinesh**
1 d

क्या पटना नगर निगम कभी ऐसा स्वच्छ -सुंदर उपहार नागरिकों को कभी दे पाएगा?

**Hemsagar Desai** · Follow
24 Apr

Best View of Colors of Ahmedabad. Gujarat, India 🇮🇳 ❤️



5 · 2 comments
Like · Comment · Send · Share

## X- से

**Akhilesh Singh** @akhileshsi1 · 1h

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के फेक वीडियो शेयर करने के मामले में झारखंड कांग्रेस के एक्स अकाउंट को सस्पेंड कर दिया गया है। इसी मामले में प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर को भी दिल्ली पुलिस ने पूर्व में नोटिस भी किया था।

@INCJharkhand
Not followed by anyone you're following

Account withheld

@INCJharkhand has been withheld in IN in response to a legal demand. Learn more.

1 · 16 · 455

**Election Commission of India** · 18h

"मैं भारत हूं भारत है मुझमें..."

भारत की विभिन्न भाषाओं में दर्शाया गया भारत निर्वाचन आयोग का यह थीम सॉन्ग देश के मतदाताओं से चुनाव के पर्व में शामिल हो मतदान करने का आव्हान करता है।

#ChunavKaParv #DeshKaGarv #IVote4Sure #GeneralElection2024

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# आखिर कब सुनिश्चित होंगे श्रमिकों के समग्र हित


अरुण कुमार दीक्षित

**भारत** को स्वाधीन हुए 76 वर्ष हो गए हैं। श्रमिकों को अभी तक उनके अधिकार नहीं मिले । मजदूरों के जीवन स्तर में सुधार नहीं आए। मई दिवस अर्थात मजदूर श्रमिक दिवस इस परिश्रमी में वर्ग को समर्पित है। मई दिवस अमेरिका में मजदूरों के आंदोलन से शुरू हुआ था। भारत में इसे 1मई 1923 को मद्रास चेन्नई में मनाया गया। यहां पर भी मजदूर किसान पार्टी ऑफ हिंदुस्तान ने मजदूरों के अधिकारों की लड़ाई लड़ी। उन्होंने ही मजदूर दिवस का शुभारंभ किया। मजदूर को काम करने के घंटे निर्धारित नहीं थे। समय निर्धारित न होने के कारण श्रमिक वर्ग के सामने बड़ा संकट था। 1 मई 1886 को अमेरिकी मजदूरों द्वारा आंदोलन किया गया। इस आंदोलन से पूरे विश्व के मजदूर वर्ग का लाभ हुआ। भारत में अनेक मजदूर संगठन है। भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) सबसे बड़ा संगठन है। मजदूरों को उनके अधिकार दिलाने में बीएमएस की बड़ी भूमिका है। पूंजीपतियों, उद्योगपतियों द्वारा मजदूर श्रमिकों को आदर भाव से नहीं देखा जाता। उन्हें समय से मजदूरी नहीं मिलती। उद्योग परिसरों में मजदूरों को उनके रहने की ठीक व्यवस्था नहीं है। पीने का पानी भी ठीक नहीं मिलता। इतना ही नहीं, इन उपेक्षित और राष्ट्र निर्माता कामगार वर्ग से उद्योगों के मालिक उनके अधिकारी सम्मानजनक ढंग से बात भी नहीं करते। मजदूरों के बीमार होने पर वह इलाज का समुचित प्रबंध भी नहीं करते। प्राथमिक इलाज देने में भी यह उद्योगपति पीछे रहते हैं। मशीन से दुर्घटनाग्रस्त हो जाने या मृत्यु होने पर भी यह उद्योगों के स्वामी मजदूर को किसी भी अस्पताल में बमुश्किल पहुंचा कर गायब हो जाते हैं। परिजनों को सूचना नहीं देते हैं। बीमार होने पर मजदूर को अपनी कंपनी से सीधे निकाल देते हैं। अनेक ऐसे उद्योग हैं जो शरीर के लिए घातक हैं। इस तरह के उद्योगों द्वारा शारीरिक सुरक्षा के उपकरण भी नहीं दिए जाते हैं। अनेक प्रकार के एसिड केमिकल शीशा आदि की कंपनियों में काम करने वाले मजदूरों को घातक कैंसर जैसी बीमारियां जकड़ लेती हैं। बीमार हो जाते हैं। कई बार मृत्यु तक हो जाती है। परिणाम स्वरूप पीड़ित मजदूर की नौकरी जाना तय होता है। उद्योग में काम करने वाले मजदूरों की स्थिति भयावह है। इसमें महिला मजदूरों के सामने अपने छोटे बच्चों के पालन पोषण के साथ काम करना भारी कठिनाई भरा है। कृषि क्षेत्र में लगे मजदूरों की भी बड़ी समस्याएं हैं। यह कार्य अल्प समय का होता है। फसल काटने से खलिहान तक काम मिलता है। इसके बाद मजदूर बेकार हो जाते हैं। अब आधुनिक मशीनों का खेती में प्रयोग बढ़ा है। धान और गेहूं, सरसों कपास आदि की फैसले ऐसी हैं जिन्हें मशीन खेत में काटकर काम समाप्त कर देती है। खलिहान अब सूने हो गए हैं। कुशल, अकुशल, अर्ध कुशल, संगठित असंगठित आदि कई श्रेणी के मजदूर हैं। कुछ का अनुबंध होता है। शेष बिना अनुबंध के काम करने को मजबूर होते हैं। एक जानकारी के अनुसार भारत में 38 करोड़ असंगठित निर्माण क्षेत्र के मजदूर हैं। इनमें रेहड़ी-पटरी घरेलू कामगारों को पंजीकृत करने की योजना भारत सरकार ने चला रखी है। इस योजना में ई, श्रम कार्ड 12 अंकों का जारी किया जाता है।

**(ये लेखकर के निजी विचार हैं।)**



बोधि वृक्ष

# त्रेता युग में निर्मित विष्णु मंदिर

यहां माता उमंगेश्वरी एवं सूर्य की प्रतिमा, भगवान शंकर, गणेश, गौरी शंकर, बटुक भैरव एवं नंदिनी, भैंसासुर द्वार, भूतनाथ मंदिर, कुल देवी, शिव-पार्वती मंदिर, दशभुजी गणेश मंदिर आदि कई विलुप्त मंदिरों के प्रमाण यहां आज भी मौजूद हैं। प्रमाण तो मुगलों के अत्याचार के भी हैं जिन्होंने क्रूरता पूर्वक इन ऐतिहासिक निशानियों को समूल नष्ट और ध्वस्त करने की अपनी तरफ से पूरी पूरी कोशिश की थी । लेकिन आज भी गरुड़ ध्वज, दूध रूपी जल,1100 टन का पर्वत देवी के शीर्ष पर विराजमान, महल का गुप्त द्वार, द्वार पर विराजमान भगवान हनुमान का गढ़ (हनुमान गढ़ी), असुर राजा महिषासुर का द्वार, भगवान पार्श्वनाथ की अद्भुत प्रतिमा, राजा दशरथ जी के निधन के बाद राजा रामचन्द्र जी, लक्ष्मण जी एवं माता सीता को श्राद्ध हेतु कार्य के लिए इस पर्वत पर आगमन के प्रतीक चिन्ह यहां आज भी विद्यमान हैं। यह पर्वत वैदिक-ऐतिहासिक काल, महाजनपद युग, मौर्यकालीन, गुप्तकालीन और मगध साम्राज्य के उत्थान और पतन का भी गवाह रहा है । यह इलाका एक से बढ़ कर एक राजाओं के गढ़, राजाओं द्वारा छठ पर्व एवं पूजा अर्चना के लिए निर्मित किये गये रानी पोखर, सूर्यवंशी और चंद्रवंशी राजाओं के मिलन स्थल, जैन और बुद्ध धर्म के प्रचार प्रसार स्थल का भी गवाह रहा है।



(क्रमशः)

टेक वर्ल्ड

# फेसबुक- इस्टाग्राम यूज करना हो सकता है पेड


पहले, यह एक अत्यधिक संवेदनशील और अनिश्चित समय में फेसबुक और इंस्टाग्राम के लिए अधिक आमदनी उत्पन्न करने का एक तरीका है। दूसरे, यह उन्हें अधिक उपयोगकर्ता के अनुभव पर ध्यान केंद्रित करने का एक तरीका है, जिससे उन्हें अधिक उपयोगकर्ता आकर्षित कर सकते हैं। इस नए फीस मॉडल के साथ, फेसबुक और इंस्टाग्राम का भविष्य भी काफी अनिश्चित है। अब तक, ये सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स उपयोगकर्ताओं के लिए मुफ्त थे, लेकिन अब यह बदल चुका है। यह निर्णय निश्चित रूप से सोशल मीडिया उद्योग में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन का प्रतीक है, और इसका असर सभी स्तरों पर महसूस होगा। फेसबुक और इंस्टाग्राम ने अपने उपयोगकर्ताओं से सेवाओं के लिए फीस लेने का फैसला किया है, जो सोशल मीडिया प्लेटफार्म के इस नए अद्यतन को दर्शाता है। इस नए मॉनेटाइजेशन मॉडल का प्रभाव अधिकांश छोटे उद्योगों पर होगा, जो अब अधिक खर्च करने के लिए तैयार होना होगा। यह फैसला उपयोगकर्ताओं के उपयोग के स्वतंत्रता पर भी असर डाल सकता है, और इससे सोशल मीडिया उद्योग में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन का संकेत है।




(समाप्त)

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# रामलला के दरबार में पहुंची राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू




राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बुधवार को अयोध्या के राम मंदिर पहुंचीं और राम लला के दर्शन किए। इस दौरान उन्होंने रामलला की आरती भी की। राम मंदिर बनने के बाद यह राष्ट्रपति का पहला अयोध्या दौरा है। राम मंदिर आने से पहले राष्ट्रपति ने अयोध्या के श्री हनुमान गढ़ी मंदिर जाकर दर्शन और आरती की। राम मंदिर में दर्शन से पहले राष्ट्रपति सरयू नदी के घाट पर महाआरती में भी शामिल हुईं। राष्ट्रपति ने कुबेर टीला में भी पूजा की और दिव्य पक्षी जटायु की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

## हम पौष्टिक आटा के साथ डाटा भी फ्री देंगे : अखिलेश यादव

**बदायूं।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बदायूं में आदित्य यादव के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित किया।उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग संविधान और हमारी-आपकी जान के पीछे पड़े हैं। ये संविधान बदलना चाहते हैं। अखिलेश यादव ने कोविशील्ड वैक्सीन के 'साइड इफेक्ट्स' को लेकर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जिन्होंने वैक्सीन लगवाई, वो लोग भी भाजपा के खिलाफ मतदान करेंगे। यह भाजपा वाले आपदा में अवसर देख रहे थे। भाजपा के लोग कहते हैं कि 80 करोड़ लोगों को राशन बांटा। दूसरी तरफ कह रहे हैं कि हम गरीबी रेखा से लोगों को बाहर निकाल रहे हैं।

## अमेरिका के कई विवि में फिलिस्तीन समर्थकों ने भवनों पर किया कब्जा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के कई विश्वविद्यालयों के शैक्षणिक भवनों में फिलिस्तीन समर्थकों ने कब्जा कर लिया है। हालात को काबू करने के लिए पुलिस बुलानी पड़ी है। पुलिस ने हिंसा से निपटने के लिए सैकड़ों फिलिस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया है। अमेरिका के प्रमुख समाचार पत्र द न्यूयॉर्क टाइम्स ने अपनी रिपोर्ट में हालात की भयावहता पर विस्तार से चर्चा की है। अमेरिकी शैक्षणिक परिसरों में बढ़ती हिंसा से निपटने के लिए पुलिस बुलाई गई है। लगभग सारे अमेरिका में यही हालात है। फिलिस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारियों ने डेरा डाल दिया है। कई शैक्षणिक भवनों को अपने कब्जे में ले लिया है। वह यहां से हटने के लिए तैयार नहीं हैं। इन परिसरों में पुलिस दाखिल हो चुकी है। लॉस एंजिल्स का कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय हिंसक झड़पों का सबसे बड़ा केंद्र बनकर उभरा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि लगभग 200 प्रदर्शनकारियों के एक समूह ने उस भवन को निशाना बनाया जहां फिलिस्तीनी समर्थक जमे हुए हैं। इस समूह ने भवन को गिराने का प्रयास किया।

# भ्रष्टाचारियों का कुनबा है इंडी गठबंधन आधे बेल पर व आधे जेल में : जेपी नड्डा

**एजेंसी। पटना/अररिया**

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने गुरुवार को अररिया में कांग्रेस, राजद और इंडी गठबंधन पर करारा प्रहार किया। नड्डा ने राजद का मतलब रिश्वतखोर, जंगलराज व दलदल बताया। उन्होंने इंडी गठबंधन पर तंज कसते हुए कहा कि यह गठबंधन भ्रष्टाचारियों का कुनबा है। इसमें आधे बेल पर और आधे जेल में हैं। ये लोग हर तरह का हथकंडा अपनाते हैं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा यहां एक चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। जेपी नड्डा ने इंडी गठबंधन को राम विरोधी और देश विरोधी बताया। उन्होंने कहा कि इन लोगों को राम मंदिर के परेशानी थी। मोदी के प्रयास से राम मंदिर बनवाया गया। नरेन्द्र मोदी देश की सेवा दस साल से कर रहे हैं। हमारा लक्ष्य गरीब कल्याण और सुशासन है तो दूसरी आरे राजद और कांग्रेस है, यह परिवार कुशासन की ओर ले जाएगा। उन्होंने कहा कि कोरोना के वक्त अमेरिका भी समझ नहीं



पाया कि लॉकडाउन लगाए या हटाएं, लेकिन मोदी ने कड़ाई से लॉकडाउन का पालन कराया। जेपी नड्डा ने कहा कि लालू यादव कांग्रेस नेता राहुल गांधी को मटन बनाना सिखा रहे हैं। ये कैसी जुगलबंदी है। लालू यादव ने कभी भ्रष्टाचार और परिवारवाद के खिलाफ हुए जेपी आंदोलन में हिस्सा लिया। नड्डा ने कहा कि कांग्रेस-राजद वाले कोरोना वैक्सीन को लेकर सवाल उठा रहे थे। ये लोग लोगों को गुमराह करते रहे और खुद चुपचाप जाकर वैक्सीन लगवा रहे थे। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी ने देश के आम जनों की सेवा की है। अररिया में गजब का उत्साह और ऊर्जा देखने को मिल रही है। ये मुझे आश्वस्त कर रहा है कि आपने प्रदीप सिंह को तीसरी बार सांसद बनाने का फैसला कर लिया है।इस मौके पर भाजपा उम्मीदवार प्रदीप सिंह ने कहा कि वह दो बार से सांसद हूं। अररिया में 400 पुल, 1000 किमी रोड बनवाया है। आज भी किराए के गर में रहता हूं। अररिया में ढाई लाख प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर बनवाए हैं। उन्होंने लोगों से एक बार फिर भाजपा को जिताने की अपील की।

## हम कश्मीर के लिए नैतिक, राजनीतिक समर्थन जारी रखेंगे : पाक सेना प्रमुख

**एजेंसी। इस्लामाबाद**

पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल सैयद असीम मुनीर ने गुरुवार को कहा कि भारत पाकिस्तान का कट्टर प्रतिद्वंद्वी है और उनका मुल्क कश्मीर के लिए नैतिक, राजनीतिक, राजनयिक समर्थन देना जारी रखेगा।

खैबर पख्तूनख्वा के रिसालपुर में असगर खान अकादमी में पाकिस्तान वायुसेना की पासिंग आउट परेड को संबोधित करते हुए सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने 2019 की भारत-पाक स्थिति को याद करते हुए कहा, भारत हमारा कट्टर प्रतिद्वंद्वी है, पाकिस्तान कश्मीर के लिए मुल्क के लोगों और सैनिकों को नैतिक, राजनीतिक, राजनयिक समर्थन देना जारी रखेगा।

मुनीर ने कहा कि पाकिस्तान की सेना अपने मुल्क की जमीन और सरहदों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। सेना अपने मुल्क में आतंकवाद के खिलाफ अपनी मुहिम जारी रखेगा। बेकसूर बच्चों, युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों की बेवजह नृशंस हत्या कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हिंसापूर्ण घटनाओं पर काबू पाने



में अपनी भूमिका पुरजोर तरीके से निभाती रहेगी।

उन्होंने कहा कि भारत ने कश्मीर पर अवैध तरीके से कब्जा कर रखा है और इसके उलट पाकिस्तान के बारे में सोशल मीडिया के जरिए प्रोपगेंडा फैला रहा है। मुल्क के लोगों से अपील है कि वे इस तरह की चीजों पर यकीन न करें, अफवाहों से पर्दा हटेगा और सच्चाई एक दिन जरूर दुनिया के सामने आएगी।

मुनीर ने कहा कि पाकिस्तान की वायुसेना मुल्क के लोगों की अपेक्षाओं पर खरा उतरने की पूरी कोशिश करेगी। वायुसेना संकट की हर घड़ी में मुल्क के लोगों की मदद करती रही है और करती रहेगी।

## महाराष्ट्र में पांच चरण में मतदान में चुनाव आयोग की भूमिका संदेहास्पद : शरद पवार

**एजेंसी। मुंबई**

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद गुट) के अध्यक्ष शरद पवार ने कहा कि देश में सात चरणों और महाराष्ट्र में पांच चरणों में चुनाव करवाने में चुनाव आयोग की भूमिका संदेहास्पद है। इसके साथ ही चुनाव में मतदान का प्रतिशत घटना और भी चिंताजनक है। एनसीपी नेता शरद पवार ने कहा कि देश की जनता मोदी सरकार से नाराज है, इसी वजह से उनकी भीड़ हमारी सभाओं में दिखती है। मोदी को महाराष्ट्र में पिछले साल की तुलना में कम सीटें मिलेंगी। गर्म मौसम का असर मतदान पर पड़ रहा है। चुनाव आयोग को इस दिशा में उपाय योजना करने की जरुरत है।शरद पवार ने सवाल उठाया कि चुनाव आयोग ने देश में सात चरणों में लोकसभा चुनाव क्यों कराये? इसका समाधानकारक उत्तर चुनाव आयोग नहीं दे सका है। महाराष्ट्र में भी इससे पहले कभी पांच चरण का मतदान नहीं हुआ था। पवार ने कहा कि महाराष्ट्र में अलग-अलग चरणों में चुनाव क्यों? एक चरण में भी चुनाव कराए जा सकते थे। मोदी बार-बार महाराष्ट्र आ रहे हैं ताकि उन्हें ज्यादा जगहों पर जाने का मौका मिल सके, जानबूझ कर पांच चरणों में चुनाव कराए गए।शरद पवार ने दावा किया कि मतदान प्रतिशत कम होना भी चिंताजनक है। गर्म मौसम का असर है। शहरी मतदान में महाराष्ट्र के बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। लोग मोदी सरकार से नाराज हैं।

## भाजपा ने ओबीसी आरक्षण पर कांग्रेस को बनाया निशाना

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश की कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य ने गुरुवार को एससी-एसटी और ओबीसी के आरक्षण को लेकर कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। कांग्रेस शासित कर्नाटक में मुस्लिमों को ओबीसी के आरक्षण के संदर्भ में मौर्य ने कहा कि कांग्रेस धर्म, जाति आधारित वोटबैंक और तुष्टीकरण की राजनीति कर रही है।बेबी रानी मौर्य ने भाजपा के केंद्रीय मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि कांग्रेस देश की जनता को यह लिखित में यह बताये कि आईएनडीआईए धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं देगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने जामिया मिलिया विश्वविद्यालय में एससी, एसटी, ओबीसी आरक्षण क्यों खत्म किया? इससे स्पष्ट है कि कांग्रेस एससी, एसटी, ओबीसी के आरक्षण को लेकर धर्म आधारित वोटबैंक और तुष्टीकरण की राजनीति कर रही है।मौर्य ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने संविधान में धर्म के आधार पर आरक्षण का प्रावधान नहीं किया है लेकिन विपक्षी गठबंधन आईएनडीआईए के नेता एसी, एसटी, ओबीसी के हक का आरक्षण छीनकर धर्म के आधार पर आरक्षण देना चाहते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी डॉ. अंबेडकर के सपनों को आज पूरा कर रहे हैं।

# प्रधानमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय जगत में भारत का मस्तक ऊंचा किया : राजनाथ सिंह

**एजेंसी। पटना/सारण**

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को एक चुनावी जनसभा में कहा कि भाजपा सरकार में देश का प्रभाव बढ़ा है। अंतरराष्ट्रीय जगत में भारत का मस्तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऊंचा किया है। आज दुनिया के लोग भारत की बातों को बड़े गौर से सुनते हैं।राजनाथ सिंह ने सारण से भाजपा उम्मीदवार राजीव प्रताप रूड़ी के समर्थन में आयोजित जनसभा में कहा कि पहले कांग्रेस की सरकारों को आपने देखा है। केवल जम्मू-कश्मीर ही नहीं बल्कि देश के किसी ना किसी राज्य में आतंकी घटनाएं होती रहती थीं, लेकिन आज भाजपा सरकार में आतंकी घटनाएं बंद हैं, जम्मू-कश्मीर में कभी छिटपुट ऐसी घटना भले सामने आ जाए।उन्होंने मोदी सरकार के कदम की सराहना की और कहा कि आपको रक्षा मंत्री होने के नाते आश्वस्त करता हूं कि



देश की सीमाएं सुरक्षित हैं। आज देश के पास वो ताकत है कि भारत सीमा के इस पार भी मार सकता है और जरूरत पड़ी तो सीमा के उस पार जाकर भी मार सकता है। ये हमारी ताकत है।राजनाथ सिंह ने कहा कि राजीव प्रताप रूड़ी ने अपने क्षेत्र में जमकर सेवा की है। रूड़ी अपने क्षेत्र में ज्यादा काम करते हैं। रूड़ी को सबका भरपूर समर्थन मिलना चाहिए। रूड़ी बहुत कुशल पायलट हैं, अपने प्रतिद्वंदी को हवा में ही उड़ा देंगे। यही नहीं जहां भी एनडीए के उम्मीदवार हैं वहां उनको समर्थ दीजिए। उन्होंने कहा कि रूड़ी सिर्फ सांसद नहीं एक बड़ी हस्ती भी हैं। इसलिए क्षेत्र के विकास के लिए अब तक आपने जिताया है तो फिर मौका दीजिए। इससे पहले सारण के सांसद और इस सीट से भाजपा उम्मीदवार रूड़ी ने अपना नामांकन दाखिल किया। पत्नी और दोनों बेटियों के साथ वो समाहरणालय पहुंचे।

## कोलंबिया विवि और सिटी कॉलेज में विरोध प्रदर्शन करने पर 300 लोग गिरफ्तार

**एजेंसी। लॉस एंजिलिस**

कोलंबिया विश्वविद्यालय और सिटी कॉलेज में फलस्तीन समर्थकों के प्रदर्शन करने पर पुलिस कार्रवाई में लगभग 300 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। न्यूयॉर्क शहर के मेयर एरिक एडम्स ने यह जानकारी दी। लॉस एंजिलिस स्थित कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय (यूसीएलए) में बुधवार को फलस्तीन समर्थक और इजराइल समर्थक समूहों के बीच झड़प हो गई। फलस्तीन समर्थक और इजरायल समर्थक प्रदर्शनकारियों के बीच रात भर यूसीएलए परिसर में हिंसक झड़प हुई और स्थिति को नियंत्रित करने के लिए दंगा रोधी साजो-सामान के साथ पुलिस पहुंची। लोगों ने एक दूसरे पर कुर्सियां फेंकी। लाठियों से लैस कुछ लोग दूसरों को पीटते नजर आए। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि कितने लोग घायल हुए हैं।

पुलिस ने पिछले दो हफ्तों में पूरे अमेरिका में अन्य परिसरों में फलस्तीन-इजराइल संघर्ष को लेकर किए जा रहे प्रदर्शनों पर भी कार्रवाई की है और करीब 1,000 से अधिक प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया है।

## दिल्ली में असिस्टेंट प्रोफेसर से लूटपाट करने वाला शख्स गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने बैटरी रिक्शा में यात्रा करते समय एक असिस्टेंट प्रोफेसर पर हमला कर उनके साथ लूटपाट करने के आरोप में 32 वर्षीय एक शख्स को गिरफ्तार किया है। घटना 29 अप्रैल को हुई, जब बागपत (उत्तर प्रदेश) के दिगंबर जैन कॉलेज की प्रोफेसर नमिता जैन ने जीटी रोड पर अप्सरा बॉर्डर से मानसरोवर की ओर जाने वाला एक बैटरी रिक्शा किराए पर लिया था।

## आज का राशिफल

**मेष** – जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। रुपये पैसों की सुविधा मिल जाएगी।

**वृषभ** – कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-3-6-9

**मिथुन** – बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।

**कर्क** – शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। कार्यक्षेत्र में तनाव पैदा होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। खान-पान में सावधानी रखें।

**सिंह** – महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**कन्या** – शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानी पूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। कोई धार्मिक यात्रा करेंगे। शुभांक-2-5-7

**तुला** – सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां आज पैदा होंगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। शुभांक-3-5-7

**वृश्चिक** – समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। पुराने मित्र से मिलन होगा।

**धनु** – प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं।

**मकर** – कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी।

**कुम्भ** – दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेगी। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा।

**मीन** – व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

# अमित शाह फेक वीडियो मामले में दिल्ली पुलिस तेलंगाना कांग्रेस के दफ्तर पहुंची

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के छेड़छाड़ किए गए वीडियो मामले की जांच तेजी से चल रही है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की एक टीम ने गुरुवार को हैदराबाद में तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी के दफ्तर 'गांधी भवन' का दौरा किया। सूत्रों ने यह जानकारी दी है। सूत्रों ने यह भी कहा कि टीम ने तेलंगाना में स्थानीय पुलिस से मुलाकात की और कुछ नेताओं के बारे में विवरण मांगा, जिन्हें नोटिस दिया गया है।

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण



की समाप्ति के बाद अमित शाह का एक छेड़छाड़ किया गया वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जहां राज्य में मजहब के आधार पर आरक्षण कोटा खत्म करने के उनके बयान को बदल दिया गया और यह डाल दिया गया कि वो सभी आरक्षण खत्म करने की वकालत कर रहे हैं।

## मुख्यमंत्री योगी का डीप फेक वीडियो वायरल करने वाला गिरफ्तार

**नोएडा।** यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ का एक डीप फेक वीडियो वायरल हुआ है। इसे नोएडा के एक व्यक्ति ने सोशल मीडिया पर वायरल किया है। इस मामले में सेक्टर-36 स्थित साइबर क्राइम पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, 1 मई को एक एक्स हैंडल 'श्याम गुप्ता आरपीएसयू' से सीएम योगी का डीप फेक वीडियो अपलोड किया गया। इस वीडियो में भ्रामक तथ्य दिए गए थे और देशविरोधी तत्वों को बल मिलने की आशंका थी। जांच के बाद साइबर क्राइम थाना प्रभारी ने बरौला निवासी श्याम गुप्ता के खिलाफ मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया। आरोपी रेहड़ी-पटरी संचालक वेलफेयर एसोसिएशन के उत्तर प्रदेश का अध्यक्ष भी है।

## न्यूज बॉक्स

### नक्सलियों ने जनअदालत लगाकर दो सगे भाईयों की हत्या कर दी

**बीजापुर।** जिले के तर्रेम थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम छूटवही के जंगलो में नक्सलियों ने जनअदालत लगाकर दो ग्रामीणों माड़वी जोगा एवं माड़वी हुंगा की हत्या कर दी हैं, दोनों ग्रामीण सगे भाई थे। जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान से बौखलाये नक्सली अब निर्दोष ग्रामीणों की हत्या कर अपने कमजोर पड़ चुके नक्सली संगठन के मनोबल को बनाये रखने एवं इलाके में अपना खौफ के साम्राज्य को बचने का प्रयास कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि पुलिस व सुरक्षा बल के जवान इन दिनों नक्सलियों पर पूरी तरह से हावी नजर आ रहे हैं। नक्सल प्रभावित इलाकों में लगातार हो रहे सर्चिंग, गश्ती और मुठभेड़ में बड़े पैमाने पर नक्सली मारे जा रहे हैं, अप्रेल माह मे ही 50 से अधिक नक्सली मुठभेड़ में मारे जा चुके हैं, वहीं वर्ष 2024 में अब तक चार माह में कुल 91 नक्सली मारे गये हैं जिसमें अधिकतर बड़े कैडर के 25 लाख तक के ईनामी नक्सली शामिल हैं।

### दिल्ली महिला आयोग के 223 कर्मचारी हटाए गए

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उप राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के आदेश के बाद दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) से 223 कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया है। आरोप है कि डीसीडब्ल्यू की तत्कालीन अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने नियमों के खिलाफ जाकर इनकी नियुक्ति की थी। डीसीडब्ल्यू के आदेश की कापी गुरुवार को एक्स पर साझा की गई। आदेश में डीसीडब्ल्यू एक्ट का हवाला देते हुए कहा गया है कि आयोग केवल 40 कर्मचारियों को ही रख सकता है, लेकिन उप राज्यपाल की मंजूरी के बिना 223 नए पद बना दि गए हैं। आयोग के पास संविदा पर कर्मचारियों को नियुक्त करने का अधिकार नहीं है। उधर, इस फैसले की मालीवाल ने कड़ी आलोचना की है। मालीवाल ने कहा कि उप राज्यपाल ने दिल्ली महिला आयोग में ठेके पर रखे गए सभी कर्मियों को हटा दिया है। आयोग में कुल 90 स्टाफ है जिसमें सिर्फ 8 लोग सरकार द्वारा दिए गए हैं, शेष कर्मचारी 3-3 माह के ठेके पर हैं। ठेके पर रखे सभी कर्मचारियों को हटा दिया जाएगा, तो महिला आयोग में ताला लग जाएगा।

### चारधाम यात्रा की तैयारियों को लेकर मॉक ड्रिल आयोजित



**देहरादून।** उत्तराखंड में 10 मई से चारधाम यात्रा की शुरूआत होने वाली है, जिसकी तैयारियों को अंतिम रूप देने में सभी सरकारी विभाग लगे हुए हैं। इसी कड़ी में गुरुवार को बदलते मौसम में होने वाली आपदा की चुनौतियों से निपटने के लिए एनडीएमए और यूएसडीएमए ने संयुक्त रूप से सचिवालय परिसर में मॉक ड्रिल किया। मॉक ड्रिल का निरीक्षण करने के बाद मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने कहा कि यात्रा को लेकर आपदा प्रबंधन को देखते हुए एनडीएमए और यूएसडीएमए की ओर से आयोजित टेबल टॉप एक्सरसाइज और मॉक ड्रिल का आयोजन सराहनीय प्रयास है। उन्होंने बताया कि इस ड्रिल का उद्देश्य चारधाम यात्रा की तैयारियों को पुख्ता करना है ताकि यात्रा में किसी तरह का व्यवधान नहीं आए और हादसों में जान-माल के नुकसान को कम से कम किया जा सके।

### एचडी रेवन्ना ने अग्रिम जमानत याचिका दायर की

**बेंगलुरु ।** पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौड़ा के बेटे और जेडी(एस) विधायक एच.डी. रेवन्ना ने उनके घर पर काम करने वाली नौकरानी द्वारा दायर यौन उत्पीड़न के मामले में गुरुवार को सेशन कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दायर की। एच.डी. रेवन्ना के बेटे और जेडी(एस) सांसद प्रज्वल रेवन्ना का अश्लील वीडियो सामने आया है। इसमें महिला के यौन उत्पीड़न और उसके साथ मारपीट की बात से कर्नाटक के राजनीतिक हलके में तूफान आ गया है। एच.डी. रेवन्ना ने बेंगलुरु के सेशन कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दायर की है। सूत्रों ने बताया कि विशेष जांच दल (एसआईटी) द्वारा गिरफ्तारी की आशंका के मद्देनजर यह याचिका दायर की गई है, हालांकि एफआईआर में लगाई गई धाराएं जमानती हैं। इस बीच, एसआईटी के अधिकारियों ने जज के समक्ष सीआरपीसी की धारा 164 के तहत पीड़िता का बयान दर्ज कराया है। होलेनरसीपुरा पुलिस ने 47 वर्षीय पीड़िता की शिकायत पर जेडीएस विधायक रेवन्ना और उनके बेटे प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ आईपीसी की धारा 354(ए), (डी), 506 और 509 के तहत मामला दर्ज किया है। मामला एसआईटी को स्थानांतरित कर दिया गया है। इसमें प्रज्वल को आरोपी नंबर 2 बनाया गया है।

### इजरायल ने गाजा से गिरफ्तार 64 फिलिस्तीनियों को किया रिहा

**गाजा।** इजरायल ने गाजा पट्टी में सैन्य अभियानों के दौरान गिरफ्तार किए गए 64 फिलिस्तीनियों को गुरुवार को रिहा कर दिया। रिपोर्ट के अनुसार, प्राधिकरण ने एक प्रेस बयान में कहा कि इजरायली अधिकारियों ने दक्षिणी गाजा पट्टी में केरेम शालोम क्रॉसिंग से 64 फिलिस्तीनियों को रिहा कर दिया, जिनमें एक मृत और एक गंभीर रूप से घायल था। फिलिस्तीनी मानवाधिकार संगठनों के अनुसार, गाजा पट्टी में चल रहे इजरायली जमीनी ऑपरेशन के दौरान, इजरायली सेना ने सैकड़ों फिलिस्तीनियों को गिरफ्तार किया था। फिलिस्तीनी सुरक्षा सूत्रों के अनुसार रिहा किए गए कैदियों को उनके स्वास्थ्य की स्थिति की जांच के लिए एक अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। 7 अक्टूबर, 2023 को दक्षिणी इजरायली सीमा के माध्यम से हमास के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करते हुए इजरायल ने गाजा में हमास के खिलाफ बड़े पैमाने पर हमला किया, जिसके दौरान लगभग 1,200 लोग मारे गए और 200 से अधिक को बंधक बना लिया गया। गाजा स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, "गाजा पट्टी पर चल रहे इजरायली हमलों के परिणामस्वरूप बड़े पैमाने पर हताहत और क्षति हुई है और संघर्ष शुरू होने के बाद से फिलिस्तीनियों में मरने वालों की संख्या 34,000 से अधिक हो गई है।"

### रक्षा सचिव और इंडोनेशिया के रक्षा महासचिव करेंगे जेडीसीसी की सह-अध्यक्षता

**नई दिल्ली।** भारत और इंडोनेशिया के बीच सातवीं संयुक्त रक्षा सहयोग समिति (जेडीसीसी) की बैठक 3 मई को नई दिल्ली में होगी। इस बैठक की सह-अध्यक्षता रक्षा सचिव गिरिधर अरमने और इंडोनेशिया के रक्षा महासचिव एयर मार्शल (सेवानिवृत्त) डोनी एमार्वान टौफैंटो, एमडीएस करेंगे। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, दोनों पक्ष साझा हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर अपने-अपने विचार रखेंगे। रक्षा मंत्रालय ने इस संबंध में बताया कि भारत-इंडोनेशिया मित्रता को 2018 में व्यापक रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाया गया था। इस मित्रता ने रक्षा उद्योग, विज्ञान और प्रौद्योगिकी आदि के क्षेत्र में नए सहयोग की अनुमति देने के लिए द्विपक्षीय संबंधों का दायरा बढ़ाया है। दोनों देशों के बीच रक्षा संबंध इस बढ़ती साझेदारी के लिए एक महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। दोनों देशों के बीच रक्षा गतिविधियों में विविधता आई है। इनमें रक्षा सेवाओं के बीच व्यापक संपर्क, सैन्य आदान-प्रदान, उच्च-स्तरीय दौरे, क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण कार्यक्रम, संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना में सहयोग, जहाज यात्राएं और द्विपक्षीय अभ्यास शामिल हैं।





## 24 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की हुई घोषणा

# सिमडेगा की सलीमा बनी कप्तान



**एजेंसी। नई दिल्ली** हॉकी इंडिया ने गुरुवार को 24 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा की जो एफआईएच प्रो लीग 2023-24 के बेल्जियम और इंग्लैंड चरण में भाग लेगी। बेल्जियम चरण 22 मई से शुरू होकर 26 मई को समाप्त होगा, जबकि इंग्लैंड चरण 1 जून से शुरू होकर 9 जून को समाप्त होगा।

भारत दोनों चरणों में अर्जेंटीना, बेल्जियम, स्पेन, ग्रेट ब्रिटेन और जर्मनी के खिलाफ दो-दो बार खेलेगा, 22 मई को अर्जेंटीना के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करेगा। भारत वर्तमान में आठ मैचों में आठ अंक लेकर छठे स्थान पर है।

टीम की कमान कैप्टन सलीमा टेटे संभालेंगी, जिन्हें हाल ही में छठे हॉकी इंडिया वार्षिक पुरस्कार 2023 में महिला वर्ग में प्लेयर ऑफ द ईयर 2023 के लिए प्रतिष्ठित हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। इस बीच, मिडफील्डर नवनीत कौर को उनका डिप्टी बनाया गया है। गोलकीपिंग की जिम्मेदारी सविता और बिचू देवी खारीबाम पर रहेगी, जबकि डिफेंसिव लाइन-अप में निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी, मोनिका, ज्योति छत्री और महिमा चौधरी शामिल हैं। मिडफील्ड सेक्शन में सलीमा टेटे, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, नवनीत कौर, नेहा, ज्योति, बलजीत कौर, मनीषा चौहान और लालरेमसियामी जैसी गतिशील खिलाड़ी होंगी। फॉरवर्ड लाइन में मुमताज खान, संगीता कुमारी, दीपिका, शर्मिला देवी, प्रीति दुबे, वंदना कटारिया, सुनीलिता टोप्पो और दीपिका सोरेंग शामिल हैं। टीम के चयन और कप्तान के रूप में नियुक्त किए जाने पर बोलते हुए, गतिशील मिडफील्डर सलीमा टेटे ने कहा, मुझे खुशी है कि मुझे टीम का नेतृत्व करने के लिए नियुक्त किया गया है। यह एक बड़ी जिम्मेदारी है और मैं इस नई भूमिका के लिए उत्सुक हूं। हमारे पास एक मजबूत टीम है और इसमें अनुभवी और युवा खिलाड़ियों का मिश्रण है। एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023-2024 के आगामी बेल्जियम और इंग्लैंड लेग में, हम अपना मजबूत पैर आगे रखना चाहते हैं। हम शिविर में कठोर प्रशिक्षण ले रहे हैं। हमने उन क्षेत्रों पर काम किया है जहां हमें सुधार की जरूरत थी। मुझे यकीन है कि हम अच्छा प्रदर्शन करेंगे और अपने इच्छित परिणाम प्राप्त करेंगे। इस बीच, उप-कप्तान नवनीत कौर ने कहा, भारतीय महिला हॉकी टीम की उप-कप्तान के रूप में नामित होना अवास्तविक लगता है। मैं एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023-24 में इस टीम के साथ जुड़ने के लिए काफी उत्साहित हूं, जहां हम गुणवत्ता वाली टीमों से खेलेंगे। हमारे पास एक अच्छी टीम है और हमें विश्वास है कि हम प्रो लीग के यूरोप लेग में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। मैं अपने खेल पर काम करने और सुधार करने के लिए भी उत्सुक हूं।

### भारतीय महिला टीम

- **गोलकीपर : सविता, बिछू देवी खारीबाम**
- **डिफेंडर : निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी, मोनिका, ज्योति छत्री, महिमा चौधरी**
- **मिडफील्डर : सलीमा टेटे (कप्तान), वैष्णवी विट्ठल फाल्के, नवनीत कौर, नेहा, ज्योति, बलजीत कौर, मनीषा चौहान, लालरेम्सियामी**
- **फॉरवर्ड : मुमताज खान, संगीता कुमारी, पिका, शर्मिला देवी, प्रीति दुबे, वंदना कटारिया, सुनेलिता टोप्पो, दीपिका सोरेंग**

## मुंबई के खिलाफ अपनी कमजोरियों से पार पाने उतरेगी केकेआर

मुंबई : खराब फॉर्म से जूझ रही मुंबई इंडियंस के खिलाफ शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स अपनी कमजोरियों से पार पाने के इरादे से उतरेगी। नौ मैचों में छह जीत के बाद 12 अंक लेकर केकेआर तालिका में दूसरे स्थान पर है और प्लेऑफ में उसकी जगह लगभग पक्की लग रही है। श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली टीम को हालांकि हर विभाग में लगातार अच्छा प्रदर्शन करके किसी तरह की कोताही से बचना होगा। केकेआर ने पिछले छह में से तीन मैच गंवाए हैं और पंजाब किंग्स ने रिकॉर्ड लक्ष्य का पीछा करके उसे हराया लेकिन फिर केकेआर ने वापसी करके दिल्ली कैपिटल्स को सात विकेट से मात दी। बल्लेबाजी में अति आक्रामक रवैये का केकेआर को फायदा मिला है लेकिन गेंदबाजी में सुधार की गुंजाइश है।

**मुंबई इंडियंस :** रोहित शर्मा, इशान किशन (विकेटकीपर), सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या (कप्तान), नेहल वढेरा, टिम डेविड, रोमारियो शेफर्ड, गेराल्ड कोएत्जी, श्रेयस गोपाल, जसप्रित बुमरा एमआई इम्पैक्ट प्लेयरः नुवान तुषारा

**कोलकाता नाइट राइडर्स :** फिल साल्ट (विकेटकीपर), सुनील नरेन, वेंकटेश अय्यर, श्रेयस अय्यर (कप्तान), रिंकू सिंह, आंद्रे रसेल, रमनदीप सिंह, मिशेल स्टार्क, वैभव अरोड़ा, चेतन सकारिया, वरुण चक्रवर्ती

## गुकेश ने विश्व रैंकिंग और रेटिंग में लंबी छलांग लगाई


**नई दिल्ली। चेन्नई**

युवा ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने 2,763 की ईएलओ रेटिंग के साथ विश्व के टॉप-10 शतरंज खिलाड़ियों के क्लब में प्रवेश किया है। गुकेश, जो अब ओपन वर्ग में छठे स्थान पर हैं। 2,762 की रेटिंग के साथ सातवें स्थान पर मौजूद विश्व शतरंज चैंपियन चीनी जीएम डिंग लिरेन से आगे हैं। इससे भी दिलचस्प बात यह है कि एक अन्य भारतीय शतरंज सनसनी जीएम अर्जुन एरिगैसी 2,761 की रेटिंग के साथ दुनिया में आठवें स्थान पर हैं। अंतर्राष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) के अनुसार, हाल ही में कनाडा में संपन्न फिडे कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतने के बाद गुकेश को 20 अंक मिले। कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतने के आधार पर,



गुकेश अब लिरेन के पास मौजूद विश्व खिताब के लिए चुनौती बन गए हैं। गुकेश के लिए अब छठे स्थान पर आना एक बड़ी छलांग थी क्योंकि कैंडिडेट्स टूर्नामेंट से पहले वह 16वें स्थान पर थे। जीएम सुसान पोल्गर पूर्व महिला विश्व चैंपियन (1996-99) से जब गुकेश के विश्व चैंपियन बनने की संभावनाओं के बारे में पूछा तो उन्होंने आईएएनएस को बताया, मेरा मानना है कि गुकेश डिंग लिरेन के खिलाफ थोड़ा पसंदीदा होगा।

## दीपक चाहर की चोट अच्छी नहीं दिख रही : फ्लेमिंग



**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स के प्रमुख कोच स्टीवन फ़्लेमिंग ने कहा है कि तेज गेंदबाजों की कमी ने टीम का संतुलन बगाीड़ दिया है। इस सीजन की शुरूआत में हल्की चोट की वजह से दो मैच नहीं खेलने वाले दीपक चाहर पंजाब किंग्स के खिलाफ बुधवार को केवल दो गेंद करने के बाद फिर चोटिल हो गए और उनको मैदान से बाहर जाना पड़ा। शार्दुल ठाकुर ने उनका ओवर पूरा किया। चेन्नई पहले ही निगल की वजह से मथीशा पथिराना और बुखार के कारण तुषार देशपांडे के बिना खेल रही थी। फ़्लेमिंग ने उनकी चोट की प्रकृति के बारे में नहीं बताया लेकिन कहा कि शुरूआती संकेत अच्छे नहीं थे। पंजाब से सात विकेट से हारने के बाद फ़्लेमिंग ने कहा, हां यह यात्रा मुश्किल रही है। कई खिलाड़ी अंदर-बाहर हुए हैं। शुरूआती अहसास अच्छा नहीं था। जब फीजियो और डॉक्टर देखेंगे तो मैं और पॉजिटिव रिपोर्ट की उम्मीद कर रहा हूं। अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्व कप में खेलने के लिए पथिराना और महीश थीक्षणा भी वीजा के काम निपटाने की वजह से कोलंबो लौट गए हैं।

## जादुमणि, अजय चमके, चार भारतीय एशियाई अंडर-22 और युवा मुक्केबाजी के सेमीफाइनल में

**अस्ताना (कजाकिस्तान)।** भारतीय मुक्केबाज मंडेंगबाम जादुमणि सिंह, निखिल, अजय कुमार और अंकुश ने यहां एशियाई अंडर-22 और युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2024 में पुरुषों के अंडर-22 सेमीफाइनल में प्रवेश करने के लिए गुरुवार को प्रभावशाली जीत दर्ज की। जादुमणि ने 51 किग्रा क्वार्टर फाइनल मुकाबले में भूटान के फुंटशो किनले को 5-0 से हराकर भारत की बढ़त बना ली। निखिल (57 किग्रा) ने प्रभुत्व का समान प्रदर्शन करते हुए उज्बेकिस्तान के बख्तियोरोव अयूबखोन पर 4-0 से जीत हासिल की और भारत की जीत की गति जारी रखी। अजय (63.5 किग्रा) और अंकुश (71 किग्रा) ने रेफरी स्टॉप द कॉन्टेस्ट (आरएससी) के फैसले से अपने-अपने मुकाबले जीते। अजय ने पहले राउंड में ही मंगोलिया के डेमडिंडोर्ज पी के खिलाफ मुकाबला जीत लिया, जबकि अंकुश ने कोरिया के ली जू सांग के खिलाफ तीसरे राउंड में अपना मुकाबला समाप्त किया। इस बीच, आशीष पुरुषों के 54 ग्राम क्वार्टर फाइनल में मंगोलिया के ओयुन एर्डीन ई के खिलाफ 2-3 से हार गए।

## पीसीबी ने ड्रॉफ्ट शेड्यूल में भारत के सभी मैच लाहौर में रखे

**एजेंसी। लाहौर**

2025 चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) जो शेड्यूल तैयार कर रही है उसमें भारत को पूरे टूनार्मेंट के लिए एक ही शहर में रोका जा सकता है। पीसीबी वह हरसंभव प्रयास कर रही है, जिससे 17 साल में पहली बार भारतीय टीम का पाकिस्तान दौरा संभव हो सके। दो सप्ताह के टूनार्मेंट का आयोजन करने के लिए पीसीबी कराची, लाहौर और रावलपिंडी पर विचार कर रही है। ईएसपीएनक्रिकइंफो समझता है कि भारत के सभी मैच लाहौर में सकते हैं क्योंकि यहीं पर फाइनल भी खेला जाना है।

भारत को एक ही शहर में रोकने से सुरक्षा



संबंधी चिंता को कम किया जा सकता है। लाहौर में होने से वाघा बॉर्डर भी पास पड़ेगा, जिससे कि भारतीय फैंस के लिए भी वहां जाना आसान होगा। पीसीबी चेयरमैन मोहसिन नकवी ने इस सप्ताह की शुरूआत में कहा था कि उन्होंने एक ड्राफ़्ट बनाकर आईसीसी को भेज दिया है। ड्राफ़्ट पर पर चर्चा होनी बाकी है और सबसे अहम मुद्दा यही होगा कि क्या भारतीय टीम पाकिस्तान दौरे पर जाएगी या नहीं।

2008 में हुए एशिया कप के बाद से भारतीय टीम ने पाकिस्तान में नहीं खेला है। उसी साल हुए मुंबई हमले के बाद से दोनों देशों के बीच संबंध लगातार खराब ही होते रहे हैं।

पिछले साल जब पाकिस्तान ने एशिया कप की मेजबानी की थी, तो उन्हें मजबूरी में हाइब्रिड मॉडल अपनाना पड़ा था। भारत ने अपने सभी मैच श्रीलंका में खेले थे और इसमें पाकिस्तान के खिलाफ हुआ मैच भी शामिल था।

पिछले साल भारत में खेले गए वनडे विश्व कप में अपने लिए पाकिस्तान ने भी हाइब्रिड मॉडल की मांग की थी, लेकिन इस पर कभी गंभीर चर्चा हुई ही नहीं।

## इंग्लैंड दौरे के लिए पाक टी20 टीम में हारिस राऊफ की हुई वापसी

**एजेंसी। लाहौर**

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने गुरुवार को आयरलैंड (10-14 मई तक) और इंग्लैंड (22-30 मई तक) के खिलाफ आगामी टी20 सीरीज के लिए अपनी 18 खिलाड़ियों की टीम की घोषणा की, जिसमें तेज गेंदबाज हारिस राऊफ भी शामिल है। पीसीबी ने एक बयान में कहा, "आईसीसी की 24 मई की समय सीमा को पूरा करने के लिए 22 मई को लीड्स में पहले टी20 मैच के बाद अगले महीने होने वाले आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 के लिए टीम को 15 खिलाड़ी तक कर दिया जाएगा। न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर पांच मैचों की टी20 सीरीज से पहले सफेद गेंद के कप्तान के रूप में बहाल होने के बाद बाबर आजम टीम का नेतृत्व करेंगे, जो पहला मैच बारिश की भेंट चढ़ने के बाद 2-2 के गतिरोध पर समाप्त हुआ। 18-खिलाड़ियों की टीम में ऑलराउंडर हसन अली और सलमान अली आगा के साथ सेट-अप में वापस बुलाया गया है।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

## जोमैटो को दो करोड़ रुपये का जीएसटी ब्याज और जुमार्ने के साथ भरने का आदेश

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन फूड डिलिवरी प्लेटफॉर्म जोमैटो को दिल्ली के बिक्री कर अधिकारी ने दो करोड़ रुपये से ज्यादा का वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी), दो करोड़ से ज्यादा का ब्याज और जुमार्ना भरने का नया आदेश दिया है। आदेश में 2,22,91,376 रुपये के जीएसटी; 2,08,98,164 रुपये के ब्याज और 22,29,136 रुपये के जुमार्ने की मांग की गई है। यह वित्त वर्ष 2018-19 की अवधि के लिए है। जोमैटो ने बुधवार को शेयर बाजार को बताया, जोमैटो को अप्रैल 2018 से मार्च 2019 की अवधि के लिए दिल्ली के वार्ड 300 के बिक्री कर अधिकारी से 2,08,98,164 रुपये के ब्याज और 22,29,136 रुपये के जुमार्ने के साथ 2,22,91,376 रुपये के जीएसटी की मांग प्राप्त हुई है। कंपनी ने बताया कि वह सक्षम अधिकारी के समक्ष इसके खिलाफ अपील करेगी। उसने कहा, हमें लगता है कि तथ्यों के आधार पर हमारे पास मजबूत मामला है और हम सक्षम अधिकारी के समक्ष इस आदेश के खिलाफ अपील दायर करेंगे। पिछले महीने भी जोमैटो को 11.81 करोड़ रुपये के जीएसटी और जुमार्ने का आदेश प्राप्त हुआ था। इसमें 5.9 करोड़ रुपये का जीएसटी और करीब इतना ही जुमार्ना शामिल है। यह जुलाई 2017 से मार्च 2021 की अवधि के लिए था।



## गिरीश मातृभूतम ने फ्रेशवर्क्स के सीईओ पद से दिया इस्तीफा



**नई दिल्ली।** गिरीश मातृभूतम ने फ्रेशवर्क्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के पद से इस्तीफा दे दिया है। कंपनी के प्रेसिडेंट डेनिस वुडसाइड फ्रेशवर्क्स के नए सीईओ होंगे। गिरीश मातृभूतम ने अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट में कहा, वह अपने करियर में एक नए अध्याय की घोषणा कर रहे हैं। उन्होंने कहा,मैंने फ्रेशवर्क्स के सीईओ के रूप में पद छोड़ने और कार्यकारी अध्यक्ष की भूमिका में परिवर्तन करने का फैसला लिया है। यह फैसला बिना सोचे विचारे नहीं लिया गया है। यह हमारी सामूहिक दृष्टि और हमारी कंपनी के भविष्य में गहरे विश्वास के साथ आया है। फ्रेशवर्क्स की स्थापना 14 साल पहले चेन्नई में एक छोटे स्टार्टअप के रूप में की गई थी। अब यह एक ग्लोबल सॉफ्टवेयर-एस-ए-सर्विस (सास) प्लेयर है और नैस्डैक पर सूचीबद्ध होने वाली पहली भारतीय सास कंपनी है। गिरीश मातृभूतम ने एक अलग मैसेज में कहा, हम दुनिया भर में 67 हजार से ज्यादा ग्राहकों के सच्चे दोस्त हैं। हमारे ग्लोबल 'कुदुम्बा' में अब 4 हजार 900 से अधिक प्रतिभाशाली सदस्य हैं। उन्होंने कहा,फ्रेशवर्क्स मेरे बच्चे की तरह है और समय के साथ मैंने इसे बढ़ते देखा है। गिरीश मातृभूतम के इस्तीफे की घोषणा के बाद, फ्रेशवर्क्स के शेयरों में लगभग 25 प्रतिशत की गिरावट आई। रिपोर्ट के अनुसार, मातृभूतम अब भारत में टीमों के साथ अधिक समय बिताने और वुडसाइड के विश्वसनीय सलाहकार बनने के लिए दीर्घकालिक उत्पाद दृष्टि और एआई पर फोकस करेगा। उन्होंने कहा, हमारा मिशन वही है, जो पहले था। हमारा भविष्य उज्ज्वल है। आगे का रास्ता असीमित संभावनाओं से भरा है और मैं यह देखने के लिए उत्साहित हूं कि वुडसाइड का नेतृत्व हमें कहां ले जाता है।

# सरकारी ऐप से करें यूपीआई पेमेंट, फ्री में ट्रांसफर होंगे पैसे

**एजेंसी। नई दिल्ली**

यूपीआई पेमेंट करते समय आपको कई चीजों का ध्यान रखना होता है। आज हम आपको ऐसी ऐप की जानकारी देने वाले हैं, जिसकी मदद से आप चुटकियों में पेमेंट कर सकते हैं। खास बात है कि ऐसा करने के लिए आपको कुछ स्पेशल करने की जरूरत नहीं होती है। आप घर बैठे मोबाइल में इसे इंस्टॉल कर सकते हैं और पैसे चुटकियों में ट्रांसफर भी हो जाएंगे। कई लोगों को ये ऐप काफी पसंद भी आ रही है।

**भीम यूपीआई**

मदद से आप आसानी से यूपीआई पेमेंट कर सकते हैं। इसके लिए आपको कुछ अलग से करने की जरूरत नहीं होती है। अगर आप भी इसका इस्तेमाल करना चाहते हैं पले स्टोर से डाउनलोड करना होगा। एक बार डाउनलोड करने के बाद आप इसे आसानी से यूज कर सकते हैं। यहीं पर आपको स्कैन का भी




ऑप्शन दिया जाता है।

QR Code पर आप पेमेंट करना चाहते हैं तो आपको ऐप में जाना होगा। इसका इस्तेमाल करने के बाद आप आसानी से पेमेंट कर पाएंगे। यानी एक प्रकार से आप इसे भी उसी प्रकार से इस्तेमाल कर सकते हैं, जैसे आप किसी अन्य ऐप को पेमेंट करने के लिए इस्तेमाल करते थे। इसके अलावा ये आपको बैंक ट्रांसफर का भी ऑप्शन देती है।

BHIM से ही आप बैंक में पैसे ट्रांसफर कर सकते हो। इसके लिए आपको बैंक अकाउंट ऐड करना होगा।

एक बार बैंक ऐड होने के बाद आपके लिए पैसे ट्रांसफर करने आसान हो जाते हैं। समय-समय पर ऐप में काफी बदलाव भी किए गए हैं। शुरूआत में इसमें कोई फीचर्स नहीं दिए जाते थे, लेकिन अब इसमें बदलाव करके कुछ फीचर्स को ऐड भी किया गया है। एक प्रकार से ये भी अन्य ऐप की तरह फुल यूपीआई पेमेंट ऐप ही बन चुकी है।

## रूसी तेल खरीदने से भारत के आयात बिल में 8 अरब डॉलर की हुई बचत

**नई दिल्ली।** पश्चिमी दबाव के बावजूद रूस से सस्ता तेल खरीदना जारी रखने की भारत की रणनीति के परिणामस्वरूप वित्तवर्ष 2022-23 के पहले 11 महीनों के दौरान देश के तेल आयात बिल में लगभग 7.9 अरब डॉलर की बचत हुई है। इससे देश को चालू खाता घाटा कम करने में भी मदद मिली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार मॉस्को के खिलाफ पश्चिमी प्रतिबंधों के बावजूद रूस के साथ अपने संबंध बनाए रखने के लिए दृढ़ है। व्यापार ट्रैकिंग एजेंसियों केप्लर और एलएसईजी द्वारा संकलित आंकड़ों के अनुसार, इस साल अप्रैल के दौरान भारत ने एक महीने पहले की तुलना में अधिक रूसी तेल का आयात किया, लेकिन इराक और सऊदी अरब से कम आयात किया। आंकड़ों से पता चलता है कि अप्रैल के दौरान आयात 13-17 प्रतिशत बढ़ गया। अप्रैल में रूस भारत का शीर्ष तेल आपूर्तिकर्ता रहा, उसके बाद इराक और सऊदी अरब रहे।

# जबरदस्त फीचर से लैस है वनप्लस नॉर्ड सीई 4

**एजेंसी। नई दिल्ली**

बता दें कि पिछले साल ही वनप्लस नॉर्ड सीई4 लांच किया गया था, और इस फोन को इसका अपग्रेडेड वर्जन बताया जा रहा है। यह फोन दो वेरिएंट में लॉन्च किया गया है जिसमें 8GB रैम और 128GB स्टोरेज है, तो वहीं इसकी कीमत को 24,999 रखा गया है।

जबकि इसका दूसरा जो वेरिएंट है वह 8GB रैम और 256 जीबी स्टोरेज के साथ आ रहा है और इसकी कीमत आपको 26,999 रुपए चुकानी पड़ेगी। हालांकि इस फोन की बिक्री 4 अप्रैल 2024 से ही शुरू हो चुकी है और अभी भी यह मार्केट में फोन लगातार बना हुआ है।

इस फोन को अगर कलर के हिसाब से देखा जाए तो वनप्लस नॉर्ड सीई 4 को दो कलर वेरिएंट में मार्केट में उतारा गया जिसमें डार्क क्रोम और सेलडोन मार्बल कलर शामिल है। इस फोन का जो डिस्प्ले है वह पूरी तरीके से फुल एचडी प्लस और अमोलेड डिस्प्ले इसमें दिया गया है।

वहीं स्क्रीन की लंबाई की बात करें तो यह 6.7



इंच का इसका डिस्प्ले है जिसमें आपको 120 रिफ्रेश रेट सपोर्ट मिलता है। चिपसेट की बात करें तो इसमें क्वालकॉम स्नैपड्रैगन 7 जेन 3 चिपसेट लगाया गया है।

वहीं अगर इस फोन के सबसे जरूरी और इसी क्यों हर फोन के सबसे महत्वपूर्ण पार्ट आजकल के समय में देखा जाए तो वह कैमरा है और इस फोन के कैमरे की बात करें तो इसमें डुअल रियर कैमरा का सेटअप दिया गया और इसका जो में कैमरा है वह 50 मेगापिक्सल का है।

इसके साथ ही इसमें आपको 8 मेगापिक्सल का अल्ट्रा वाइड कैमरा सेटअप भी दिया जा रहा है। यह फोन डक्र को सपोर्ट करता है। वहीं अगर सेल्फी कैमरा की बात करें तो इसमें आपको 16 मेगापिक्सल का फ्रंट कैमरा मिल रहा है। इसके अलावा अगर फोन की बैटरी बैकअप की बात करें तो 5500एमएच की बैटरी इस फोन में दी गई है और इसके साथ ही फास्ट चार्जिंग को सपोर्ट करने के लिए 100W SuperVOOC फास्ट चार्जर भी आपको दिया जा रहा है। कंपनी का दावा है कि सिर्फ 15 मिनट में यह चार्जर आपके फोन को चार्ज कर देगा और यह पूरे दिन यानी की 24 घंटे आपको बैकअप देने में सक्षम है। इस फोन में 4 साल की बैट्री हेल्थ कंपनी दावा कर रही है।

वहीं 2 साल सॉफ्टवेयर अपडेट और 3 साल सिक्योरिटी अपडेट के साथ कंपनी फोन को लेकर आई है। इसके अलावा 100W SuperVOOC स्मार्टफोन में ड्यूल स्टीरियो स्पीकर भी दिया गया है और इसमें हाई रेजोल्यूशन ऑडियो सर्टिफिकेशन भी दिया जा रहा है। इस फोन में भी आपको यूएसबी टाइप सी चार्जिंग पोर्ट दिया गया है जो आजकल आमतौर पर सभी फोन में दिया जा रहा है।

# फर्राटो डिसरप्टर इलेक्ट्रिक मोटरसाइकल भारत में लॉन्च




**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय बाजार में एक नई इलेक्ट्रिक मोटरसाइकल फराटी डिसरप्टर की एंट्री हो गई है। ओकाया ईवी के प्रीमियम ब्रैंड फराटी की इस पहली पेशकश को युवाओं की जरूरत का ध्यान रखते हुए लॉन्च किया गया है, जिसमें स्पोर्ट्स बाइक जैसा लुक, अच्छे-अच्छे फीचर्स और एलएफपी बैटरी के साथ ही 129 किलोमीटर की सिंगल चार्ज रेंज मिलती है। कंपनी का दावा है कि यह महज 25 पैसे में एक किलोमीटर चलने में सक्षम है और इसकी बैटरी की लाइफ साइकल 2000 चार्ज तक है। चलिए, आपको ओकाया ईवी की पहली प्रीमियम इलेक्ट्रिक मोटरसाइकल फराटी डिसरप्टर के बारे में विस्तार से बताते हैं।

ओकाया ईवी के प्रीमियम ईवी ब्रैंड फराटी की पहली इलेक्ट्रिक मोटरसाइकल डिसरप्टर को 1,59,999 रुपये की एक्स शोरूम प्राइस में लॉन्च किया गया है। चूंकि, दिल्ली, चंडीगढ़, महाराष्ट्र और ओडिशा जैसे राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर्स पर सब्सिडी मिल रही है, ऐसे में इन प्रदेशों में डिसरप्टर की कीमत कम है। दिल्ली में फराटी डिसरप्टर को महज 1.40 लाख रुपये में खरीद सकते हैं।

फराटी डिसरप्टर देखने में काफी जबरदस्त है। स्लिक डिजाइन और मॉडर्न एलिमेंट्स से यह बाइक काफी स्पोर्टी लगती है और इसमें पावर और स्टाइल का कॉम्बिनेशन मिलता है। इसमें एलईडी और हेलोजन लाइट्स सेटअप, फ्यूल टैंक डमी में एक्स्ट्रा स्टोरेज, अच्छी सीट, स्प्लिट सीट सेटअप जैसी बाही खूबियां दिख जाती हैं।

फीचर्स की बात करें तो फराटी डिसरप्टर इलेक्ट्रिक मोटरसाइकल में अडवांस्ड ब्रेकिंग सिस्टम, टेलिस्कोपिक फ्रंट सस्पेंशन और रियर में मोनोशॉक सस्पेंशन, स्मार्ट कनेक्टिविटी, जियो फेंसिंग, अलॉय व्हील, 17 इंज के टायर्स, ईको-सिटी-स्पोर्ट्स जैसे 3 राइडिंग मोड्स, फाइंड माई स्कूटर, साउंड बॉक्स समेत और भी खूबियां हैं। फराटी डिसरप्टर इलेक्ट्रिक मोटरसाइकल में 3.97 किलोवॉट पावर वाली एलएफपी बैटरी दी गई है। इसका इलेक्ट्रिक मोटर 6.37 'ह की पावर और 228 एनएम का पिक टॉर्क जेनरेट कर सकता है। डिसरप्टर की सिंगल चार्ज रेंज 129 किलोमीटर तक की है और टॉप स्पीड 95 किलोमीटर प्रति घंटा है। आप इसकी बैटरी को 5 घंटे में फुल चार्ज कर सकते हैं।

फराटी डिसरप्टर की बुकिंग शुरू है और पहले 1000 कस्टमर इसे महज 500 रुपये में बुक करा सकते हैं। डिलीवरी जल्द ही शुरू होगी और बड़े शहरों में सड़कों पर इसकी मौजूदगी आने वाले समय में दिखने लगेगी। ओकाया ईवी के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉक्टर अंशुल गुप्ता ने फराटी डिसरप्टर लॉन्च कर इसे रिवॉल्यूशनरी प्रोडक्ट बताया, जो शहरों में स्पोर्टी लुक और अच्छे फीचर्स वाली इलेक्ट्रिक बाइकलवर्स की जरूरतें पूरी करने में सक्षम है।






## भाजपा उम्मीदवार संजय सेठ ने रांची लोकसभा सीट से भरा पर्चा



# राजनीतिक अस्तित्व बचाने के लिए चुनाव लड़ रही इंडी गठबंधन : धामी

**उपेंद्र गुप्ता। रांची**

**रांची लोकसभा सीट से भाजपा के उम्मीदवार व सांसद संजय सेठ ने गुरुवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया। नामांकन से पहले मोरहाबादी मैदान में एनडीए नेताओं ने एक जनसभा को भी संबोधित किया। चिलचिलाती धूप और उमस भरी गर्मी के बावजूद मोरहाबादी मैदान में हजारों की संख्या में भाजपा और आजसू के समर्थक जुटे। जनसभा के बाद दोपहर लगभग ढ़ाई बजे एक रैली के साथ भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी, आजसू नेता सुदेश महतो,जदयू प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो और प्रतिपक्ष के नेता अमर बाउरी के साथ नामांकन करने समाहरणालय पहुंचे। रैली के दौरान एनडीए नेताओं और समर्थकों पर जगह-जगह जेसीबी से फूलों की बारिश की गई।**

### एसटी-एससी व ओबीसी का हक विशेष वर्ग को देना चाहती है इंडी गठबंधन

जनसभा को संबोधित करते हुए उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इंडी गठबंधन पर जोरदार हमला किया। सीएम धामी ने कहा कि पूरा देश जान रहा है कि तीसरी बार नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। इंडी गठबंधन सरकार बनाने के लिए चुनाव नहीं लड़ रही है,बल्कि अपने राजनीतिक अस्तित्व को बचाने के लिए चुनाव लड़ रही है। इंडी गठबंधन के नेताओं का उद्देश्य सिर्फ किसी तरह परिवार को बचाना और भ्रष्टाचार को छुपाना है, लेकिन इस बार देश की जनता उन्हें तरह से उखाड़े फेंकेगी। सीएम धामी ने कहा कि उत्तराखंड और झारखंड के बारे में कहा कि दोनों राज्यों का जन्म एक ही समय में हुआ है, इस दृष्टि से भी खास है। उत्तराखंड देश का पहला राज्य है जहां समान नागरिक संहिता लागू हुआ है। हम जिस भूमि से आए हैं वो देवभूमि है, जहां से गंगोत्री निकलती है निश्चित रुप से समान नागरिक संहिता की गंगोत्री देश के अन्य राज्यों तक पहुंचेगी। झारखंड जैसे राज्य के लिए तो यह आवश्यक है। सीएम धामी ने राजधानी की जनता से अपील करते हुए कहा कि विकसित भारत के लिए, मजबूत नेतृत्व के लिए, भ्रष्टाचार के अंत के लिए और सनातन धर्म के सम्मान के लिए भाजपा को चुनें और 25 मई को संजय सेठ को प्रचंड मतों से विजयी बनाएं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का गैंग तुष्टिकरण का जहर घोल रही है। यह आपका अधिकार छीनकर एक विशेष समुदाय को देना चाहती है। हमें भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण और परिवारवाद की सोच को सत्ता में आने से रोकना है।

### इंडी गठबंधन का बारात तैयार, लेकिन दूल्हा ही गायब : सुदेश महतो

आजसू के सुप्रीमो सुदेश महतो ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि रांची लोकसभा सीट पर पिछले लोकसभा चुनाव से बेहतर परिणाम आएगा। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि इंडी गठबंधन में बाराती पूरी तरह तैयार हैं, लेकिन दूल्हा ही नहीं मिल रहा। यह तुष्टिकरण की राजनीति करने वाले लोग हैं। सुदेश ने कहा कि यह परिपाटी चली आ रही है कि गांधी परिवार में जन्म लेने वाला ही प्रधानमंत्री बनेगा। झारखंड प्रदेश में भी ऐसा ही चल रहा है।

### लोस चुनाव के बाद कभी भी राज्य में विस चुनाव संभव

भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ ने कहा कि जिस तरह से देश और राज्य में सभी तरफ मोदी की गारंटी की गुंज है। उससे साफ है कि लोकसभा चुनाव में देश की जनता भारी बहुमत के साथ फिर से पीएम मोदी को चुनेंगी। वहीं राज्य सरकार ने जनता के साथ वादाखिलाफी किया है, जनता के साथ धोका किया है, उससे राज्य की जनता में भारी नाराजगी है और लोकसभा चुनाव के बाद राज्य में कभी भी विधानसभा चुनाव की घोषणा हो सकती है।

### देशभर में एनडीए की लहर चल रही है : खीरु महतो

राज्यसभा सांसद एवं जेडीयू के प्रदेश अध्यक्ष खीरु महतो ने कहा कि झारखंड और उत्तराखंड का निर्माण एक ही साल हुआ था। यहां से संकल्प लेकर जाएं कि संजय सेठ को जिताना है और 400 के नारे को चरितार्थ करना है। देशभर में एनडीए गठबंधन की लहर चल रही है। इस अवसर पर रांची विधायक सीपी सिंह, समरी लाल, बालमुकुंद सहाय, पूर्व विधायक मलखान सिंह, आरती कुजूर, आरती सिंह, सीमा शर्मा, महेश पोद्दार, जितेंद्र सिंह, संजय महतो सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### यूसीसी कानून लागू करने की घोषणा से विरोधी पार्टियों में मची खलबली : अमर बाउरी

नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि झारखंड, उत्तराखंड और छत्तीसगढ़ का निर्माण एक वक्त पर ही हुआ और इसका पूरा श्रेय श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी को जाता है जिन्होंने क्षेत्र, संस्कृत, भाषा आदि के आधार पर वर्षों से लंबित आम लोगों की अलग राज्य की मांग के सपने को पूर्ण किया। वहीं झारखंड मुक्ति मोर्चा एक ऐसी पार्टी थी जिसने झारखंड को ही बेचने का काम किया था। वहीं कांग्रेस तुष्टिकरण की राजनीति करने वाली पार्टी है। उन्होंने कहा कि जब से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गारंटी दी है की 2024 में जब भाजपा की सरकार बनेगी तो पूरे देश में यूसीसी कानून लागू कर दिया जाएगा, तब से विरोधी पार्टियों में खलबली मच गई है। वही उत्तराखंड एकमात्र ऐसा राज्य है जो वर्तमान में यूसीसी कानून को अपने राज्य में लागू कर चुका है। उन्होंने कहा कि 2024 के चुनाव के बाद तुष्टिकरण की राजनीति करने वाली पार्टी समाप्त हो जाएगी। वहीं उन्होंने कहा कि उत्तरकाशी में जब मजदूर सुरंग में फंसे थे तो उत्तराखंड के मुख्यमंत्री कैंप कर मजदूरों को बचाने का प्रयास कर रहे थे। जबकि झारखंड की सरकार उत्तरकाशी में फंसे झारखंड के मजदूरों के लिए राशन तक नहीं भेज पाए थे। उन्होंने लोगों को विश्वास दिलाया कि इस बार सभी 14 लोकसभा सीटों पर एनडीए जीत का परचम लहराएगा। इसलिए सभी लोग अपना मत का उपयोग कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करें।

## मोदी के कार्यकाल में दलित और आदिवासी को हुआ बड़ा नुकसान

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

लोकसभा चुनाव की समीक्षा के क्रम में कांग्रेस मुख्यालय में अग्रणी मोर्चा संगठन की बैठक प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में संगठनवार चुनावी अभियान,बूथों की स्थिति, बीएलए की नियुक्ति की स्थिति,गारंटी कार्ड के वितरण की स्थिति की समीक्षा की गई। राजेश ठाकुर ने सभी को निर्देश देते हुए कहा कि झारखंड के प्रथम चरण का चुनाव अत्यंत नजदीक है और हमें चुनावी अभियान को और गति देने की आवश्यकता है। झारखंड में चुनावी आगाज तीन अनुसूचित जनजाति और एक अनुसूचित जाति लोकसभा क्षेत्र में मतदान से होने जा रहा है और मोदी सरकार के 10 वर्षों के शासनकाल में समाज का यही तबका सबसे ज्यादा प्रभावित रहा है।इसके सामाजिक और आर्थिक उद्यान उत्थान के लिए मोदी सरकार द्वारा एक दशक के शासनकाल में कोई उल्लेखनीय प्रयास नहीं किया गया, हमें इनके बीच सारे तथ्यों को सामने रखकर मोदी की नीतियों की सच्चाई बतानी होगी,साथ यह भी बताना होगा कि उनके सामाजिक उत्थान के लिए हमारी महागठबंधन सरकार ने सरना धर्म कोड का बिल सदन से पारित कराकर केंद्र सरकार को भेजा है लेकिन प्रधानमंत्री मोदी उसे बिल को लंबे समय से लटकाये हुए हैं।केंद्र सरकार ने देश के विभिन्न क्षेत्रों में वन भूमि की जमीनों को पूंजीपति घरानों को देने का काम किया है जिस पर स्वाभाविक तौर पर पहला हक आदिवासी समुदाय का होता है। उन्होंने कहा कि झारखंड में भी पूर्व की रघुवर सरकार ने विकास करने के नाम पर आदिवासी, पिछड़ों, किसानों के साथ छल ही किया है। रोजगार देने के नाम पर पूरी तरह से जीरो अंक पाने वाली केंद्र सरकार के नक्शे कदम पर चल कर पूर्व की झारखंड भाजपा सरकार ने अपने आका की वाहवाही लूटने का काम किया था। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश संगठन महासचिव अमुल्य नीरज खलखो, महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा, अग्रणी संगठन विभाग प्रकोष्ठ के अध्यक्ष- नेली नाथन, गुंजन सिंह, अमीर हासमी, केदार पासवान, अभिलाभा साहु, जोसाई मार्डी, अमरेन्द्र सिंह, भानू प्रताप बड़ाई, सुनीत शर्मा, हदयानंद यादव, कौशल किशोर आदि शामिल थे।



## दो चरणों के चुनाव के बाद पीएम व भाजपा नेता हताश : गुलाम मीर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

लोहरदगा लोकसभा चुनाव के संदर्भ में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने लोहरदगा जिला कांग्रेस के पदाधिकारियों, प्रखंड अध्यक्षों, वरीय नेताओं तथा प्रदेश पदाधिकारियों के साथ सांगठनिक बैठक कर चुनावी अभियान की समीक्षा की। बैठक को संबोधित करते हुए गुलाम अहमद मीर ने कहा कि पूरे देश भर में दो चरणों का चुनाव संपन्न हो गया है और इन चरणों में भाजपा के विपरीत जनता का जनादेश आने का शत- प्रतिशत अनुमान है, लेकिन हमें जनता को जागरूक रखना होगा, क्योंकि दो चरणों के संभावित परिणामों से प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा नेतागण पूरी तरह हताश हैं और जनता को बहकाने के लिए झूठे प्रचारों और बयानों का सहारा ले रहे हैं। वह इतनी बुरी तरह डरे हुए हैं कि 400 पार का नारा भूल कर अमर्यादित भाषाओं का उपयोग करने लगे हैं। उन्होंने उपस्थित नेताओं और कार्यकताओं को निर्देश देते हुए कहा कि आपके पास समय कम है और जनता के बीच कांग्रेस के गारंटी कार्ड को लेकर जो विश्वास जगा है उसे बरकरार रखने के साथ-साथ हमें वर्तमान मोदी सरकार की कारगुजारियों से भी अवगत कराना है, ताकि लोगों को पता चल सके कि किस तरह से मोदी और उनके नुमाइंदों 10 वर्षों में जनता के साथ छल कपट करके अपने थैली शाह मित्रों की मदद की है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि भाजपा इस देश में एक नकारात्मक विचारधारा को जन्म देने का प्रयास कर रही है और कांग्रेस के मेनिफेस्टो के बारे में हर दिन एक नया झूठ बोल रही है और अपने तंत्रो के माध्यम से उस झूठ को सच में बदलने का प्रयास कर रहे हैं। विपक्ष के नेताओं को चुनाव के दौरान परेशान कर रहे हैं ताकि जनता तक उनका झूठ और हमारा सच न पहुंच सके, लेकिन पूरी सतर्कता के साथ हम सभी को मिलकर कांग्रेस के पांच न्याय 25 गारंटी को जनता तक पहुंचना है और गारंटी फॉर्म को जनता से भरवाना है।



## न्यूज बॉक्स

### इंडी गठबंधन के लोग गैरकानूनी काम करते हैं, इनसे सावधान रहें : बाबूलाल मरांडी



**रांची ।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि एक-एक वोट भारतीय जनता पार्टी को देना है। कमल छाप पर बटन दबाना है। पिछले 10 साल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकास का बहुत काम किये हैं। इतने कम दिनों में किसी प्रधानमंत्री ने इतना काम नहीं किया। उन्होंने गरीबों का विकास किया। महिला और बहनों को मान सम्मान दिया। शौचालय देने का काम किया है। गरीबों को घर दिया। गैस कनेक्शन दिया। घर-घर तक बिजली पहुंचाई। घर-घर में नल से पानी देने की योजना शुरू की। इलाज के लिए गरीबों को आयुष्मान कार्ड दिया। गरीबों को कोरोना काल से अब तक मुक्त राशन देने का काम भी कर रहे हैं। अगले 5 साल तक गरीबों को मुफ्त अनाज मिलेगा, ताकि कोई भी गरीब भूखा नहीं सोए। भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने पर देश और झारखंड में विकास के काम हुआ है।

### वंशवाद और परिवारवाद का अंतिम चुनाव : बाउरी



**रांची ।** नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 10 साल में कायाकल्प करके दिखाया है। कांग्रेस और उसके साथी दल 65 साल में भी नहीं कर पाए। प्रधानमंत्री मोदी ने गांव को सशक्त बनाया है। गरीबों का उत्थान किया है। झारखंड में कांग्रेस और गठबंधन की सरकार ने लोगों को लूटने का काम किया है। इंडी गठबंधन के लोग वंशवाद और परिवारवाद की राजनीति को मजबूत करने के लिए मैदान में खड़े हैं। 2024 का चुनाव वंशवाद और परिवारवाद का अंतिम चुनाव होने वाला है। देश के 140 करोड़ लोग प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश के विकास और अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए वोट देंगे। झारखंड की सरकार तुष्टिकरण भाई भतीजावाद और भ्रष्टाचार को बढ़ावा दी है। झारखंड को खोखला बनाने का काम किया है। याद रखिएगा अंकित पांडे को कि सरकार ने इसके हत्यारे को बचाने के लिए कितनी ताकत लगा दी थी।

### रांची संसदीय क्षेत्र से 6 अभ्यर्थियों ने दाखिल किया नामांकन, 28 ने खरीदा नामांकन पर्चा

**रांची ।** रांची संसदीय क्षेत्र के लिए अधिसूचना जारी होने के चौथे दिन अब तक कुल 06 अभ्यर्थियों ने अपना नामांकन दाखिल कर दिया है। 02 मई गुरूवार को 04 अभ्यर्थियों ने नामांकन किया। भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ, निर्दलीय अरशद अयूब, पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) के पंकज कुमार रवि, लोक अधिकार पार्टी (झा) के हरिनाथ साहू ने आज नामांकन दाखिल किया। इसके पहले 29 अप्रैल को एसयूसीआई के मिंटू पासवान और 30 अप्रैल को अम्बेडकराईट पार्टी ऑफ इंडिया के रामहरि गोप ने अपना नामांकन दाखिल किया था। रांची संसदीय क्षेत्र के लिए नाम-निर्देशन पत्र क्रय करनेवाले अभ्यर्थियों की कुल संख्या 28 हो गयी है। अधिसूचना जारी होने के चौथे दिन 02 मई को तीन अभ्यर्थियों ने नाम-निर्देशन पत्र खरीदे। एकल सनातन भारत दल के सर्वेश्वरी साहू, अदिवासी किसान मजदूर पार्टी के अंजनी पांडे, और निर्दलीय संदीप उरांव ने गुरूवार को नामांकन पर्चा खरीदा है।

### सदा समाज के उत्थान के लिए कार्य करें : राज्यपाल



**रांची ।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु पदाधिकारियों ने गुरुवार को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से राजभवन में भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल ने प्रशिक्षु अधिकारियों से कहा कि वे स्वहित के लिए नहीं, बल्कि सदा समाज उत्थान के लिए कार्य करें। समाज में व्याप्त विभिन्न समस्याओं के निदान के लिए सक्रिय रहें। लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, पोषण आदि बुनियादी सुविधाओं की सुलभता के लिए तत्पर रहें। जीवन में नियमों का पालन करते हुए सही मार्ग को अपनाएं एवं राज्य के विकास में योगदान दें।

### झारखंड हाई कोर्ट में एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर हुए हाजिर, अगली सुनवाई 18 जून को

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में रांची शहर में सीवरेज-ड्रेनेज परियोजना को पूरा करने का आग्रह करने वाली अरविंदर सिंह देओल की जनहित याचिका की सुनवाई गुरुवार को हुई। मामले में कोर्ट के आदेश पर एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर और रांची नगर निगम के एक्जीक्यूटिव इंजीनियर हाजिर हुए। अगली सुनवाई 18 जून को होगी। एनएचएआई (भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण) के प्रोजेक्ट डायरेक्टर ने कोर्ट को बताया कि रांची में सीवरेज-ड्रेनेज परियोजना के फेज वन के लिए रांची नगर निगम को नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट (एनओसी ) देने के संबंध में केन्द्रीय रोड ट्रांसपोर्ट एवं हाईवे मंत्रालय को पत्र भेजा गया है। वहां से अनुमति मिलते ही रांची नगर निगम को एनओसी दे दिया जाएगा। रांची नगर निगम की ओर से अधिवक्ता एलसीएन शहदेव ने कोर्ट को बताया कि एनएचएआई से एनओसी मिलते ही फेज वन का शेष बचा 15 प्रतिशत काम जल्द पूरा कर दिया जाएगा। कोर्ट ने राज्य सरकार को सीवरेज-ड्रेनेज परियोजना के फेज-टू, फेज थ्री और फेज फोर के निर्माण कार्य के संबंध में स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया।

### झारखंड हाई कोर्ट ने दोहरे हत्याकांड में सजायफ्ता लोकेश चौधरी को नहीं दी जमानत

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने लालपुर निवासी हेमंत अग्रवाल और महेंद्र अग्रवाल की हत्या मामले में सजायफ्ता लोकेश चौधरी की जमानत याचिका गुरुवार को खारिज कर दी। इस हत्याकांड में अपर न्यायायुक्त विशाल श्रीवास्तव की अदालत ने जून, 2023 में लोकेश चौधरी, सुनील सिंह, धर्मेंद्र कुमार तिवारी को उम्रकैद की सजा सुनाई थी। लोकेश ने निचली अदालत की सजा को हाई कोर्ट में चुनौती दी है। लोकेश चौधरी ने लालपुर निवासी हेमंत अग्रवाल और महेंद्र अग्रवाल को अशोक नगर स्थित एक न्यूज कार्यालय में 6 मार्च, 2019 को बुलाया था। विवाद होने पर उनकी हत्या गोली मार कर की गयी थी। मामले को लेकर अरगोड़ा थाना में प्राथमिकी दर्ज हुई थी। हत्याकांड के मुख्य आरोपित लोकेश कुमार चौधरी घटना को अंजाम देने के बाद से फरार रहा था। उसने दिसंबर, 2020 में कोर्ट में सरेंडर किया था।

## विपक्ष के पास न नेता, न नीति, न मुद्दा : केशव

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

कोडरमा लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी और गांडेय विधानसभा उपचुनाव के लिए भाजपा प्रत्याशी दिलीप कुमार वर्मा ने नामांकन पर्चा दाखिल किया। इस मौके पर उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी मौजूद रहे। केशव प्रसाद मौर्य ने चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज दुनिया में नरेन्द्र मोदी का डंका बज रहा है। मौर्य ने कहा कि मोदी ओबीसी वर्ग से आते हैं और उन्होंने 10 साल देश की खूब सेवा की है। उन्होंने वर्ष 2019 के चुनाव में भाजपा ने कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने, अयोध्या में राम मंदिर बनने का वादा किया था, उसे मोदी सरकार ने पूरा कर दिया। अब बारी जनता की है। इसके लिए नरेन्द्र मोदी के हाथों को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगियों ने 60 वर्ष में देश को बर्बाद करने और लूटने का काम किया है।सबका साथ और सब का विकास करने का काम सिर्फ नरेन्द्र



## इंडी गठबंधन के नेता केवल झूठ बोलेंगे : शर्मा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 1 मई को हजारीबाग के एनडीए प्रत्याशी मनीष जायसवाल के नामांकन कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने तर्जन मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। इसमें बड़ी संख्या में जनता मौजूद थे। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने भाषण की शुरूआत 'जोहार झारखंड' से की। उन्होंने कहा कि चुनाव आने पर कांग्रेस के लोग आते हैं, झूठ और लूट की कहानी कहते हैं। अफवाह फैलाने का काम करते हैं, क्योंकि इन लोगों ने सबसे ज्यादा समय तक देश और प्रदेश में राज किया है। उन्होंने कभी गरीब की परवाह नहीं की। कभी किसानों की परवाह नहीं की। कभी गांव की परवाह नहीं की। एक बार चुनाव जीत जाते हैं, दोबारा क्षेत्र में नहीं जाते हैं। वे झूठ का सहारा ले रहे हैं।कह रहे हैं कि एनडीए सरकार बनने पर संविधान बदल देंगे। प्रधानमंत्री और गृह मंत्री ने साफ-साफ कहा है कि संविधान बदलने और आरक्षण खत्म करने की किसी की ताकत नहीं है।



## पृष्ठ एक के शेष

**कांग्रेस ने जो काम 60 वर्षों में नहीं...**

लोग नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनने से रोकने के लिए एकजुट हुए हैं, लेकिन देश कि जनता सब जान चुकी है। इस बार वैसे विरोधियों को वोट के माध्यम से पाताल भेजने का काम करेगी। पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने कहा कि विधानसभा के हर बूथ पर कमल खिलेगा। अपने प्रत्याशी को सुनने के लिए इस तपती धूप में जो जनसैलाब उमड़ा है। इस बात का गवाह है। कालीचरण सिंह ने कहा कि आप हमें आशीर्वाद देकर चुनाव जिताएं। आपके लिए मैं हमेशा खड़ा रहूंगा। वहीं भाजपा जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि केंद्र सरकार किसानों के साथ-साथ महिलाओं के उत्थान के लिए उज्जवला योजना, पीएम आवास, सुकन्या समृद्धि योजना,जनधन योजना समेत कई जन उपयोगी योजनाएं चला रही है। आदिवासियों के बच्चों को गुणवत्ता युक्त शिक्षा देने के लिए एकलव्य विद्यालय की शुरूआत की गई है। कम समय में बड़ी बड़ी विकास योजनाओं को तीव्र गति से धरातल पर उतारने का काम किया है। यही कारण है पूरे देश में चुनाव में पार्टी को एकबार फिर से अपार जनसमर्थन मिल रहा है। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री सुरेंद्र विश्वकर्मा ने किया। कार्यक्रम में सारठ विधायक रणधीर सिंह,भाजपा नेता प्रेम सिंह,राजधानी यादव,अजय तिवारी,किसलय तिवारी,मंजू लता,लवली गुप्ता,विजय ठाकुर,प्रखंड प्रमुख सुनील पासवान,साधु मांझी,शंकर गुप्ता, विजय पाठक, अरविंद गुप्ता,अजीत प्रसाद सहित कई लोग मौजूद थे।

**आठवीं पास युवक ने शुरू की स्टार्ट अप...**

मिलाकर तैयार यह मिश्रण पाचन तंत्र को मजबूत बनाने में काफी सफल साबित होता है। पांडेय बताते हैं कि नमक बनाने की लंबी विधि है, जिसमें डेढ़ माह का समय लगता है। विशेष विधि से आंवला, सेंधा नमक और अन्य औषधि का प्रयोग कर इसे तैयार करते हैं। एक किलो आंवले में 100 ग्राम नमक बनता है, जो पाचन तंत्र को मजबूत करता है। वे बताते हैं कि आंवला का नमक 3000 हजार में एक किलो तैयार होता है। ज्यादातर लोग 50 ग्राम,100 ग्राम व 150 ग्राम व 200 ग्राम की डिबिया ही खरीदते हैं। यह भी आर्डर पर तैयार किया जाता है। इसके अलावे खांसी, दमा इत्यादि की दवा भी तैयार करते हैं। वे बताते हैं कि वह मुन्नकाप्राश व किशमिशप्राश तैयार करते हैं। आंवला का नमक पाचन तंत्र के लिए लाभकारी साबित हो रहा है। वहीं लवण का तेल दांत के दर्द के लिए उपयोगी सिद्ध हो रहा है।

**सीबीआई पर केंद्र का कोई...**

के बीच विवाद में सर्वोच्च न्यायालय के मूल अधिकार क्षेत्र से जुड़ा है। केंद्र सरकार की तरफ से सुप्रीम कोर्ट में पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच को बताया कि ह्यसंविधान का अनुच्छेद 131 संविधान के सबसे पवित्र क्षेत्राधिकार में से एक है और इसके प्रावधानों का गलत इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। मेहता ने कहा कि राज्य सरकार के मुकदमे में जिस मामले के बारे में बताया गया है, वह भारत सरकार ने दायर नहीं किया है।तुषार मेहता ने आगे कहा कि केंद्र सरकार ने मामला दर्ज नहीं किया था बल्कि सीबीआई ने किया था और सीबीआई पर भारत सरकार का किसी भी तरह का कोई भी नियंत्रण नहीं है। बता दें कि 16 नवंबर 2018 को बंगाल सरकार ने सीबीआई को राज्य में जांच करने की मंजूरी वापस ले ली थी, जिसके तहत सीबीआई बंगाल में छापेमारी या जांच नहीं कर सकती।

**सनातन धर्म के सम्मान के लिए...**

नरेन्द्र मोदी ने देश का गौरव पूरे विश्व में बढ़ाया है। मोदी की कई योजनाएं गारंटी के रूप में जनता तक पहुंच रही हैं। अयोध्या में भव्य राम मंदिर बनने का सौभाग्य भी नरेन्द्र मोदी के शासनकाल में हुआ। उन्होंने कहा कि एक तरफ भाजपा विकास के लक्ष्य पर काम कर रही है, दूसरी तरफ घोटालेबाज और भ्रष्टाचारियों की फौज है। वहीं बुधवार को राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हजारीबाग में कहा कि चुनाव आने पर कांग्रेस के लोग आते हैं, झूठ और लूट की कहानी कहते हैं। अफवाह फैलाने का काम करते हैं। इन लोगों ने सबसे ज्यादा समय तक देश और प्रदेश में राज किया है। उन्होंने कभी गरीब की परवाह नहीं की। कभी किसानों की परवाह नहीं की। कभी गांव की परवाह नहीं की। एक बार चुनाव जीत जाते हैं, दोबारा क्षेत्र में नहीं जाते हैं। वे झूठ का सहारा ले रहे हैं। कह रहे हैं कि एनडीए सरकार बनने पर संविधान बदल देंगे। जबकि ये खुद संविधान का अनादार करते रहे हैं।

**केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी और...**

नागेंद्र महतो, भाजपा नेता मुकेश जालान, संदीप डंगाईच समेत कई भाजपा नेता दोनों प्रत्याशियों के साथ मौजूद थे। वहीं रांची में सांसद संजय सेठ ने भी अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया। इस दौरान उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, आजसू प्रमुख सुदेश कुमार महतो और नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, सीपी सिंह आदि मौजूद थे। वहीं गांडेय विधानसभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी दिलीप वर्मा ने भी गुरुवार को पर्चा दाखिल किया। इस दौरान उनके साथ अन्नपूर्णा देवी, यूपी के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी समेत भाजपा के तमाम बड़े नेता मौजूद थे। इसके पूर्व एक मई हजारीबाग से भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मौजूदगी में नामांकन पर्चा दाखिल किया। माले के विनोद सिंह ने भी कोडरमा लोस सीट से सोमवार को नामांकन दाखिल किया।

**कार-बाइक की टक्कर में दंपति...**

होमगार्ड जवान के घायल बेटे की स्थिति भी बेहद खराब है। पंकज कुमार चतरा के टंडवा सीडीपीओ के यहां ड्यूटी पर तैनात थे। बुधवार देररात टंडवा से ही रांची लौट रहे थे। तभी यह हादसा हुआ।






## तृणमूल ने स्टार प्रचारकों की सूची से कुणाल घोष का नाम हटाया



**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस ने बुधवार को पार्टी के राज्य महासचिव पद से हटाने के बाद गुरुवार को कुणाल घोष का नाम मौजूदा लोस चुनाव के लिए स्टार प्रचारकों की सूची से हटा दिया। तृणमूल ने गुरुवार को भारत निर्वाचन आयोग को लोस चुनाव के आगामी चरणों के लिए अपने स्टार प्रचारकों की सूची सौंपी, जिसमें घोष का नाम नहीं था। हालांकि, घोष का नाम लोस चुनाव के शुरूआती चरणों के लिए पार्टी के स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल था।

### राजनीतिक दलों के लिए चुनाव आयोग की एडवाइजरी जारी

# सर्वे की आड़ में वोटर्स की जानकारी लेना बंद करें

**एजेंसी। नई दिल्ली**

लोकसभा चुनाव लड़ रहे राजनीतिक दलों को चुनाव आयोग ने एक एडवाइजरी जारी की है। आयोग ने जारी अपनी एडवाइजरी में सख्त हिदायत दी है कि वो सर्वे के नाम पर मतदाताओं से चुनाव के बाद फायदे वाले स्कीम से जुड़ा पंजीकरण कराना बंद करें। आयोग का मानना है कि ऐसे सर्वे से वोटिंग प्रभावित होती है।

चुनाव आयोग ने कहा है कि इस तरह की गतिविधियों को गंभीरता से लिया गया है। पार्टियां और उम्मीदवार सर्वे की आड़ में मतदाताओं का विवरण मांग रहे हैं। इसे तुरंत बंद कर देना चाहिए। आयोग ने कहा कि इसके जरिए मतदाताओं को पंजीकरण के लिए आमंत्रित किया जाता है जो एक तरह से प्रलोभन है। ऐसे मामले में चुनाव आयोग ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

**जिन गतिविधियों को तुरंत बंद करने का निर्देश दिया गया है वो इस प्रकार हैं**




- समाचार पत्रों में विज्ञापन के जरिए वोटर्स को मोबाइल पर मिस्ड कॉल देकर या टेलीफोन नंबर पर कॉल कर लाभ के लिए खुद को पंजीकृत करने के लिए कहना।
- गारंटी कार्डों के लिए पैम्फलेट द्वारा व्यक्तिगत लाभ चाहने वालों से उनका विवरण जैसे नाम, उम्र, पता, मोबाइल नंबर, बूथ संख्या, निर्वाचन क्षेत्र का नाम और संख्या आदि मांगना।
- मतदाताओं की जानकारी जैसे नाम, राशन कार्ड नंबर, पता, फोन नंबर, बूथ नंबर, बैंक खाता नंबर, मांगने वाले फॉर्म का वितरण कराना।
- वेब प्लेटफॉर्म या वेब/मोबाइल एप्लिकेशन का प्रचार या प्रसार का इस्तेमाल राजनीतिक दलों/उम्मीदवारों द्वारा करना और इसके जरिए मतदाताओं का विवरण जैसे नाम, पता, फोन नंबर, बूथ नंबर, निर्वाचन क्षेत्र का नाम और नंबर आदि मांगा जाना।
- लोगों से उन्हें मिल रही लाभकारी योजनाओं के साथ-साथ नाम, पति/पिता का नाम, संपर्क नंबर, पता आदि के बारे में जानकारी जुटाना।

## अमेरिकी आयोग की रिपोर्ट भारतीय चुनाव में हस्तक्षेप : विदेश मंत्रालय

**एजेंसी। नई दिल्ली**



विदेश मंत्रालय ने अमेरिका की ओर से जारी धार्मिक स्वतंत्रता रिपोर्ट को खारिज करते हुए कहा कि यह भारत की चुनावी प्रक्रिया में हस्तक्षेप है जो कभी सफल नहीं होगा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने साप्ताहिक पत्रकार वार्ता में अमेरिका के अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता आयोग की वर्ष 2024 की रिपोर्ट पर यह कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह आयोग पक्षपातीसंगठन है जिसका अपना राजनीतिक एजेंडा है। यह वार्षिक रिपोर्ट के बहाने भारत के खिलाफ दुष्प्रचार करता रहा है। हमें इस इस आयोग से यह उम्मीद नहीं है कि वह भारत के विविधतापूर्ण बहुलतावादी लोकतांत्रिक व्यवस्था को कभी समझने का प्रयास भी करेगा। उन्होंने कहा कि यह रिपोर्ट दुनिया के सबसे बड़े चुनावी आयोजन में हस्तक्षेप की कोशिश है जो कभी सफल नहीं होगी। प्रवक्ता से जब यह पूछा गया कि क्या वह अमेरिका पर चुनाव में हस्ताक्षर करने का आरोप लगा रहे हैं तो उन्होंने कहा कि इस रिपोर्ट के हर पेज पर नजर डालने से स्थिति स्वयं स्पष्ट हो जाती है।

## भाजपा नेता लोगों की समस्या पर नहीं पाक-चीन की बातें करते हैं : प्रियंका गांधी

**एजेंसी। चिरमिरी**

छत्तीसगढ़ के कोरबा संसदीय क्षेत्र के चिरमिरी में कांग्रेस उम्मीदवार ज्योत्सना महंत के समर्थन में आयोजित जनसभा में पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने भाजपा पर बड़ा हमला बोला।

उन्होंने कहा कि भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जनता की समस्याओं की बजाय पाकिस्तान और चीन की बातें करते हैं। छत्तीसगढ़ की अस्मिता और सम्मान को बढ़ाने के लिए कांग्रेस की ओर से की गई कोशिश को भाजपा ने पसंद नहीं किया। वर्तमान दौर में किस तरह की राजनीति हो रही है और किस तरह के नेताओं को बढ़ाया जा रहा है, यह हमारे सामने है।

उन्होंने आगे कहा कि चिरमिरी सहित अन्य क्षेत्रों में खुशहाली आए इसीलिए कोयला खदानों का



राष्ट्रीयकरण किया था। जिसकी वजह से हजारों लोगों को रोजगार मिला। वर्तमान में मजदूर विरोधी, किसान विरोधी राजनीति चल रही है। भाजपा नेता जाति की राजनीति करते हैं और बताते है कि देश में खुशहाली और अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है। दुनिया के प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति के भारत आने की बात करते हैं। जनता की सबसे बड़ी समस्याओं की बात मंचों पर नहीं हो रही है। इन मंचों पर जो बात होती है, वह बड़े-बड़े इवेंट की होती है, कोई जी-20 बोलता है, कोई पाकिस्तान की बात करता है, कोई चीन की बात करता है। आप जिन संघर्षों से गुजर रहे हैं, उनकी बात नहीं होती।

उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा में दो तरह के नेता हैं। एक जो सबसे भष्ट्र नेता हैं। उन सबको इकट्ठा करके अपनी पार्टी में ले लिया। जो दूसरी पार्टियो में भ्रष्ट थे, पहले उनके खिलाफ आरोप लगे और उन पर छापे मारे गए। उन पर दबाव डाला गया और अपनी पार्टी में ले लिया गया। जब उनकी पार्टी में आ गए तो वह पाक साफ हो गए। उनके खिलाफ कोई कार्रवाई और केस नहीं हुआ। सब चुपचाप से बंद किया गया। दूसरी तरफ वे नेता हैं, जो सिर्फ हवा-हवाई बातें करते हैं। जो आपकी बात नहीं करते। वो महंगाई की बात नहीं करेंगे, जो आपकी समस्याएं हैं।

# 'अब वोट जिहाद के लिए उकसा रहे कांग्रेसी'

### वोट जिहाद की बात कर लोकतंत्र और संविधान का अपमान किया

### तुष्टिकरण की नीति के तहत किसी कांग्रेसी ने इसका विरोध नहीं किया

**एजेंसी। वल्लभविद्यानगर**

भाजपा के शीर्ष नेता व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विपक्षी गठबंधन पर बाज की नजर बनाए हुए हैं। उनकी हर रणनीतिक गलती पर न सिर्फ जमकर प्रहार कर रहे हैं बल्कि इसे जनता के बीच लाकर जनबहस का मुद्दा भी बना रहे हैं। गुरुवार को गुजरात के आणंद में उन्होंने एक बार फिर कांग्रेस व इंडी गठबंधन के तुष्टीकरण की राजनीति और मानसिकता पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि ये लोग अब वोट जिहाद के लिए मुसलमानों को उकसा रहे हैं। इसके पहले तो आपने लव जिहाद और



लैंड जिहाद सुना होगा लेकिन गठबंधन ने किसी भी तरह सत्ता पाने की छटपटाहट में नया शब्द गढ़ा है। इंडी गठबंधन मुसलमानों को एकजुट होकर वोट देने को कह रही है। यह जिहाद किसके खिलाफ होता है, आप सभी अच्छी तरह जानते हैं। मोदी ने कहा कि इंडी गठबंधन ने लोकतंत्र के उत्सव में वोट जिहाद की बात कर लोकतंत्र और संविधान का अपमान किया है। कांग्रेस के एक भी नेता ने इसका विरोध नहीं किया है, उन्होंने इसकी मूक सहमति दी है। यह वोट जिहाद कांग्रेस की तुष्टिकरण की नीति को आगे बढ़ाती है।

### 1990 से पहले कांग्रेस ने ओबीसी के सभी प्रस्ताव ठुकराए

मोदी ने कहा कि 1990 से पहले कांग्रेस ने ओबीसी के लिए आए सभी प्रस्तावों को ठुकरा दिया। ओबीसी समाज अपने लिए ओबीसी आयोग को संवैधानिक दर्जा देने की मांग की लेकिन यह काम वर्ष 2014 के बाद ही हो पाया। इसी तरह कांग्रेस ने आदिवासी समाज की भी अवहेलना की है। अब जब उन्हें देश का काम सौंपा गया है तब उनका एक ही सपना है कि 2047 में जब भारत की आजादी का 100 वर्ष पूरा हो तो यह विकसित भारत होना चाहिए और अपना गुजरात भी विकसित होना चाहिए।

### कांग्रेस को दी तीन चुनौती

**पहली :** कांग्रेस देश को यह लिखित गारंटी दे कि वे संविधान बदल कर धर्म के आधार पर मुसलमानों को आरक्षण नहीं देंगे। देश को बांटने का काम नहीं करेगी।

**दूसरी :** कांग्रेस देश को लिखित दे कि वह एससी, एसटी और ओबीसी को मिलने वाले आरक्षण में सेंधमारी नहीं करेगी। उनका अधिकार नहीं छिनेगी, डाका नहीं डालेगी।

**तीसरी :** जिन जिन राज्यों में कांग्रेस और उनके साथियों की राजनीति है वे वोटबैंक की राजनीति नहीं करेंगे। वे ओबीसी का कोटा काटकर मुस्लिमों को आरक्षण नहीं देंगें।

### संविधान माथे पर रख नाचने वाले शहजादा दें जवाब

क्या इस देश में 75 साल तक हिंदुस्तान के सभी हिस्सों पर यह संविधान लागू होता था?

क्या मोदी के आने के पहले इस देश में दो संविधान, दो झंडे और दो पीएम नहीं थे?

क्या कांग्रेस राज में जम्मू-कश्मीर में हिन्दुस्तान का संविधान लागू होता था?

अनुच्छेद 370 की दीवार किसने बनाई थी?

हमने 370 जमींदोज कर सरदार पटेल को सबसे बड़ी श्रद्धांजलि दी है।

60 साल का कांग्रेस राज बनाम 10 साल भाजपा का सेवाकाल

कांग्रेस के समय गरीब 60 प्रतिशत ग्रामीण आबादी के पास टॉयलेट नहीं था।

10 साल में भाजपा सरकार ने इस देश में शत-प्रतिशत टॉयलेट बना दिए।

60 साल में कांग्रेस 3 करोड़ ग्रामीण घरों में नल से जल यानी 20 प्रतिशत से कम घरों में पहुंचाई पाई।

10 साल में यह संख्या 14 करोड़ घर हो चुकी है। यानी 75 फीसदी घरों में नल से जल पहुंचा है।

60 साल में कांग्रेस ने गरीबों के नाम पर बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया, लेकिन 60 साल में करोड़ों गरीब लोगों के बैंक खाते नहीं खोल पाई।

मोदी ने 10 साल में 50 करोड़ से अधिक जनधन जीरो बैंलेंस से खाते खोले।

कांग्रेस के पीएम अर्थशास्त्री थे, लेकिन गुजराती, चाय वाले ने देश की अर्थव्यवस्था 11वें से 5वें नंबर पर पहुंचा दिया।

## पीएम के 400 पार के आह्वान को सफल बनाएं : अनुप्रिया पटेल

### एनडीए के अगले कार्यकाल में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इकोनामी बनेगा भारत

**एजेंसी। मीरजापुर**

कछवा क्षेत्र के बाड़ापुर, चिड़िया, नारायनपुर तथा सबेसर गांव में भाजपा और अपना दल कार्यकर्ताओं की समन्वय बैठक में गुरुवार को केंद्रीय राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 400 पार का आह्वान आप कार्यकर्ताओं के बल पर ही किया है। लक्ष्य जरूर बड़ा है परंतु इस लक्ष्य पर काम आप कार्यकर्ताओं को करना है। समन्वय बैठक में उन्होंने कहा कि 400 पार में उत्तर प्रदेश की बड़ी भूमिका है।

इसमें एक सीट मीरजापुर की भी है। अपना दल और भाजपा के कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी बनती है कि वोट प्रतिशत बढ़ाएं। आप




सभी कार्यकर्ताओं के पास विकास के नाम पर बताने के लिए बहुत सी सामग्री है जैसे मीरजापुर में छह लेन के पुल का शिलान्यास, बरैनी-भटौली तथा चुनार गंगा पुल, मीरजापुर में कई पांटून पुल, मेडिकल कॉलेज, उज्वला योजना आदि।

एनडीए के अगले कार्यकाल में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बनने जा रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि लोगों के बीच में जाएं और सभी लोगों को बूथ तक पहुंचाकर अधिक से अधिक मतदान कराएं।

## दो चरण के चुनाव के बाद दूरबीन से भी नजर नहीं आ रही कांग्रेस : अमित शाह

**एजेंसी। बरेली**

गृह मंत्री अमित शाह ने बरेली से भाजपा प्रत्याशी छत्रपाल गंगवार के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने निशाना साधते हुए कहा कि दो चरण के चुनाव के बाद कांग्रेस पार्टी दूरबीन से भी नजर नहीं आ रही है। उन्होंने कहा कि हमारे सामने इंडी गठबंधन चुनाव लड़ रहा है। इनके शहजादे राहुल गांधी ने चुनाव की शुरूआत 'भारत जोड़ो यात्रा' से की थी, मगर, 4 जून के बाद 'कांग्रेस ढूंढ़ो यात्रा' से इनका समापन होने वाला है। उन्होंने आगे कहा कि दस साल तक केंद्र में सोनिया गांधी और मनमोहन सिंह की सरकार थी, जिन्होंने दस साल में यूपी को मात्र चार लाख करोड़ रुपए दिए थे। मोदी सरकार ने 10 साल में यूपी को 18 लाख करोड़ रुपए दिए हैं। सपा के शासन में पूरे



उत्तर प्रदेश में देशी कट्टे बनाने के कारखाने थे। आज कट्टों की जगह, उत्तर प्रदेश में तोप और मिसाइल बनाने का कारखाना लगा, जो पाकिस्तान पर गोले बरसाएगा। उन्होंने कहा कि यहां पर वाहन चोरी का कुटीर उद्योग चलता था, आज भाजपा के शासन में वाहन बनाने का फैक्ट्रियां लग रही हैं। यहां के बेरोजगार युवा चेन स्नेचिंग कर रहे थे, आज यूपी में मेडिकल डिवाइस बन रही है। 2010 और 2012 में बरेली में भीषण दंगे हुए, लेकिन, कांग्रेस और सपा वाले बरेली वालों के साथ नहीं थे। 2017 में आपने भाजपा की सरकार बनाई और भाजपा ने योगी आदित्यनाथ को मुख्यमंत्री बनाया। इतने कम समय के अंदर सीएम योगी ने यूपी को दंगामुक्त कर दिया। उन्होंने कहा कि सपा मुखिया अखिलेश यादव, कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को राम मंदिर के लिए निमंत्रण भेजा गया, लेकिन, इनमें से कोई नहीं गया। इनको डर था कि वहां जाएंगे तो वोट बैंक खिसक जाएगा। ये लोग हमेशा तुष्टीकरण की राजनीति करते हैं। मोदी सरकार ने बीते दस सालों में देश के गरीबों को आगे बढ़ाने का काम किया। 80 करोड़ गरीबों को प्रति व्यक्ति, प्रति माह मुफ्त राशन दिया जा रहा है। 12 करोड़ गरीब माताओं के लिए शौचालय बनाकर उनके सम्मान की रक्षा की जा रही हैं।

### भाजपा ने रायबरेली से दिनेश प्रताप, कैसरगंज से बृज भूषण की जगह बेटे करण भूषण को दिया टिकट



**नई दिल्ली।** भाजपा ने उत्तर प्रदेश के रायबरेली और कैसरगंज लोकसभा क्षेत्रों से गुरुवार को अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी। पार्टी ने रायबरेली से दिनेश प्रताप सिंह और कैसरगंज से सांसद बृज भूषण शरण सिंह की जगह उनके बेटे करण भूषण सिंह को उम्मीदवार बनाया है। इन सीटों पर पांचवें चरण में 20 मई को मतदान होगा। दोनों सीटों पर नामांकन दाखिल करने की अंतिम तारीख 03 मई है। पांचवें चरण में रायबरेली, कैसरगंज, अमेठी समेत देशभर की 49 सीटों पर मतदान होगा।

## चिराग पासवान ने हाजीपुर और राजीव प्रताप रूडी ने सारण से भरा नामांकन पत्र



**पटना।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और सारण से भाजपा प्रत्याशी राजीव प्रताप रूडी तथा हाजीपुर से लोजपा (रामविलास) के प्रत्याशी चिराग पासवान ने नामांकन पर्चा दाखिल किया। नामांकन पत्र भरने के पहले दोनों नेताओं ने पूजा-अर्चना की। सारण लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी राजीव प्रताप रूडी के नामांकन पत्र दाखिल करने के समय उनके साथ उनकी पत्नी और दोनों बेटी मौजूद थी। रूडी नामांकन पत्र भरने के पहले शिवालय गए और भगवान महादेव का आशीर्वाद लिया। इसके बाद एक रोड शो में शामिल हुए। पत्रकारों से चर्चा के दौरान रूडी ने राजद पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ लोग संविधान बदलने की अफवाह फैलाकर वोट पाना चाह रहे हैं, जो सरासर गलत है। जनता सब जानती है। नामांकन के बाद राजेंद्र स्टेडियम में जनसभा हुई, जिसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत कई बड़े नेता शामिल हुए। सारण लोकसभा सीट पर पांचवें चरण के तहत 20 मई को मतदान होने वाला है। राजद ने इस सीट से रोहिणी आचार्य को मैदान में उतारा है। रोहिणी आचार्य अपना नामांकन पहले ही दाखिल कर चुकी हैं। रोहिणी आचार्य पहली बार चुनाव में अपनी किस्मत आजमा रही हैं।

### कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट से नवीन जिंदल ने पर्चा भरा, सीएम नायब सिंह सैनी रहे मौजूद



**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार नवीन जिंदल ने गुरुवार को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की मौजूदगी में अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया। नवीन जिंदल ने पर्चा दाखिल करने से पहले परिवार के सदस्यों के साथ पूजा, हवन व यज्ञ का आयोजन किया। इसके बाद वह नामांकन पत्र दाखिल करने रवाना हो गए। इस दौरान उनके साथ हरियाणा सीएम नायब सिंह सैनी भी थे।

### उमर ने बारामूला लोस सीट से पर्चा भरा



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने गुरुवार को बारामूला लोकसभा सीट से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। उमर ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और समर्थकों के साथ बारामूला के जिला विकास आयुक्त के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

# देरी से मतदान के आंकड़े जारी करने पर तेजस्वी ने उठाए सवाल

**एजेंसी। पटना**

राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव ने देरी से मतदान के आंकड़े जारी किए जाने पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि पहले मतदान के आंकड़े रात 9 बजे तक आ जाया करते थे, लेकिन अब इसमें देरी हो रही है। यही नहीं, आंकड़ों में भी बार-बार फेरबदल किया जा रहा है, जिससे यह प्रतीत होता है कि दाल में जरूर कुछ काला है। उन्होंने आगे कहा, चुनाव अधिकारियों को इसे लेकर पूरी पारदर्शिता रखनी चाहिए कि कहां



कितनी वोटिंग हुई है। पहले आंकड़े समय पर जारी कर दिए जाते थे, मगर अभी जिस तरह से देरी हो रही है, उससे कहीं ना कहीं गंभीर सवाल पैदा होते हैं। इसके अलावा, तेजस्वी ने पीएम मोदी पर महंगाई और बेरोजगारी को लेकर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा, 2014 के चुनाव प्रचार में प्रधानमंत्री मोदी महंगाई और बेरोजगारी पर कितना बोलते थे, लेकिन अब वह बेरोजगारी का 'ब' तक नहीं बोल पा रहे हैं। पहले गैस सिलेंडर की क्या कीमत थी? और अब इसकी कीमत क्या है। पीएम मोदी नौकरी पर कुछ नहीं बोल रहे हैं। वो अब मुद्दाविहीन राजनीति करने पर उतारू हो चुके हैं।

### झूठ बोलना बंद करें तेजस्वी, नहीं तो करूंगा कानूनी कार्रवाई : चिराग पासवान

**हाजीपुर।** लोजपा (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान ने राजद नेता तेजस्वी यादव को कानूनी कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। चिराग पासवान ने गुरुवार को कहा कि तेजस्वी मेरे बारे में झूठा भ्रम फैलाना बंद कर दें। तेजस्वी यादव अपनी सभाओं में कहते हैं कि चिराग पासवान ने संपन्न दलितों का आरक्षण समाप्त करने की बात की है। उन्होंने तेजस्वी यादव को चुनौती देते हुए कहा कि मेरा यह बयान ऑन रिकॉर्ड मुझे दिखा दें और नहीं दिखा सकते हैं तो झूठ बोलना बंद कर दें, नहीं तो मुझे कोई न कोई कार्रवाई करनी पड़ेगी।

### उमेश कुशवाहा का तेजस्वी पर पलटवार, इन लोगों के पास कोई मुद्दा नहीं

**पटना।** जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने तेजस्वी यादव पर पलटवार किया है। उन्होंने गुरुवार को मुख्यमंत्री नीतीश और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जोड़ी को करिश्माई बताया। बीते दिनों तेजस्वी ने आरोप लगाया था कि आखिर नीतीश कुमार आरक्षण पर क्यों कुछ नहीं बोल रहे हैं? उमेश कुशवाहा ने तेजस्वी के इस आरोप पर कहा, नीतीश कुमार ही हैं, जिन्होंने जातिगत जनगणना कराने के अपने विचार को मूर्त रूप दिया और आरक्षण की सीमा बढ़ाया। कहा, इन लोगों के पास कोई मुद्दा नहीं बचा है, इसलिए ये मुद्दाविहीन राजनीति कर रहे हैं।

